श्रीमद्विठ्ठलेश्वरप्रभुचरणविरचिताः

भक्तिहेतुनिर्णयः

भक्तिहंसः

षड्विंशतिपत्राणि

श्रीरामनवमीनिर्णयः

श्रीमद्विट्ठलेश्वरप्रभुचरणविरचिताः

भक्तिहेतुनिर्णयः

भक्तिहंसः

षड्विंशतिपत्राणि

श्रीरामनवमीनिर्णयः

प्रकाशक : श्रीवल्लभविद्यापीठ-श्रीविट्ठलेशप्रभुचरण आ.हो.ट्रस्ट,
वैभव को-ऑपरेटिव सोसायटी,
पुणे-बेंगलोर रोड़, कोल्हापुर,
महाराष्ट्र. ४१६ ००८.

सम्पादक : गोस्वामी श्याम मनोहर
६३, स्वस्तिक सोसायटी,
जुहु चौथा रस्ता, विलेपार्ले,
मुम्बई.

प्रथमसंस्करण : श्रीप्रभुचरणप्राकट्योत्सव वि.सं.२०७८,
श्रीवल्लभाब्द ५४४. ई.व. २०२१

प्रति : ५००

निःशुल्कवितरणार्थ

मुद्रक : पूर्वी प्रेस,
१, लोहनगर, गोंडल रोड़,
राजकोट.

श्रीवल्लभाचार्य ट्रस्ट, मांडवी–कच्छ

ग्रन्थप्रकाशन :

साम्प्रदायिक परीक्षाकी पाठ्यपुस्तकें:

प्रवेशिका, ले. : गो.शरद् (गुजराती)	१०	प्रवेशिका, ले. : गो.शरद् (हिन्दी)	नि:शुल्क
प्रवेशिका, ले. : गो.शरद् (अंग्रेजी)	नि:शुल्क	पुष्टिप्रवेश १–२ ले. : गो.शरद् (गुज)	२०
पुष्टिप्रवेश–१–२, ले. : गो.शरद् (हिन्दी)	१०	पुष्टिपथ, ले. : गो.शरद् (गुजराती)	३०
पुष्टिपथ, ले. : गो.शरद् (हिन्दी)	२०	प्रमेयरत्नसंग्रह, ले. : गो.शरद् (गुजराती)	५०
Manual of the Devotional Path of Pushti, गो.शरद्			६५

साम्प्रदायिक विचारगोष्ठी

वार्तापरिचर्चा	अप्राप्य	साधनाप्रणाली संगोष्ठी	अप्राप्य
अधिकारपरिचर्चा	दुर्लभ	पुष्टिभक्तिमें कथासाधना संगोष्ठी	अप्राप्य
शरणागति विचारगोष्ठी	५०	सेवा–समर्पण विचारगोष्ठी	५०
पुष्टिभक्ति तथा प्रपत्तिमें प्रतिबन्ध	१००	जघन्याधिकार विचारगोष्ठी	८०
पुष्टिफलमीमांसा	१००		
पुष्टिअस्मिता संवर्धन शिविर, राष्ट्रीय संमेलन, भरूच			२५
पुष्टिसिद्धान्तचर्चासभा (विस्तृत–संक्षिप्तविवरण)			१००

तत्त्वदर्शन विषयक राष्ट्रीय सेमिनार

शब्दखण्डीया विद्वत्परिचर्चा	२००	अन्यख्यातिवादीया विद्वत्सङ्गोष्ठी	१५०
कार्यकारणभावविद्वत्सङ्गोष्ठी	२००	प्रत्यक्षप्रमाण विद्वत्सङ्गोष्ठी	१५०
अन्धकारवादीया विद्वत्सङ्गोष्ठी	२००		
वाल्लभवेदान्त निबन्धसंग्रह, लेखक : गो. श्रीश्याम मनोहरजी			नि:शुल्क

नित्यस्तोत्रपाठ:

पुष्टिपाठावली (हिन्दी)	२०	पुष्टिपाठावली (गुजराती)	२०
पुष्टिपाठावली (गुजराती) पोकेट साईझ			१०
पुरुषोत्तमसहस्रनाम–त्रिविधलीलानामावली(गुर्जरभाषानुवाद)			२०

सन्दर्भग्रन्थ:

पुष्टिविधानम् पादानुक्रमणिका			१०
Summary of Shuddhadvaita Vangmaya, लेखक: गो.शरद			१५
अमृत वचनावली (गुजराती)	नि :शुल्क	अमृत वचनावली (हिन्दी)	नि:शुल्क

अध्ययनोपयोगी ग्रन्थ:

पुष्टिविधानम्–२(व्याकरणम्) श्रीवल्लभाचार्य–श्रीगोपीनाथजी–श्रीगुसांईजी विरचित
२६ ग्रन्थोंका पदच्छेद–अन्वय– शब्दपरिचय–वृत्तिपरिचय १००

पुष्टिविधानम्–३ (व्रजभाषा) श्रीवल्लभाचार्य–श्रीगोपीनाथजी–श्रीगुसांईजी विरचित
२६ ग्रन्थोंका शब्दार्थ–श्लोकार्थ–विवेचन–पादानुक्रमणिका १५०

तत्त्वार्थदीपनिबन्धान्तर्गत शास्त्रार्थप्रकरणम्, (व्रजभाषाटीका) साधारण/राजसंस्करण ५०/७०

तत्त्वार्थदीपनिबन्धान्तर्गत सर्वनिर्णयप्रकरणम् (व्रजभाषाटीका) साधारण/राजसंस्करण ८०/१००

श्रीभागवतमहापुराण(गुर्जरभाषानुवाद) अनु : गो.वा.श्रीकल्याणजी कानजी शास्त्री ५००
श्रीमद्भगवद्गीता, गुर्जरभाषानुवाद, अनुवादक: गो.वा.श्रीनानुलाल गांधी
श्लोकार्थ-विवेचन-पादानुक्रमणिका. गीतातात्पर्य-न्यासादेशविवरण सहित ५०
विवेकत्रयम्, प्रपञ्च-जीव-मूलरूप (संस्कृत) १०
गृहसेवा और व्रजलीला(व्रजभाषा)व्याख्यात: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
गृहसेवा अने व्रजलीला(गुजराती)व्याख्यात: गो.श्रीश्याम मनोहरजी अप्राप्य
सेवा[हिन्दी] (ऋतु-उत्सव-मनोरथ) व्याख्याता: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
सेवा[गुज.] (ऋतु-उत्सव-मनोरथ) व्याख्याता: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेद, व्याख्यात: गो.श्रीश्याम मनोहरजी(गुजराती) अप्राप्य
श्रीकृष्णचरित्र (दशमस्कन्ध गुर्जरभाषा-भावानुवाद) अनु : गो.वा.श्रीनानुलाल गांधी अप्राप्य
रसदृष्टिनी तरफेणमां(गुजराती), लेखक : गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
सिद्धान्तनुं आचमन, प्रश्नोत्तर (गुज.) उत्तरदाता: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
ब्रह्मवाद (हिन्दी) लेखक: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
सेवाकौमुदी[(हिन्दी)],विषय: नवधाभक्ति, लेखक: श्रीलालूभट्टजी. व्याख्याता:गो.श्रीश्या.म. अप्राप्य
भक्तिवर्धिनी(गुज.), व्याख्याता: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
षोडशग्रन्थगत उपदेशो अने तेमनी २८ वार्ताओ, लेखक: श्रीभूपेन्द्र भाटीया अप्राप्य
षोडशग्रन्थगत उपदेशो अने तेमनी ६४ वार्ताओ, लेखक: श्रीभूपेन्द्र भाटीया अप्राप्य
कृष्णाश्रय, श्रीकल्याणरायजी विरचित संस्कृत टीकानो गुजराती अनुवाद अप्राप्य
जिन श्रीवल्लभरूप न जान्यो (गुजराती) गो.श्रीश्याम मनोहरजी लिखित श्रीवल्लभ
महाप्रभुस्तोत्राणि ग्रन्थकी विस्तृत हिन्दी भूमिकाका गुर्जरभाषानुवाद तथा सौंदर्यपद्य, सर्वोत्तमस्तोत्र, वल्लभाष्टक, स्फुरत्कृष्णप्रेमामृत, श्रीहरिरायचरण रचित श्रीवल्लभस्तोत्र, पंचश्लोकी, शिक्षाश्लोकी आदि ग्रन्थोंकी टीकाओंका गुजराती अनुवाद. ७०
पुरुषोत्तमग्रन्थावली-५(द्रव्यशुद्धि-व्रतोत्सवनिर्णय-अपराधनिरूपण)(संस्कृत-गुज.-हिन्दी) १००
पुरुषोत्तमग्रन्थावली-६(उपनिषद्-गीताविवृति) संस्कृत २००
श्रीभागवत तृतीयस्कन्ध सुबोधिनी प्रथम खंड (अध्याय १-१९) संस्कृत २००

इतिहास

श्रीगोपीनाथप्रभुचरण, जीवनचरित्र-ग्रन्थ-हस्ताक्षर (गुज.-हिन्दी) २५
आधुनिक न्यायप्रणाली अने पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणालीनो आपसी टकराव[गुज.],
लेखक: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क
आधुनिक न्यायप्रणाली और पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणालीका आपसी टकराव[हिन्दी.],
लेखक: गो.श्रीश्याम मनोहरजी निःशुल्क

श्रीभागवतसुबोधिनीका गो.वा.श्रीनानुलाल गांधी कृत गुर्जरभाषानुवाद

प्रथमस्कन्ध	१००	द्वितीयस्कन्ध	१००
तृतीयस्कन्ध (१-२)	४००	दशमस्कन्ध(जन्मप्रकरण)	१५०

चित्र

महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य	निःशुल्क	श्रीगोपीनाथप्रभुचरण	निःशुल्क
महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य-श्रीगोपीनाथप्रभुचरण-श्रीविट्ठलनाथप्रभुचरण			निःशुल्क

गोशाला : मांडवी-कच्छ में प्राकृतिक वातावरणमें गोपाल गोशाला.

जीर्णोद्धार : तृतीय लालजी श्रीबालकृष्णजीके बैठकजी, गाम : विंजाण-कच्छ

।। श्रीवल्लभाचार्य विद्यापीठ ।।

। संस्कृत, शास्त्र और सम्प्रदाय के अध्ययनके लिए समर्पित पुष्टिमार्गीय केन्द्र ।

अध्ययनोपयोगी ग्रन्थालय, अध्ययनकक्ष, निवास, भोजन, अध्यापक आदि अत्यावश्यक सुविधाओंसे सुसज्ज.

पता : २६, श्रीवल्लभाचार्य नगर, रेफरल् होस्पिटल्के पीछे, हालोल, जि.पंचमहाल, गुजरात-३८९३५०. फोन : 02676-225171

व्होट्स्एप द्वारा श्रीवल्लभाचार्य विद्यापीठ तथा पुष्टिमार्ग सम्बन्धी महात्वपूर्ण जानकारीयां प्राप्त करनेकेलिए सम्पर्क करें : विद्यापीठ : 02676-225171

http://www.vallabhacharyavidyapeeth.org/
http://www.pushtimarg.net/

टेलि कोन्फरन्स्-पुष्टिस्वाध्याय : सप्ताहके प्रायः सभी दिन आबाल-वृद्ध सभी पुष्टिमार्गीओं केलिये सम्प्रदायके मूल ग्रन्थोंका अध्यापन विद्वान् आचार्यवंशजों द्वारा टेलिफोनिक कोन्फरन्स् के माध्यमसे होता है. **सम्पर्क:** विद्यापीठ : 02676-225171, नीरजभाई(यु.एस्.ए.):+7325424165. gosharad@rediffmail.com

Subscribe us on You Tube **'Pushtiswadhyay'**

Like our page on Facebook : Sri Vallabhacharya Vidyapeeth

Pushti-Vidya **'पुष्टिविद्या' मोबाईल् एप्लिकेशन् :** आधुनिक संसाधनों का उपयोग करने वाले पुष्टिमार्गी तथा पुष्टिमार्गमें रुचि रखनेवाले जिज्ञासु जनोंको पुष्टिमार्गका यथार्थ परिचय करानेके उद्देश्य से प्रस्तावित की गई है। इसमें पुष्टिमार्गीय टीप्पणी (कैलेंडर), उत्सवोंका परिचय, सिद्धान्तसूक्तियाँ, कीर्तन, प्रवचन, ग्रंथों का अध्यापन, सिद्धांत सम्मत प्रणालीसे आयोजित होते कार्योंकी जानकारी, टेलीफोनिक कॉन्फरेन्ससे होते नित्य पुष्टिस्वाध्याय की जानकारी, उनकी रेकॉर्डिंगक तथा उनकी लिंक आदि विषय इस एप्लिकेशनमें क्रमिक रूपसे उपलब्ध कराये जायेंगे।

गोस्वामी श्रीश्याम मनोहरजीद्वारा सम्पादित-पुनर्मुद्रित

शुद्धाद्वैत पुष्टिभक्ति सम्प्रदायके मूल संस्कृत ग्रन्थ

१. सव्याख्यषोडशग्रन्थ संयुक्तप्रकाशन, दुर्लभ
   - खंड १. श्रीयमुनाष्टकम् से सिद्धान्तरहस्यम्
   - खंड २. नवरत्नम् से भक्तिवर्धिनी
   - खंड ३. जलभेदः से सेवाफलम्

ष. प्रकाश-रश्मि सहित ब्रह्मसूत्राणुभाष्यम्
   - खंड १. प्रथमाध्याय नाथद्वारा टेम्पलबोर्ड, अतिदुर्लभ
   - खंड २. प्रथमाध्याय नाथद्वारा टेम्पलबोर्ड, अतिदुर्लभ
   - खंड ३. द्वितीयाध्याय
   - खंड ४. तृतीयाध्याय
   - खंड ५. चतुर्थाध्याय

३. श्रीमद्भागवतसुबोधिनी
   - खंड १. प्रथम (प्रथम खंड. अध्याय १-८)
     तृतीयस्कन्ध (दो खंड) श्रीवल्लभाचार्य ट्रस्ट(मांडवी) द्वारा प्रकाशित.
   - खंड ४. जन्मप्रकरण
   - खंड ५. तामसप्रमाणप्रकरण
   - खंड ६. तामसप्रमेय-साधनप्रकरण
   - खंड ७. तामसफलप्रकरण
   - खंड ८. राजसप्रमाण-प्रमेयप्रकरण
   - खंड ९.राजससाधन-फलप्रकरण
   - खंड १०.सात्त्विकप्रमेयसाधनफलप्रकरण
   - खंड ११. गुणप्रकरण तथा यावत्प्राप्य एकादशस्कन्ध

४. तत्त्वार्थदीपनिबन्ध
   - खंड १. शास्त्रार्थ-सर्वनिर्णयप्रकरण
   - खंड २. भागवतार्थप्रकरण स्कन्ध १-५
   - खंड ३. भागवतार्थप्रकरण स्कन्ध ६-१ष

५. सव्याख्यषड्ग्रन्थाः संयुक्तप्रकाशन, दुर्लभ

६. वेदान्ताधिकरणमाला-भावप्रकाशिका

७. विविधविवरणोपेत पत्रावलम्बनम्

८. प्रस्थानरत्नाकर

९. विद्वन्मण्डनम्

१०. श्रीबालकृष्णग्रन्थावली

११. श्रीवल्लभमहाप्रभुस्तोत्राणि

१२. श्रीपुरुषोत्तमप्रतिष्ठाप्रकार (हिन्दी-गुजराती)

१३. वल्लभाख्यान (सप्रटीकोपेत) (हिन्दी)

१४. पुष्टिविधानम्[गुजरातीपाठाली, ब्रज तथा संस्कृत संस्करण]

१५. वादावली

ब्रह्मवाद, वादकथा, विग्रहवाद, प्रपंचवाद, प्रपंचसंसारभेदवाद, ब्रह्मजीवतदैक्यस्वरूपनिरूपणम्, विरुद्धधर्माश्रयत्वविवेचनम्, आत्मवादः, प्रश्नोत्तरसाहस्रीपर्यालोचनम्, प्रश्नोत्तरसाहस्रीचर्चित-प्रकृत्यधिकरण-समालोचनम्, केवलाद्वैतवादाभिमताविद्यास्वरूपविमर्शः, अक्षरपुरुषोत्तम-द्वैतनिरासवादः

१६. अवतारवादावली

खंड २. भेदाभेदवाद,सृष्टिभेदवाद,आविर्भावतिरोभाववाद,ख्यातिवाद,प्रतिबिम्बवाद, अन्धकारवाद.

खंड ३. ब्राह्मणत्वादिदेवतावादः, जीवव्यापकत्वखण्डनवाद, जीवप्रतिबिम्बत्व-खण्डनवादः, भागवतस्वरूपविषयकशंकानिरासवादः,उपदेशादिविषयकशंकानिरासवादः,भगवत्प्रतिकृति-पूजनवादः, ऊर्ध्वपुण्ड्रधारणवादः, तुलसीमालाधारणवादः, शंखचक्रधारणवादः, भक्तिरसत्ववादः, भक्त्युत्कर्षवादः, नामफलादिप्रकारवादः, जयश्रीकृष्णोच्चारणवादः, स्ववृत्तिवादः, वस्त्रादिसेवावादः, मूर्तिपूजनवादः, भागवतपाठादेः शंकानिरासवादः.

१७. सत्सिद्धान्तमार्तण्डः. भारतमार्तण्ड-पञ्चनदी श्रीगोवर्धन(गट्टुलाल)शर्मा विरचित.

१८. वेदान्तचिन्तामणी. भारतमार्तण्ड-पञ्चनदी श्रीगोवर्धन(गट्टुलाल)शर्मा विरचित.

१९. प्राभञ्जन-मारुतशक्ति. भारतमार्तण्ड-पञ्चनदी श्रीगोवर्धन(गट्टुलाल)शर्मा विरचित.

२०. श्रीमत्प्रभुचरणकृतग्रन्थाः.

२१. श्रीमत्प्रभुचरणकृताः स्तोत्रवज्ञप्तयः.

२२. श्रीमद्भगवद्गीताध्यायप्रतिपाद्यसंक्षेप. लेखक : गो.श्या.म.

२३. लघुग्रन्थसंग्रह १-२. लेखक : गो.श्या.म.

४क्र.१, ष तथा ४/१, ४/ष को छोड कर सभी ग्रन्थ श्रीवल्लविद्यापीठ-श्रीविट्ठलेश्वर-प्रभुचरण आ.हो.ट्रस्ट (कोल्हापुर) द्वारा प्रकाशित.

२४. वाल्लभवेदान्त निबन्धसंग्रह (हिन्दी) २५. पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेद (गुजराती)

२६. विवेक (हिन्दी-गुजराती) २७. विशोधनिका (चार खंड) (गुज-हिन्दी)

२८. पुरुषोत्तमयोग (गुजराती-हिन्दी) २९. नवरत्नम् (गुजराती)

३०. नवरत्नोपदेशका मानस विश्लेषण (हिन्दी-गुजराती)

३१. श्रीयमुनाष्टकम् (हिन्दी-गुजराती) ३२. सिद्धान्तनुं आचमन (गुजराती)

३३. सिद्धान्तसूक्ति (गुजराती) ३४. भगवद्गीतासु भक्तियोग (हिन्दी-गुजराती)

३५. पुरुषार्थव्यवस्था (हिन्दी-गुजराती-अंग्रेजी) ३६. चतुःश्लोकी(हिन्दी)

३७. रसदृष्टिनी तरफेणमां(हिन्दी-गुजराती)३८. गृहसेवा और ब्रजलीला(गुजराती-हिन्दी)

३९. सेवा : ऋतु-उत्सव-मनोरथ (हिन्दी-गुजराती)

४०. ब्रह्मवाद (वादावली सम्पादकीय) ४१. सेवाकौमुदी/नवधाभक्ति (हिन्दी)

४२. चिरकुट चर्चा समीक्षा (हिन्दी-गुज) ४३. पुष्टिमार्गीय पीठाधीश स्वरूप और कर्तव्य

४४. अणुभाष्य(साधनफलाध्याय) भूमिका (गुज.)

४५. श्रीवल्लभाचार्यके दर्शनका यथार्थ स्वरूप

४६. शरणागतिविचारगोष्ठी एक पूरक प्रश्नोत्तरी (गुजराती)
४७. धर्म-अर्थ-काम-मोक्षकी पुष्टिमार्गीय विवेचना(हिन्दी-गुजराती)
४८. भगवत्सेवानो सिद्धान्तशुद्ध प्रकार: एक प्रश्नोत्तरी (गुजराती)
४९. साकारब्रह्मवाद (तत्त्वचिन्तन भक्ति और संस्कृति विमर्श) (हिन्दी)
५०. तत्त्वार्थदीपनिबन्धान्तर्गत शास्त्रार्थप्रकरणोपक्रम(गुज.)
५१. तत्त्वार्थदीपनिबन्धान्तर्गत संक्षिप्त शास्त्रार्थ-सर्वनिर्णयप्रकरण तथा विवेकधैर्याश्रय, नवरत्न, सिद्धान्तमुक्तावली एवं भक्तिवर्धिनी का गुजराती अनुवाद-विवेचन(गुज.)
५२. वार्तान्की सैद्धान्तिक संगति (वार्ता : गदाधरदास-महावनकी क्षत्राणी-दिनकरदास शेठ-दिनकरदास मुकुंददास)
५३. श्रीदामोदरदासजी-श्रीकृष्णदास मेघनजी : वार्ताविवेचना. (हिन्दी-गुजराती)
५४. श्रीवल्लभाख्यान : श्रीमद्भागवतको प्रारूप और श्रीवल्लभाख्यान
५५. सूक्तित्रय : सिद्धान्त, उत्सव, भक्ति.
५६. वचनामृतत्रय (श्रीमन्महाप्रभुश्रीवल्लभवचनामृत, श्रीमद्प्रभुचरण-गोस्वामि-विट्ठलनाथ-वचनामृत, श्रीवल्लभ(श्रीगोकुलनाथ)वचनामृत)
५७. पुष्टिभक्तिका व्यापारीकरण (कुशंका, खिलवाड-समाधान)
५८. ब्राह्मिक याथार्थ्य और ब्रह्मवाद की नानावादानुरोधिता (लघुग्रन्थसंग्रह-२)
५९. पुष्टिमार्गकी आचार्यत्रयी
६०. अमृतका आचमन
६१. कृष्णएव तात्पर्यम्
६२. अहंकारमीमांसा १,२ (हिन्दी-गुजराती)
६३. मूलाचार्यवाणी (सुबोधिनी तथा अणुभाष्य)
६४. षोडशग्रन्थ परिचय
६५. भक्तिवर्धिनी (सूक्तिसंकलन)
६६. आधुनिक न्यायप्रणाली एवं पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणलीका आपसी टकराव (हिन्दी-गुजराती)
६७. सिद्धान्तवचनावली
६८. अणुभाष्य (संक्षिप्त अनुक्रमणिका)
६९. पुष्टिमार्गीय स्वयंशिक्षक
७०. जिन श्रीवल्लभरूप न जान्यो
७१. आत्मकथा : श्रीकृष्णस्वरूपानन्द सरस्वतीनी.
७२. जयन्त कागना अनेक जन्मोनी कथा (लघु नाटक)
७३. श्रीमद् भागवत पूजन (गुजराती)
७४. शिक्षाश्लोका (गुजराती)
७५. भक्तिवर्धिनी (पीपरीया)(गुजराती)
७६. गोपीगीत सुबोधिनी (सविवरण)
७७. नलकूबेरमणिग्रीवकृतस्तुति(सविवरण)
७७. भक्तिरस
७८. वार्तान्कीसैद्धान्तिक संगति : राणाव्यास
७९. सुबोधिन्या (प्रथम स्कन्ध, तृतीय स्कन्ध)

सम्पर्क : गोस्वामी श्रीश्याम मनोहरजी, व्रजकमल, ६३ स्वस्तिक सोसायटी,
४था रास्ता, जुहु स्कीम, विलेपार्ले(पश्चिम) मुम्बई-५६
विडियो/ओडियो प्रवचन और उपरोक्त प्राप्य ग्रंथो के लिये संपर्क करे : पुष्टि अस्मिता संवर्धन केन्द्र,
२१४, अमरदिप कोम्पलेक्ष, २-रजपुतपरा, राजकोट-१. मो. ९४२७४ ९५१५९

॥श्रीकृष्णाय नमः॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः॥

प्रकाशकीय

श्रीमद्विट्ठलनाथ प्रभुचरण विरचित मौलिक साहित्यके प्रकाशनके अन्तर्गत सर्वप्रथम [१]विद्वन्मण्डन [२]श्रीवल्लभमहाप्रभुस्तोत्राणि [३]पुरुषोत्तमप्रतिष्ठाप्रकार [४]स्तोत्रविज्ञप्तयः [५]लघुग्रन्थाः के पुनर्मुद्रण-प्रकाशनके बाद [६-७-८]भक्तिहेतुनिर्णय भक्तिहंस तथा प्रभुचरणानां स्वकीयेभ्यः पत्राणि का नूतन प्रकाश्यमान संस्करण अतीव अभिनन्दनीय सौभाग्यका विषय है.

इनमें आद्य ग्रन्थद्वयी सर्वप्रथम हमारे पितामह गोस्वामी श्रीगोकुलनाथजी (बड़ा मन्दिर मुंबई) शुद्धाद्वैतसिद्धान्तकार्यालय द्वारा अपने विद्वान् बहनोई भट्ट श्रीबलभद्र शर्माजी द्वारा सम्पादित करके वि.सं.१९७१ में प्रकाशित करवाई थी. इन्हें उपलब्ध जो मातृकायें थी उसका विवरण यहां परिशिष्टमें संलग्न कर रहे हैं. बादमें द्वितीयावृत्ति हमारे पितृचरण गोस्वामी श्रीदीक्षितजी महाराज द्वारा पुष्टिमार्गीय युवक परिषद्के माध्यमसे वि.सं.२०१६-१७ में प्रकाशित करवाई गयी. तृतीय आवृत्ति वि.सं.२०३५ में इन दोनों ग्रन्थोंकी अतीव परिश्रमपूर्वक सुव्यवस्थित सम्पादन तथा गवेषणापूर्ण सम्पादकीयके साथ बनारस हिन्दु विश्वविद्यालयके दर्शनाध्यापक विद्वान श्रीकेदारनाथ मिश्रजी द्वारा स्वयं मैंने, अन्य भी कतिपय भगवदीयोंके सहयोगसे प्रकाशित करवाई थी. जैसा कि यहां परिशिष्टमें अवलोकन करनेसे देखा जा सकता है विद्वान् भट्ट श्रीबलभद्र शर्माजीको तो विभिन्न स्रोतोंसे भक्तिहंसकी ३ मातृकायें भक्तितरंगिणीकी ४ मातृकायें तरंगिणीतीर्थकी २ मातृकायें तथा विवेककी ३ मातृकायें प्राप्त हुयी थी. इन प्राचीन हस्तलिखित मातृकाओंके प्राप्तिस्रोतोंका विवरण यथामुद्रित परिशिष्टतया परखा जा सकता है. बादके सभी संस्करण उसी मुद्रित संस्करणके आधारपर प्रकाशित हुवे थे जिसमें प्रस्तुत चतुर्थ संस्करण भी अपवाद नहीं है.

इस ग्रंथकी विशेषता ये है कि जैसे 'नवरत्न'ग्रन्थ हमको आचार्यचरणने

गोविन्ददूबेको लिखे पत्रके रूपसे प्राप्त है वैसे भक्तिहंस और भक्तिहेतुनिर्णय ग्रन्थका प्रणयन भी मुरारी ब्राह्मणको (वै.वा.२५२।२।१३०) लिखे पत्रके रूपमें हुआ है. ऐसे हि श्रीगुसांईजीने स्वपरिवार एवं वैष्णवोंको पत्र लिखे हैं, जो यहाँ संकलित किये है.

श्रीमत्प्रभुचरणानां स्वकीयेभ्यः पत्राणि मातृकायें :

१. मुद्रित : पुष्टिभक्तिसुधा अंक.४ वि.सं.१९७१ २. श्रीगट्टुलालाजी संग्रह. ३. श्री के.का.शास्त्री द्वारा प्रदत्त. ४. किशनगढसंग्रह

महाप्रभु तथा प्रभुचरण की असीम अनुकम्पाके अनुभावतया इसके पुन:प्रकाशन तथा सम्पादन का सारा परिश्रमश्रेय मेरे प्रिय विद्यार्थी श्रीमती मनीषा-श्रीपरेश शाहको, सुश्री अल्पा मांडवियाको, श्रीअनिल भाटियाको तथा श्रीमती पद्मिनी-श्रीधर्मेन्द्रसिंह झालाको जाता है. और इनके सहयोगी श्रीजगदीश शेठको भी. केवल औपचारिकताके निर्वाहके कारण मेरा नाम सम्पादनके साथ जुड़ा है. ये सभी अत्यन्त धन्यवादार्ह हैं, क्योंकि इतना उत्तरदायित्वका वहन मेरेसे अब सुकर नहीं है. तदुपरान्त, इस ग्रन्थमें संकलित तेलुगु पत्र १८का (मातृका) अनुवाद प्रो.वेतुरी आनन्दमूर्ति और प्रो.डॉ.एलचुरी मुरलीधरराव ने किया है. मैं इन दोनोंके प्रति कृतज्ञ हुं. गो.श्रीपद्माबहुजी जिन्होंने तेलुगु पत्र ५का हिन्दीमें भावानुवाद और गो. सुश्री मैत्रीने मेरे प्रवचनका सारांश किया है उनके प्रति भी कृतज्ञ हुं. साथ ही साथ मेरे पितृचरणद्वारा स्थापित श्रीवल्लभविद्यापीठ-विट्ठलेश प्रभुचरण आ.हो. ट्रस्टके तत्त्वावधानमें यह प्रकाशित हो रहा होनेसे इस ट्रस्टकी व्यवस्थाका देखरेख करनेवाले श्रीहंसराज वेद आदि न्यासीमण्डल भी अभिनन्दनीय है. आवरकचित्र निर्मितिके हेतु श्रीमति ख्याति भुल्ला तथा मुद्रणोपयोगी उत्तरदायित्व श्रीप्रवीण डढाणिया और श्रीपीयूष गोंधिया ने वहन किया है. उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापन करता हूं.

पौषशुक्ला द्वितीया
वि.सं.२०७८

गोस्वामी श्याम मनोहर
पार्ले-मुंबई

भूमिका

भक्तिहेतुनिर्णय शुद्धाद्वैत वेदान्तके प्रतिष्ठापक और पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक श्रीवल्लभाचार्यके द्वितीयपुत्र गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथकी कृति है. गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथ और उनकी कृतिओंका महत्त्व वल्लभसम्प्रदायमें श्रीवल्लभाचार्य और उनकी कृतियोंके ही बराबर है. परम्परा श्रीवल्लभाचार्य और श्रीविट्ठलनाथ दोनोंको ही पुष्टिमार्गका मूल [१]आचार्य मानती आयी है और आज भी वाल्लभविद्वान यही मानते हैं कि "[२]शुद्धाद्वैतदर्शनके दो मूल आचार्य हैं श्रीवल्लभाचार्य और श्रीविट्ठलनाथजी". पुष्टिमार्गका प्रवर्तन श्रीवल्लभाचार्यने किया और उसका विकास विस्तार एवं प्रचार [३]श्रीविट्ठलनाथने.

दो सो बावन वैष्णवन्की वार्तामें [४]नागजी भट्ट, [५]मानिकचन्द और [६]बीरबलकी बेटी आदिकी वार्ताओंमें स्पष्टरूपसे गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथको 'साक्षात् पूर्णपुरुषोत्तम', [७]'आनन्दमात्रकरपादमुखोदरादि' कहा गया है और भावप्रकाशमें उन्हें [८]"कर्तुम् अकर्तुम् अन्यथाकर्तुं समर्थः" बताये हुए उनके पूर्णपुरुषोत्तम होनेका अनेकशः उल्लेख किया गया है. इसी कृतिमें कृष्णदासको गो.विट्ठलनाथके रोम-रोममें भगवान् श्रीनवनीतप्रियके [९]दर्शन होने, [१०]बीरबल एवं टोडरमल के श्रीविट्ठलनाथको सम्मान्य मान कर समादृत करने तथा सम्राट [११]अकबर द्वारा बिरबलको

---

१. "फलम् अतः उपपत्तेः" (ब्र.सू.३।२।३८) इत्यारभ्य भाष्यकर्तृत्वेन आचार्यत्वम् अतएव अस्मिन् मार्गे आचार्यद्वयम्. (श्रीद्वारकेशकृता सि.मु.टिप्पणी), आचार्यरत्नं सर्वानुग्रहकृन्मन्त्रवित्तमः (नामरत्नाख्यस्तोत्रम् २३) २. वल्लभाचार्यके दर्शनका यथार्थ स्वरूप. ३. पितृप्रवर्तितपथप्रचारसुविचारकः (नामरत्नाख्यस्तोत्रम् १२), "पुष्टिमार्गके विस्तार करनहारे आप ही हैं." (वै.वार्ता.२५२।१।१.भा.प्र.) ४. वै.वार्ता.२५२।१।१. ५. वै.वार्ता.२५२।१।१२ ६. वै.वार्ता.२५२।१।७५ ७. वै.वार्ता.२५२।१।१२ ८. वै.वार्ता.२५२।१।२४. भा.प्र. ९. वै.वार्ता.२५२।३।१. १०. वै.वार्ता.२५२।१।१९ ११. वै.वार्ता.२५२।३।२४४

समझानेका उल्लेख है कि "[१]दीक्षितजी तो साक्षाद् ईश्वर है, यामें कछु सन्देह नाही". श्रीविट्ठलनाथके भगवान् श्रीनाथजीसे वार्तालाप करने और अपने भक्तों—कृष्णभट्ट कुनबी अलीखान पठान एवं उनकी पुत्री पीरजादी आदि—को भगवान्का दर्शन करा देनेके उल्लेखोंसे दो सो बावन वैष्णवन्की वार्ता भरी पड़ी है. भगवान् श्रीरणछोड़ और गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथ के परस्पर [२]ताम्बूलसमर्पण, भगवान् श्रीनवनीतप्रिय तथा गोस्वामी विट्टलनाथ के एक-दूसरेको [३]झूला झूलाने तथा भगवान् और गो.श्रीविट्ठलनाथ के एक-दूसरेको [४]माल्यार्पण करने आदिका उल्लेख साम्प्रदायिक साहित्यमें अत्यन्त स्वाभाविक मान कर किया गया है. इन सब उल्लेखोंसे यह सूचित होता है कि साम्प्रदायिक परम्पराकी दृष्टिसे श्रीविट्ठलनाथ और उनकी कृतियोंका कितना अधिक महत्त्व है!

महाप्रभु वल्लभाचार्य एवं श्रीमति [५]महालक्ष्मी के द्वितीय आत्मज श्रीविट्ठलनाथका जन्म शुक्रवार [६]पौषकृष्णनवकी विक्रमसंवत् १५७२ (ईस्वी सन् १५१५) के [७]दिन आधुनिक उत्तरप्रदेशके मिर्जापुर ज़िलेके अन्तर्गत चुनार (चरणाद्रि)में हुआ था.

---

१. वै.वार्ता.२५२।३।२४४ २. वै.वार्ता.२५२।१।१ ३. वै.वार्ता.२५२।३।२३३. ४. विविध कुसुमावली ग्रथित हाथे करी, एक-एकने कण्ठे आरोपे हार. (वल्लभाख्यान ७।१२) ५. महालक्ष्मीगर्भरत्नम्. (नामरत्नाख्यस्तोत्रम् ९) ६. वंशावली पृष्ठ ३३ तथा २०५ के अनुसार गुजराती मार्गशीर्षकृष्ण नवमी. ७. वर्षे नेत्राश्वभूतद्विजपतिगणिते पौषकृष्णे नवभ्याम्, हस्तक्षे तैतिलेऽहन्यधिकृतभृगुजे शोभने गोविलग्ने, रन्ध्रस्थेऽर्के सचान्द्रे, कवि-कुज-शनिषु द्यू नगेष्वात्मजस्थे, सोमे, जीवे धनस्थे, तमसि सहजगे विट्ठलः प्रादुरासीत्, शुक्रार्किषु सप्तमेषु, धनगे जीवे च कर्के तमस्यर्के धन्विनी चान्द्रिणा सह सहस्याशुक्लपक्षे वृषे अब्दे नेत्रमुनीषु चन्द्रगणिते हस्ते नवम्यां भृगौ, विश्वोद्धारकृते स्फुटोऽभवदिह श्रीविट्ठलेशो हरिः. (भृ.स.पृष्ठ २२६-२२७)

उनका बचपन त्रिवेणीसंगमके पास स्थित अड़ेल ग्राममें—जहाँ रह कर महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य अपनी सुबोधिनीटीका लिख रहे थे—बीता. आचार्यचरणने **"अष्टवर्षं ब्राह्मणम् उपनयीत तम् अध्यापयीत"** ( )की वैदिक विधिके अनुरूप आठवें वर्षमें (वि.सं.१५८०में) उनका उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया. कहते है कि महाप्रभुने उन्हें अध्ययनके लिये प्रयागके पंडित श्रीमाधव सरस्वतीके पास भेजा था पर वे अपना अधिकांश समय श्रीमद्भागवतके अध्ययनमें ही व्यतीत करते थे. वे एक तेजस्वी विद्यार्थी थे. प्रसिद्ध है कि उन्होंने दस वर्षकी वयमें ही **"व्रजराज-विराजित-घोषवरे..."** (राजभोगारार्तिकार्या) इत्यादि पद्यकी रचना कर अपने पिताको सुनाया था और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया था. उनकी संगीतमें भी बहुत रुची थी. महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यके त्रिदण्ड संन्यास ग्रहण कर इहलोकत्याग करनेके समय (वि.सं.१५८७में) उनकी वय केवल १५ वर्षकी थी और उनके अग्रज श्रीगोपीनाथ उनसे केवल पांच वर्ष बड़े थे. बादमें वे अपने बड़ेभाईके संरक्षकत्वमें कुछ दिन अड़ेलमें रहे किन्तु यह कह सकना कठिन है कि उनके शैक्षणिक जीवनमें श्रीगोपीनाथका कितना योगदान रहा होगा. वार्तासाहित्यसे तो यह प्रतीत होता है कि कुल मिला कर श्रीविट्ठलनाथके प्रथमाश्रमका बहुत समय "[१]हँसत खेलत मसकरी करत बहुत ही प्रसन्नतामें" निर्द्वन्द्व मन:स्थितिमें बीता.

महाप्रभुके अनन्य सेवक श्रीदामोदरदास हरसानीने उनके जीवनमें महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की. आचार्यचरणके निरन्तर सान्निध्यका सौभाग्य और उनके सिद्धान्तोंका परिचय जितना दामोदरदासको प्राप्त था उतना किसी अन्यको नहीं. वार्ताके अनुसार "[२]श्रीआचार्यजी महाप्रभु आप दामोदरदासकों 'दमला' कहते थे और कहते जो दमला! यह मार्ग तेरे लिये प्रकट कियो है". श्रीआचार्यजीने श्रीठाकोरजीके पास तीन बार यह मांग्यो जो मेरे आगे दामोदरदासकी देह न छूटे. ताको

१. वै.वार्ता.८४।१।४ २. वै.वार्ता.८४।१।१

हेतु यह है जो श्रीआचार्यजी महाप्रभु आप संन्यास ग्रहण करिवेको विचार मनमें करें. तो ता समय श्रीगोपीनाथजी तथा श्रीगुसांईजी दोऊ बालक हतें. तातें मारगकी वार्ता श्रीआचार्यजी महाप्रभु दामोदरदासकों समझाइके थापी. दामोदरदाससों कछु गोप्य न राख्यो. [१]मारगको सब सिद्धान्त भगवल्लीलारहस्य श्रीआचार्यजीने दामोदरदासके हृदयविषे स्थाप्यो. श्रीहरिरायजीके शब्दोंमें "[२]श्रीआचार्यजी महाप्रभुन्ने श्रीगोपीनाथजी श्रीगुसांईजी को मार्गकी शिक्षा देवेको अपनी पाछें दामोदरदास हरसानीको राखे हैं. महाप्रभु द्वारा निर्दिष्ट दायित्वका निर्वाह करते हुए दामोदरदासने श्रीविट्ठलनाथसे कहा था "[३]महाराज! अपनो मारग निश्चिंतताको नाहीं. और श्रीविट्ठलनाथजी चेत गये थे. उनका उत्तर था "[४]हमकों यह वार्ता श्रीआचार्यजी महाप्रभु तुम द्वारा कहे जो तुम न कहोजे तो और कौन कहेगो"? उन्होंने प्रसन्न हो कर उनकी शिक्षा मान ली थी[५] और आचार्यत्वके दायित्वको सम्भालनेकी तैयारी शुरू कर दी थी. उनके "[६]हम तो कछु जानत नाहीं" कह कर श्रीवल्लभलचार्य प्रकटित मार्गकी प्रणालीकी जिज्ञासा करनेपर उनकी पूजनीया माताने (अक्काजी) उनसे कहा था कि महाप्रभुने "[७]मार्ग तथा उत्सव को प्रकार सब दामोदरदाससों कह्यो है, सो उनसों तुम पूछो, तुमसों दामोदरदास सब कहेंगे". श्रीविट्ठलनाथजीने दामोदरदासजीके घर जा कर उनसे सब पूछा-समझा था[८]. वार्ताके अनुसार जब श्रीविट्ठलनाथने पिताका श्राद्ध करवाया था तो दामोदरदासने उन्हें दक्षिणामें महाप्रभुकृत सिद्धान्तरहस्यकी व्याख्या सुनायी थी[९]. "[१०]पाछें दामोदरदासने मारगकी प्रणालिका कही. श्रीभागवतकी टीका श्रीसुबोधिनीजी, श्रीआचार्यजी महाप्रभुन्के ग्रन्थन्की टीका और रहस्यवार्ता श्रीगुसांईजीके आगे सब कहें". "और

---

१. वै.वार्ता.८४।१।२ २. वै.वार्ता.२५२।१।३ भा.प्र. ३. वै.वार्ता.८४।१।४ ४. वै.वार्ता.८४।१।४ ५. वै.वार्ता.८४।१।४ ६. वै.वार्ता.८४।१।२ ७. वै.वार्ता.८४।१।२ ८. वै.वार्ता.८४।१।२ ९. वै.वार्ता.८४।१।५ १०. वै.वार्ता.८४।१।५.

ता पाछें दामोदरदासकी सहायतासों आपने 'शृंगाररसमण्डन' ग्रन्थ कियो[१]. स्पष्ट है कि स्वमार्गीय सिद्धान्तों एवं रीतियों को आत्मसात करनेमें उन्हें दामोदरदाससे बहुत सहायता मिली थी और इस दृष्टिसे दामोदरदासका उनके जीवनमें और सम्प्रदायमें बहुत महत्त्व है.

श्रीविट्ठलनाथजीकी अभिरुचि बचपनसे ही रागभोगशृंगारपूर्ण भगवत्सेवामें थी और उन्होंने आचार्यासनपर बैठनेपर सम्प्रदायकी सेवाप्रणालीको विकसित किया. उन्होंने श्रीनाथजीके आठ मुख्य शृंगारोंका प्रचलन किया था तथा संगीत चित्रकला पाककला एवम् अन्य विविध कलाओंका भगवत्सेवामें उपयुक्त विनियोग कर भगवद्भक्तोंके जीवनको भगवन्मय कर लेनेकी प्रणाली बताई. सम्प्रदायमें दीक्षित पञ्चद्राविड ब्राह्मणोंको श्रीनाथजीकी अन्तरंग सेवामें अधिकृत कर, अन्य पुष्टिमार्गीय वैष्णवोंको विविध सेवाओंमें नियुक्त कर एवं शाकघर खासाभंडार दूधघर पानघर फूलघर आदिको व्यवस्थित कर उन्होंने सेवामर्यादाको एक निश्चित दिशा प्रदान की. श्रीवल्लभाचार्यने चार और अपने चार सेवकोंको अष्टछापके रूपमें संगठित कर उन्हें अष्टयाम सेवामें नियुक्त कर, सेवाको अधिक भावमय तथा अनुभूतिप्रवण बनानेके साथ ही हिन्दी साहित्यमें कृष्णभक्तिको प्रतिष्ठित करने एवं तेलुगुभाषी होते हुए भी कृष्णभूमिकी व्रजभाषाको 'पुरुषोत्तमभाषा' कह कर प्रतिष्ठित एवं समृद्ध करनेमें उन्होंने महत्त्वपूर्ण योगदान किया है.

वे अपने पिताकी ही भातिं सच्चे अर्थोमें जगद्गुरु अर्थात् गतिशील गुरु थे और उन्होंने अनेक यात्राएं कर भगवदीय जीवोंको पुष्टिमार्गमें दीक्षित कर आध्यात्मिक कल्याणका मार्ग बताया था. पश्चिममें गुजरात काठियावाड़ एवं द्वारकापुरी तक पूर्वमें मगध गौड़देश एवं जगन्नापुरी तक तथा उत्तरमें बदरिकाश्रम तक यात्रा कर उन्होंने अपने सम्प्रदायका प्रचार-प्रसार किया था. दो सौं बावन वैष्णवन्की वार्ताके अनुसार

१. वै.वार्ता.८४।१।८ भा.प्र.

वे प्रतिदिन किसी एक नवीन व्यक्तिको दीक्षा दे कर ही अन्न ग्रहण करते थें[१]. गुजरात प्रदेशको वैष्णवधर्मका महत्त्वपूर्ण केन्द्र बना देनेका श्रेय उन्हें ही है. उन्होंने वि.सं.१६०० से १६३८ के बीच छः बार गुजरात-काठियावाड़ क्षेत्रकी यात्रा कर अनेक लोगोंको पुष्टिमार्गकी दीक्षा दी थी. इस कार्यमें उन्हें पटनाके अपने एक क्षत्रिय शिष्य चाचा हरिवंशसे बड़ी सहायता मिली थी. उन्होंने हरिवंशजीको अष्टाक्षरमन्त्रकी दीक्षा देनेका अधिकार दे रखा था और वे वैष्णव बनानेके कार्यमें इतने कुशल थे कि गुजरातके एक ग्राममें पड़ाव डाले श्रीविट्ठलनाथको यह पता चला कि इस ग्राममें कोई वैष्णव नहीं है तो उन्होंने कहा था कि "या मारग हरिवंशजी कब हू आये न होयेंगे, जो हरिवंशजी या मारग कबहू आवते तो कोई एक तो वैष्णव होतो[२]". श्रीविट्ठलनाथ उन्हें अपने नेत्रोंकी पुतली कहते थे[३] और अपने पुत्रोंके मार्गनिर्देशनका दायित्व उन्हें सोंप गये थे[४]. भावप्रकाशके अनुसार "चाचाजी...श्रीगोकुलनाथजीसों श्रीघनश्यामजीसों कहे जो बावा! और वार्ता कहा करत हो, अब अपनी पोथी सम्हारो. सो ए दोऊ भाई चाचा हरिवंशके वचन उपदेश करी मानत भये[५].

सम्राट अकबरके आमन्त्रणपर श्रीविट्ठलनाथ दो बार (वि.सं.१६३४ एवं १६३८ में) आग्रा गये थे. अकबर उनसे काफी प्रभावित हुए थे और उन्होंने उन्हें न्यायाधीशके अधिकार गोस्वामीकी (गुसांई) उपाधि तथा जतीपुराकी गोचरभूमि दे रखी थी. वे कई बार श्रीविट्ठलनाथसे मिलने गोकुल भी आये थे. सम्राटके परिकरोंमें ताजबीबी राय पुरुषोत्तमदास राजा बीरबल और टोडरमल तानसेन तथा बीरबलकी पुत्री शोभावती को साम्प्रदायिक साहित्यमें श्रीविट्ठलनाथका सेवक अर्थात् शिष्य बताया गया है.

---

१. वै.वार्ता.२५२।३।१७८ २. वै.वार्ता.२५२।१।३ ३. वै.वार्ता.२५२।१।३ ४. "श्रीगुसांईजीने ७ बालकन्को मार्गको रहस्य समझाइवेके तांई चाचाजीकों भूतल राखे". वै.वार्ता.२५२।१।३ भा.प्र. ५. वै.वार्ता.२५२।१।३ भा.प्र.

वार्तासाहित्यमें उनकी अगाध धर्मनिष्ठा भगवत्प्रेम सर्वात्मभाव सदाशयता उदारता परोपकारपरायणता दयालुता त्याग संयम और भक्तिभावप्रवणता की निदर्शक अनेक कथाएं मिलती हैं. उन्होंने भगवद्भक्तिके द्वार सभीके लिये खोल दिये थे. श्रीगोकुनाथजी द्वारा दिये गये विवरणके अनुसार उन्होंने रसखान[१] और अलीखान[२] के समान पठानों, अलीखानकी पुत्री पीरजादी[३] तथा अन्य पठानवंशजों[४] एवं धोंधी[५] आदि अन्य मुसलमानों को भी भगवन्नामकी दीक्षा दे कर कृष्णभक्त बना दिया था. नाई[६] कुंजड़िन[७] मोची[८] धीवर[९] व्याध[१०] (पारधी) भीलों[११] और वेश्यापुत्री[१२] को भी वैष्णवधर्ममें दीक्षित कर उन्होंने सर्वोद्धारार्थ प्रयत्नशील धर्माचार्यकी प्रतिष्ठा प्राप्त की थी. उनकी प्रेरणासे अनेक ठग[१३] चोर[१४] और बटमार[१५] भी दुष्कर्म छोड़ कर भगवद्भक्त बन गये थे. इसीलिये उन्हें **'महापतितपावनः'** (नामरत्नाख्यस्तोत्रम् १७) कहा गया है.

श्रीविट्ठलनाथने वि.सं. १६१६में जगन्नाथपुरीकी यात्रा की थी और वहाँ वे महाप्रभु चैतन्यके साक्षात् शिष्योंके सम्पर्कमें आये थे. उन्होंने श्रीजगन्नाथजीकी सेवा-प्रणाली तथा श्रीचैतन्यके कीर्तनप्रकारको हृदयंगम किया था. स्वाभाविक है कि स्वमार्गीय सेवा-प्रणालीका विस्तार करते समय उन्होंने अपने इन अनुभवोंका उपयोग किया होगा. पुरीयात्रामें वे अपने साथ 'रासा' नामके एक बढ़ईको भी ले गये थे जिससे उन्होंने वहाँसे लौटनेपर जगन्नाथजीके रथके अनुरूप रथ बनवा कर अड़ेलमें और बादमें गढ़ामें रथयात्रोत्सव किये थे. बहुत सम्भव है कि चैतन्यानुयायियोंके इस सम्पर्कके समय ही उन्होंने राधाभावप्रधान

---

१. वै.वार्ता.२५२।३।२४५ २. वै.वार्ता.२५२।१।३७ ३. वै.वार्ता.२५२।१।३७ ४. वै.वार्ता.२५२।२।१४७ ५. वै.वार्ता.२५२।३।२४३ ६. वै.वार्ता.२५२।२।१४६ ७. वै.वार्ता.२५२।१।६९ ८. वै.वार्ता.२५२।२।१२४ ९. वै.वार्ता.२५२।२।१३६ १०. वै.वार्ता.२५२।३।१८९ ११. वै.वार्ता.२५२।२।१२० १२. वै.वार्ता.२५२।१।७३ १३. वै.वार्ता.२५२।३।१९६ १४. वै.वार्ता.२५२।२।११२ १५. वै.वार्ता.२५२।३।२००.

स्वामिन्यष्टक स्वामिनीस्तोत्र एवं श्रीकृष्णप्रेमामृतं—जिस चैतन्यकी कृति माना जाता है—की विवरण नामक व्याख्याकी रचना की हो.

श्रीविट्ठलनाथका विवाह १७वर्षकी वयमें वि.सं.१५८९में काशीके श्रीविश्वनाथ भट्ट एवं श्रीमती भवानी की दुहिता कुमारी रुक्मिणीसे हुआ था. वे वि.सं.१६१९ तक अड़ेलमें ही रहे, यद्यपि इस बीच उन्होंने अनेक यात्राओंमें काफी समय प्रवासमें बिताया. वि.सं.१६१९में उन्होंने अड़ेल छोड़ दिया और कुछ दिन विभिन्न स्थानपर रहनेके बाद अपनी शिष्या सेविका रानी दुर्गावतीके अनुरोधपर मध्यप्रदेशके 'गढ़ा' नामक स्थानपर जा बसे. यहीं श्रीमती रुक्मिणीका देहावसान हो जानेपर रानी दुर्गावतीके आग्रहसे वि.सं.१६२०की अक्षयतृतीयाको उन्होंने श्रीकृष्णराय भट्टकी दुहिता कुमारी पद्मावतीसे विवाह किया. प्रायः तीन वर्ष वहाँ रहनेके बाद वे कुछ दिन प्रयाग एवं गोकुल में रह कर मथुरामें सतघरामें—जिसका निर्माण उनके निवासके लिये रानी दुर्गावतीने करा दिया था—आ गये. छः वर्ष वहाँ रहनेके बाद उन्होंने वि.सं.१६२८के फाल्गुन मासमें गोकुल—जिसे बादमें वि.सं.१६३४ में अकबरने उन्हें एक शाही फरमान जारी कर दे दिया था—को अपना स्थायी निवास बनाया और अन्त तक वहीं रहे. उनके प्रथम पत्नीसे शोभा यमुना कमला देवका नामकी चार पुत्रीयाँ एवं गिरिधर गोविन्दराय बालकृष्ण गोकुलनाथ रघुनाथ तथा यदुनाथ नामक छः पुत्र थे. द्वितीय पत्नीकी एकमात्र सन्तान उनके कनिष्ठ पुत्र घनश्याम थे. इन सातों पुत्रोंके घर ही सम्प्रदायमें सात गादीके रूपमें प्रसिद्ध हैं. उन्होंने सातों पुत्रोंको एक-एक सेव्यस्वरूप दिया था और ज्येष्ठ पुत्र श्रीगिरिधरको श्रीनाथजीका स्वरूप दे कर सभी पुत्रोंको उनकी सेवामें अधिकृत किया था. पूर्वोक्त सातस्वरूप सम्प्रदायमें सात निधिके रूपमें प्रतिष्ठित हैं. दीर्घकालतक भावुक भक्तोंको भक्तिरसमें अवगाहन करा कर सत्तरवर्षसे कुछ अधिक वयमें[१] उन्होंने माघकृष्ण षष्ठी[२] वि.सं.१६४२में

१.सप्ततिः किल वर्षाणि दिनान्यष्टौ च विंशतिम्. वसुधायां व्यराजन्त श्रीमद्विट्ठलदीक्षिताः २. दृ.गो.श्री.वि.

अपनी जीवनलीला समाप्त की.

श्रीविट्ठलनाथने अपने पिताके महान् कार्यको आगे बढ़ानेके उत्तरदायित्वका निर्वाह बड़ी योग्यताके साथ किया. उन्होंने उनके अधूरे ग्रन्थोंको पूरा करनेकी ओर भी ध्यान दिया और अणुभाष्यको पूरा किया. इसीलिये कहीं-कहीं अणुभाष्यके ब्रह्मसूत्र ३।२।३३ परके बादके अंशको श्रीविट्ठलनाथकी 'अणुभाष्यशेष'[१] या 'अणुभाष्यपूर्ति' नामक कृति—जिसे डॉ.दासगुप्त भ्रमवश अणुभाष्यकी टीका या व्याख्या बताते हैं[२]—कहा गया है. इसकी पुष्टिके लिये अधोलिखित प्रमाण दिये जा सकते हैं.

श्रीकृष्णचन्द्रकी ब्रह्मभावप्रकाशिकावृत्तिके **''इतः आरभ्य प्रभूणां लेखः इति प्रतिभाति''** (भावप्र. ३।२।३४) इस वाक्यके अनुसार अणुभाष्यका ३।२।३४से ले कर अन्त तकका अंश श्रीविट्ठलनाथकी कृति है. अपने गुरुका अनुसरण करते हुए पूर्वोल्लिखित **''स्थानविशेषात् प्रकाशादिवत्''** (ब्र.सू.३।२।३४) इस सूत्रके अणुभाष्यकी प्रकाश व्याख्यामें श्रीपुरुषोत्तम लिखते हैं **''इतः आरभ्य प्रभूणाम् इति प्रतिभाति''** अर्थात् श्रीपुरुषोत्तमके अनुसार भी इस सूत्रके भाष्यसे ले कर अन्तिम सूत्र तकके भाष्यके लेखक गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथ ही है. श्रीपुरुषोत्तमके इस वाक्यकी व्याख्या रश्मिकार श्रीगोपेश्वर अधोलिखित प्रकारसे करते हैं.

प्रभ्वाज्ञात्रयभाविनीं गतिमिहोद्भाव्यशु तत्त्वानुगः
साध्यांध्याययुगं चकार रहितं[३] स्वाचार्यवर्यः स्वयम्
शेषं सूचितमित्यतोऽन्यदपि निर्मातुं प्रवृत्तस्ततः
तन्न्यूनप्रतिपूरको विजयते श्रीविट्ठलो दीक्षितः

इत्थं च अनवगाह्याभिप्रायाणां सूत्राणां भाष्यम् उक्त्वा सुगमानां

१.दृ.गो.श्रीवि. २.''His other works were...anubhashyapurtti (A commentary on the anubhashya) A history of ind.phil.vol.4.
३. सूत्राष्टक (ब्र.सू.३।२।३४-४१) रहितम्.

स्थापितवन्तः. तदेतत्पूरयितुं श्रीविट्ठलदीक्षिताः 'स्थानविशेषात् प्रकाशादिवद्' इति सूत्राद् आरभ्य भाष्यम् आरभन्तः इति आहुः ''इतः आरभ्य'' इत्यादि. ''श्रीप्रभूणां गोस्वामिनाम्.'' प्रतिभाति इति. समाप्तौ 'श्रीवल्लभदीक्षितविरचितः' इति शब्दात्. (ब्र.सू.भा.प्र.र.३।२।३४)

अणुभाष्यके अन्तिम श्लोककी व्याख्या करते हुए श्रीपुरुषोत्तम पुनः कहते हैं ''गुणोपसंहारपादम् आरभ्य सार्धाध्यायस्य स्वयं करणात् तदाचार्येषु निवेदयन्तः समाप्तौ मंगलं कर्तव्यम् इति शिष्टाचारं च शिक्षयन्तः आचार्याणां प्रसादम् आशासते भाष्य इत्यादि. अर्थस्तु श्लोकानां स्फुटः इति शुभम्.'' (ब्र.सू.भा.प्र.४।४।२२(५))

प्रकाशके उपर्युक्त अन्तिम वाक्यमें आये 'स्फुटः' इस पदकी व्याख्या करते हुए श्रीगोपेश्वर लिखते हैं ''स्फुटः इति 'श्रीमदाचार्यः' इति. श्रीमन्तः आचार्याः श्रीमदाचार्याः व्यासचरणाः आचार्यभाष्यपक्षे. श्रीमद्गोस्वामिभाष्यपक्षे श्रीमदाचार्याः श्रीवल्लभाचार्याः इति सर्वं शुभम्'' (ब्र.सू.भा.प्र.र.४।४।२२)

इसी प्रकार ''स्थानविशेषात् प्रकाशादिवद्'' (ब्र.सू.३।२।३४) के अणुभाष्यकी व्याख्या प्रारम्भ करते हुए प्रदीपकार श्रीइच्छाराम लिखते हैं ''इतः आरभ्य श्रीमद्गोस्वामिचरणानां लेखो बोध्यः'' (ब्र.सू.भा.प्रदीप ३।२।३४). इसीलिये इसके पूर्ववर्ती ''बुद्ध्यर्थः पादवत्'' (ब्र.सू.३।२।३३) इस सूत्रके भाष्यके अन्तिम वाक्यकी अपनी टिप्पणीमें श्रीमगनलाल शास्त्री स्पष्ट कहते हैं ''अत्र श्रीमदाचार्यचरणकृतिः समाप्ता'' (प्रदीपसंस्करण)

अणुभाष्यके अन्तिम श्लोक[१] की प्रदीपव्याख्यामें श्रीइच्छाराम लिखते हैं ''ग्रन्थान्ते मंगलम् आचरन्ति 'भाष्य' इत्यादिना. तथा च

१. भाष्यपुष्पाञ्जलिः श्रीमदाचार्यचरणाम्बुजे निवेदितः तेन तुष्टा भवन्तु मयि ते सदा.

तृतीयाध्यायद्वितीयचरणनवमाधिकरणस्य 'स्थानविशेषात् प्रकाशादिवद्' (ब्र.सू.३।२।३४) इति सूत्रम् आरभ्य चतुर्थाध्यायसमाप्तिपर्यन्तं श्रीमद्गोस्वामिनां कृतिः इति श्रीमदाचार्यचरणार्पणं तस्याः स्वत्वं कृतत्वम् इति बोध्यम्'' (ब्र.सू.भा.प्रदीप ४।४।२२)

इस वाक्यमें आये 'कृतत्वं' पदपर टिप्पणी लिखते हुए श्रीमगनलाल शास्त्री कहते हैं ''भाष्ये अन्तिम श्लोकः 'आचार्यचरण' इति पदस्य श्रीमद्वल्लभाधीश्वरपरत्वाद् एषा सार्धाध्यायभाष्यकृतिः श्रीमत्प्रभुचरणविट्ठलेश्वराख्याग्निकुमाराणामेव नतु श्रीमद्वल्लभाचार्याणां श्रीमदाचार्यचरणैः स्वस्य कृतेः स्वपदाम्बुजे निवेदनस्य अनुपपन्नत्वात् सूत्रकाराणां श्रीमत्त्वेन श्रीमदाचार्यचरणैः क्वापि अनुपन्यासाच्च इति प्रदीपकारहृदयम्'' (प्रदीपसंस्करणम्)

उपयुक्त उद्धरणोंसे स्पष्ट है कि अणुभाष्यके ''स्थानविशेषात् प्रकाशादिवत्'' सूत्रसे प्रारम्भ होनेवाले अंशको श्रीविट्ठलनाथकृत माननेमें श्रीकृष्णचन्द्र श्रीपुरुषोत्तम श्रीगोपेश्वर श्रीइच्छाराम आदि प्राचीन टीकाकारों तथा श्रीमगनलाल शास्त्री आदि आधुनिक विद्वानोंमें सहमति है. स्वयम् अणुभाष्यके उत्तरार्धके ''मन्त्राधिष्ठानरूपाणितु विभूतिरूपाणि. एतच्च यथा तथा भक्तिहंसे प्रपञ्चितम्'' (ब्र.सू.भा.३।३।३) ''एतच्च उपपादितं पूर्वं विद्वन्मण्डने च'' (ब्र.सू.भा.३।३।५४) तथा ''एतच्च श्रीभागवतदशमस्कन्धविवृत्तौ प्रपञ्चितम् अस्माभिः'' (ब्र.सू.भा.३।३।२८) इत्यादि वाक्योंसे प्रतीत होता है कि अणुभाष्यका यह अंश भक्तिहंस विद्वन्मण्डन और दशमस्कन्ध सुबोधिनीकी विवृत्तिके (टिप्पणी) लेखक श्रीविट्ठलनाथकी कृति है. इस सम्बन्धमें श्रीद्वारकेशके ''यद्वा 'फलम् अतः उपपत्तेः' (ब्र.सू.भा.३।२।३८) इत्यारभ्य भाष्यकर्तृत्वेन आचार्यत्वम् अतएव अस्मिन् मार्गे आचार्यद्वयम्'' (सि.मु.टि.) इत्यादि कथनसे ज्ञात होता है कि उनके अनुसार श्रीविट्ठलनाथकृत अणुभाष्यका प्रारम्भ ''स्थानविशेषात् प्रकाशादिवत्'' सूत्रसे नहीं प्रत्युत ''फलम् अतः उपपत्तेः'' सूत्रसे होता है.

अणुभाष्यके इस श्रीविट्ठलनाथकृत अंशके **''एतद् यथा तथा आनन्दमयाधिकरणे प्रपञ्चितम् अस्माभिः''** (ब्र.सू.भा.३।३।४७) तथा **''एतच्च उपपादितं पूर्वं विद्वन्मण्डने च''** (ब्र.सू.भा.३।३।५४) इत्यादि वाक्योंसे ज्ञात होता है कि अणुभाष्यको पूरा करनेके साथ ही श्रीविट्ठलनाथने उसके श्रीवल्लभाचार्यकृत अंशमें भी कहीं कहीं कुछ अनुच्छेद अपनी ओरसे जोड़े हैं. उदाहरणार्थ श्रीकृष्णचन्द्र श्रीपुरुषोत्तम और श्रीगोपेश्वर के अनुसार **''आनन्दमयो अभ्यासात्''** (ब्र.सू.भा.१।१।११) सूत्रके अणुभाष्यका **'अथवा'**से प्रारम्भ कर अन्त तकका अंश श्रीविट्ठलनाथकृत है. श्रीकृष्णचन्द्र अपनी वृत्तिमें लिखते हैं **''इति आचार्याणाम् आशयः, प्रभुचरणास्तु...तेभ्यो भेदं वर्णकान्तरेण साधयन्ति''** (भावप्रकाशिका १।१।११). इस द्वितीय वर्णकके श्रीविट्ठलनाथकृत होनेके श्रीकृष्णचन्द्रके मतकी पुष्टि स्वयम् अणुभाष्यकार श्रीविट्ठलनाथके **''एतद् यथा तथा आनन्दमयाधिकरणे प्रपञ्चितम् अस्माभिः''** (ब्र.सू.भा.३।३।४७) इत्यादि वाक्यसे होती है. श्रीपुरुषोत्तमके **''साम्प्रतन्तु प्रभुचरणैः... साध्यते''** (ब्र.सू.भा.प्र.१।१।११) इत्यादि वाक्य तथा इसका श्रीगोपेश्वरकृत व्याख्याके **''प्रभुचरणैः इति श्रीमद्विट्ठलेश्वरदीक्षितैः इति अर्थः''** (ब्र.सू.भा.प्र.र.१।१।-११) इत्यादि वाक्य एवं श्रीपुरुषोत्तमके **''एवम् अस्मिन् वर्णके... प्रभुचरणैः व्यवस्थापितम्''** (ब्र.सू.भा.प्र.१।१।११) इत्यादि वाक्य तथा इसकी गोपेश्वरकृत व्याख्याके **''अग्रे आचार्याणां ग्रन्थः इति सूचयन्ति''** (ब्र.सू.भा.प्र.र.१।१।११) इत्यादि वाक्योंसे यह बात और अधिक स्पष्ट हो जाती है.

इसी प्रकार श्रीवल्लभाचार्यकृत तत्त्वार्थदीपनिबन्धके शास्त्रार्थप्रकरणकी स्वोपज्ञ प्रकाश व्याख्यामें भी श्रीविट्ठलनाथने कुछ अनुच्छेद जोड़े हैं. उदाहरणार्थ [तत्त्वार्थदीपनिबन्धके मेरेद्वारा सम्पादित संस्करणके पृष्ठ २३९से २४४ तकका प्रकाशक अंश श्रीविट्ठलनाथकृत है.] इसकी पुष्टि ७५वीं कारिकाके प्रकाशकके पूर्वोक्त अंशकी श्रीपुरुषोत्तमकृत आवरणभंग टीकाके **''अत्र 'एव'पदेन या प्रतीतिः आचार्यैः संगृहीता तामेव स्फुटीकर्तुं प्रभुचरणाः प्रकारान्तरेण व्याकुर्वन्ति 'यद्वा' इत्यादि''** वाक्य तथा श्रीबालकृष्णभट्टकृत

योजना टीकाके "**एवं सम्यक् विमर्शेतु न सिद्धान्तविरोधो न वा श्रीमदाचार्यचरणप्रभुचरणलेखयोः कोऽपि विरोधादिरूपो दोषः प्रतिभातीति**" इत्यादि वाक्यसे होती है. तत्त्वार्थदीपनिबन्धके भागवतार्थ प्रकरणकी प्रकाशटीका भी श्रीवल्लभाचार्य पूरी नहीं लिख पाये थे. उसे भी श्रीविट्ठलनाथने (चतुर्थ स्कन्धकी ३३वीं कारिकाकी प्रकाशटीकाके बादसे) लिखना प्रारम्भ किया था किन्तु दैवदुर्विपाकसे उसे वे भी पूरी न कर सकें और पञ्चमस्कन्धकी १३६ कारिकाओं तक लिख कर ही छोड़ गये. इस प्रकार भागवतार्थ प्रकरणके चतुर्थस्कन्धकी ३४वीं कारिकासे पञ्चमस्कन्धकी १३६वीं कारिका तककी प्रकाशटीका श्रीवल्लभाचार्यकी कृति न हो कर श्रीविट्ठलनाथकी कृति है, इसे हम तत्त्वार्थदीपनिबन्धके अपने उपोद्घातमें प्रमाणित कर चुके है.

'षोडशग्रन्थ' नामसे प्रसिद्ध श्रीवल्लभाचार्यकी सोलह कृतियोंमेंसे कुछपर श्रीविट्ठलनाथकृत टीकाएँ मिलती हैं. उनकी यमुनाष्टकविवृति, सिद्धान्तमुक्तावलीविवृति और नवरत्नप्रकाश टीकाएँ क्रमशः श्रीबलभद्र शर्मा द्वारा संशोधित एवं शुद्धाद्वैत सिद्धान्त कार्यालय बम्बईसे सन् १९१६ ई.में प्रकाशित श्रीयमुनाष्टकम्, श्रीधैर्यलाल सांकलीया द्वारा संशोधित एवं श्रीमानिकलाल महेता द्वारा बम्बईसे वि.सं.१९७८में प्रकाशित सिद्धान्तमुक्तावली तथा श्रीमूलचन्द्र तेलीवाला और श्रीधैर्यलाल सांकलीया द्वारा संशोधित, श्रीकेशवराम शास्त्री द्वारा पुनः संस्कृत और श्रीपुष्टिमार्गीय पुस्तकालय नडियादसे प्रकाशित नवरत्नम् के सन् १९४२ ई.के संस्करणमें मुद्रित रूपसे उपलब्ध है. श्रीधैर्यलाल सांकलीया और पो.कण्ठमणि शास्त्री यह मानते प्रतीत होते हैं कि श्रीविट्ठलनाथने बालबोधकी 'विवरण' नामसे व्याख्या लिखी थी जो अब उपलब्ध नहीं है[१]. पो.कण्ठमणि शास्त्रीने उनकी अप्रकाशित कृति सिद्धान्तरहस्यविवृतिकी पाण्डुलिपिका उल्लेख किया है[२]. किन्तु श्रीविट्ठलेश्वरकृत सिद्धान्तरहस्यविवृतिको प्रकाशित कृति कहा है. सम्भव है इन विट्ठलेश्वरसे उनका

१.द्र.शु.पु.सं.वा.खण्ड २. वहीं.

अभिप्राय प्रभुचरणसे भिन्न किसी अन्य विट्ठलेश्वरसे हो. श्रीगोपालनारायण बहुराने जयपुरनरेशके पोथीखानामें श्रीविट्ठलेश्वरकृत पुष्टिप्रवाहमर्यादाटीका भक्तिवर्धिनीव्याख्या एवं अन्त:करणप्रबोधटीका की पाण्डुलिपियोंके होनेका उल्लेख किया है[१]. श्रीदासगुप्तके अनुसार षोडशग्रन्थके अन्तर्गत आनेवाली अन्य कृतियोंमेंसे पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेद विवेकधैर्याश्रय तथा जलभेद पर भी श्रीविट्ठलनाथकृत टीकाएँ हैं. श्रीविट्ठलेशचरितामृतमें सिद्धान्तरहस्य तथा डॉ.दासगुप्तकी कृतिमें संन्यासनिर्णयपर भी उनकी 'विवरण' नाम्नी टीकाके होनेका उल्लेख है. षोडशग्रन्थके अन्तर्गत आनेवाली अन्य कृतियोंपर श्रीविट्ठलनाथकृत टीकाके कहीं उल्लिखित और उपलब्ध न होनेके कारण यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने षोडशग्रन्थके सभी सोलहों ग्रन्थोंपर टीका लिखी थी. स्पष्ट है कि अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदायके पृ.७६-७७ पर श्रीविट्ठलनाथके ग्रन्थोंकी सूचीमें 'षोडश ग्रन्थपर टीका'के उल्लेख तथा श्रीवल्लभवंशवृक्ष तथा उत्तर भारतीय आन्ध्र (तैलंग) भट्ट वंशवृक्षके पृ.दसपर श्रीविट्ठलनाथकी रचनाओंके अन्तर्गत 'षोडशग्रन्थटीका'के उल्लेखसे यह समझ लेना भूल होगी कि डॉ.दीनदयालुगुप्त या श्रीद्वारकादास परीख को षोडशग्रन्थकी सभी कृतियोंपर श्रीविट्ठलनाथकी टीका उपलब्ध हुई है.

श्रीवल्लभाचार्यकृत मधुराष्टकम्पर भी श्रीविट्ठलनाथने विवृति लिखी थी जो पुष्टिमार्गीय युवक परिषद् बम्बई द्वारा वि.सं.२०१८में प्रकाशित मधुराष्टकमें मुद्रित मिलती है.

श्रीविट्ठलनाथकृत अष्टाक्षरनिरूपणम् बृ.स.(पृ.१६१-१६३)में मुद्रित साढे सत्रह कारिकाओंकी पद्यबद्ध कृति है जिसमें अष्टाक्षरमन्त्रके अर्थ और महत्त्वका निरूपण किया गया है.

1.Literary Heritage of the Rulers of Amber and Jaipur with an Index to the Register of Manuscripts in the Pothikhana of Jaipur. (Khasmohor Collection)

श्रीमद्भागवतकी श्रीवल्लभाचार्यकृत सुबोधिनी टीकाके एक अंशपर श्रीविट्ठलनाथने टिप्पणी लिखी है. दशमस्कन्धसुबोधिनीके प्रथम एवं द्वितीय प्रकरण (अर्थात् जन्मप्रकरण और तामसप्रकरण), तथा तृतीय प्रकरण (अर्थात् राजसप्रकरण)के एक अध्याय (सुबोधिनीके अनुसार दशमस्कन्धके चवालीसवें अध्याय)पर उनकी टिप्पणी उपलब्ध है और श्रीधीरजलाल सांकलियाद्वारा संवत् २००७में बम्बईसे श्रीमतीटिप्पणीके नामसे प्रकाशित की जा चुकी है. इस कृतिका उल्लेख गो.श्रीवि. (पृ.८)में सुबोधिनी-टिप्पणी, डॉ.दासगुप्तकी कृतिमें 'संन्यासावच्छेदा'परनाम्नीसुबोधिनी टिप्पणी[1] और श्रीवि.च. (पृ.५०)में श्रीमतीटिप्पणीजीके नामसे हुआ है. डॉ.दासगुप्तकी पूर्वोक्त कृतिमें (पृ.३७७) श्रीविट्ठलनाथकी कृतिके रूपमें उल्लिखित भागवतदशमस्कन्धविवृति सम्भवतः इसी भागवतदशमस्कन्ध-सुबोधिनीविवृतिका भूलसे लिखा गया नाम हो क्योंकि भागवतपर श्रीविट्ठलनाथकी न तो कोई स्वतन्त्र टीका मिलती है और न ऐसी किसी कृतिका प्राचीन ग्रन्थों या परम्परा में कोई उल्लेख ही मिलता है. श्रीमद्भागवतके दशमस्कन्धकी श्रीवल्लभाचार्यकृत सुबोधिनी टीकाके होते हुए और स्वयं उसकी टिप्पणीके लेखक होते हुए भी श्रीविट्ठलनाथ भागवतके दशमस्कन्धकी स्वतन्त्र टीका या विवृति लिखते यह सम्भव भी नहीं लगता क्योंकि यदि उन्हें श्रीमद्भागवतकी टीका लिखनी होती तो वे दशमस्कन्धके बजाय उस अंशपर टीका लिख कर (अणुभाष्यकी ही भांति) श्रीवल्लभाचार्यकृत सुबोधिनीको ही पूरा करते जिस अंशपर सुबोधिनी नहीं है.

श्रीमद्भागवतके दशमस्कन्धकी श्रीवल्लभाचार्यकृत सुबोधिनी टीकामें भी अनेक स्थलोंमें श्रीविट्ठलनाथके अनेक वाक्य सन्निविष्ट मिलते

1."His other works were....., Subodhini-tippani (a commentary on the Subodhini), otherwise called Sannyasavaccheda". A History of Ind. Phil. Vol.IV., p. 379.

हैं[1]. अवधेय है कि सुबोधिनीपर टिप्पणी लिखनेके बावजूद श्रीविट्ठलनाथने मूलमें ही कुछ अंश जोड़ना उचित समझा. इसके साथ ही उन्होंने भागवतके कुछ श्लोकोंपर स्वतन्त्र लेख भी लिखे हैं. इस प्रकारका एक स्वतन्त्र लेख **"तासाम् आविः अभूत् शौरिः"** (भाग.पुरा.१०।३२।२) इत्यादि श्लोकपर है जो तामस-फल-प्रकरण सुबोधिनीमें परिशिष्टके रूपमें (पृ.४०-४४) मुद्रित मिलता है. इसी प्रकार **"भगवानपि ता रात्रीः"** (भाग.पुरा.१०।२९।१) तथा **"कथा इमास्ते कथिता महीयसाम्"** (भाग.पुरा.१२।३।१४) श्लोकोंका उन्होंने कारिकाबद्ध विवरण लिखा है. इनमेंसे प्रथम तामसफल-प्रकरणकी सुबोधिनीके परिशिष्टमें (श्रीगोपेश्वरकृतव्याख्यासहित) तथा द्वितीय सप्रकाश एकादशस्कन्धसुबोधिनीके परिशिष्टमें (श्रीपुरुषोत्तमकृतविवृतिसहित) प्रकाशित हुआ है. इसी प्रकार **"कायेन वाचा मनसा इन्द्रियैः वा"** (भाग.पुरा.११।२।३६) इत्यादि श्लोकका श्रीविट्ठलनाथकृत तात्पर्यनिरूपण भी सप्रकाश एकादशस्कन्धसुबोधिनीमें (चतुर्थ परिशिष्टके रूपमें) मुद्रित है. पो.कण्ठमणि शास्त्रीने श्रीमद्भागवतके **"शृंग्यग्निदंष्ट्रान्यसिजलद्विज..."** (भाग.पुरा.१०।८।२५) इत्यादि पद्यपर श्रीविट्ठलनाथके एक अप्रकाशित लेख, वेदस्तुति (भाग.पुरा. १०।८७।१४-४१)पर उनकी 'श्रुतिगीतार्थ' नामक एक अप्रकाशित कृति तथा भागवतके एक अन्य श्लोकपर उनके एक स्वतन्त्र लेखके

---

१. द्रष्टव्य, जन्मप्रकरणसुबोधिनी १०।३।७, तामस-साधन-प्रकरणसुबोधिनी १०।१९।२१, तामस-फल-प्रकरणसुबोधिनी १०।२६।३, १०।२६।८, १०।२६।१२-१६, १०।२६।३१, १०।२६।३३, १०।२६।३५, १०।२६।३६, १०।२६।३८, १०।२६।४०, १०।२७।२, १०।२७।२१, १०।२८।१२, १०।२९।२४, १०।२९।२१, १०।३०।१६, १०।३२।९, १०।३२।१०, १०।३२।२३, राजसप्रमेयप्रकरणसुबोधिनी १०।४४।१, १०।४४।३८, तथा १०।४४।६० तामसप्रमेयप्रकरणसुबोधिनी १०।१८।५, १०।१८।९, १०।१८।१४, १०।१८।१९, तामससाधनप्रकरणसुबोधिनी १०।१९।१४, १०।२५।१२, तामसफलप्रकरणसुबोधिनी १०।२६।३२, १०।२९।२, १०।२९।३ तथा १०।३०।१७.

कांकरोलीके सरस्वती भण्डारमें होनेका उल्लेख किया है[१]. डॉ.दासगुप्तकी पूर्वोक्त कृतिमें (पृ.३७७में) उल्लिखित स्वतन्त्रालेखनसे सम्भव है श्रीविट्ठलनाथके इस प्रकारके स्वतन्त्र लेख ही अभिप्रेत हों. उनकी भागवत सम्बन्धी एक अन्य कृति भागवततत्त्वदीपिकाका उल्लेख भी डॉ.दासगुप्तने पूर्वोल्लिखित पृष्ठपर (आफ्रेख्तकी सूचीके आधारपर ही) किया है.

श्रीमद्भागवतके षष्ठस्कन्धके ग्यारहवें अध्यायके वृत्रप्रोक्त अन्तिम चार श्लोक (भाग.पुरा.६।११।२४-२७) चतुःश्लोकीके नामसे प्रसिद्ध हैं. षष्ठ स्कन्धपर श्रीवल्लभाचार्यकी सुबोधिनी व्याख्या न होनेके कारण श्रीविट्ठलनाथने इस महत्त्वपूर्ण चतुःश्लोकीपर व्याख्या लिखी थी जो सेठ नारायणदास जेठानन्द आसनमल ट्रस्ट बम्बईसे सन् १९३७में प्रकाशित वृत्रासुरचतुःश्लोकीमें श्रीसुबोधिनी व्याख्याके नामसे मुद्रित हो चुकी है. बृ.स.पृ.१९७पर **'अथाद्या (वृत्त) चतुःश्लोकी'** शीर्षकसे मुद्रित चतुःश्लोकी कोई स्वतन्त्र कृति नहीं प्रत्युत इसी टीकाके प्रारम्भिक चार श्लोकोंका संकलनमात्र है. उनकी यह श्लोकचतुष्टयी 'वृत्रचतुःश्लोकीकारिकाः'के नामसे और यह गद्यमयी व्याख्या 'वृत्रचतुःश्लोकीव्याख्या'के नामसे प्रसिद्ध है.

श्रीविट्ठलनाथकृत 'गीतातात्पर्य' नामक निबन्ध—जिसकी रचना श्रीवि.च.(पृ.५६)के अनुसार श्रीविट्ठलनाथने वि.सं.१६२०में वडनगरमें दामोदर झाके लिए की थी—श्रीरमानाथ भट्टद्वारा अनूदित तथा भट्ट श्रीगौरगोपाल शर्माद्वारा बम्बईसे १९३४ ई.में प्रकाशित हो चुका है. इसकी प्रस्तावनामें (पृ.३पर) श्रीरमानाथ भट्ट लिखते हैं कि "श्रीवल्लभाचार्य अथवा उनके पुत्रकी निर्मित कोई गीताकी टीका नहीं मिलती. हां, श्रीविट्ठलेशप्रभुकृत गीताकी टीकाका एक अध्यायमात्र मिलता है."

---

१. द्रष्टव्य, शुद्धाद्वैत पुष्टिमार्गीय संस्कृत वाङ्मय, खण्ड १, पृ.१९३, २०४ तथा २१२

यहां उल्लिखित गीताकी टीकाके एक अध्यायका उल्लेख श्रीविट्ठलेशचरितामृतमें (पृ.५०पर) भी किया गया है. यह टीका गीतार्थविवरणम् नामसे श्रीमगनलालशास्त्रीद्वारा बम्बईसे प्रकाशित गीतातत्त्वदीपिकाके साथ छपी थी. इसकी अन्तिम पंक्तिसे स्पष्ट है[१] कि यह गीताके प्रथम अध्यायके बीसवें श्लोकपर[२] ही समाप्त हो जाती है यद्यपि पो.कण्ठमणिशास्त्रीकी धारणा है कि अनुपलब्ध अंशपर भी विवरण लिखा गया था[३]. इसे श्रीविट्ठलनाथकृत माना जाता है किन्तु इसमें गो.पुरुषोत्तमकृत गीताटीकाका उल्लेख[४] मिलनेसे अनुमान होता है कि यह किसी परवर्तीकी अधूरी कृति है. श्रीगोपालनारायण बहुराके अनुसार जयपुरनरेशके पोथीखानामें श्रीविट्ठलेश्वरकृत किसी सप्तश्लोकीगीताविवरणम् तथा **''सर्वधर्मान् परित्यज्य''** पद-टीकाकी पाण्डुलिपि है[५]. श्रीपरीखने[६] 'गीताहेतु' और डॉ.दासगुप्तने[७] 'भगवद्गीता हेतुनिर्णयः' नामसे श्रीविट्ठलनाथके गीतासम्बन्धी एक अन्य ग्रन्थका उल्लेख किया है, इसे श्रीपरीखने या डॉ.दासगुप्तने भी देखा था या नहीं यह कह सकना कठिन है.

श्रीविट्ठलनायकृत गायत्री व्याख्या—जिसका उल्लेख गो.श्रीवि.(पृ.-९)में गायत्र्यर्थकारिका और श्रीवि.च. (पृ.५०)में गायत्रीकारिका नामसे हुआ है—चौंतीस[८] कारिकाओंकी एक पद्यात्मक कृति है जो बृ.स.में (पृ.१०९-११३)पर मुद्रित मिलती है. यह बम्बईसे श्रीमगनलाल शास्त्रीद्वारा

---

१. कपिध्वजः इति शस्त्रलाघवं सूचितम्. २. अथ व्यवस्थितान् दृष्ट्वा धार्तराष्ट्रान् कपिध्वजः. (भग.गीता १।२०) ३. शु.पु.सं.वा. खण्ड १, पृ.७९ ४. यावद् न दृश्यते विज्ञैः गीतामृततरंगिणी. ५. Literary Heritage of the Rulers etc. p.268 ६. श्रीविट्ठलेशचरितामृत पृ.५०,५६. ७. क्त द्वष्ठङ्क्ष्वग्नङ्ड ग्रड्य द्वक्त्य. रुष्टष्ठज्ज. श्वग्नज्ज. द्वश्च., ङ्क. ३७७ ८. पो.कण्ठमणिशास्त्रीने इसे शु.पु.सं.वा. खण्ड १, पृ.६३ में ३५ कारिकाओं वाली कृति कहा है. वस्तुतः पैंतीसवीं कारिका समझा जानेवाला श्लोक श्वेताश्वतरोपनिषद् (६।३)का अन्तिम मन्त्र है जिसे उपसंहारके लिए सन्निविष्ट कर लिया गया है.

प्रकाशित श्रीमद्वल्लभाचार्य ग्रन्थरत्नमालाके प्रथम पुष्प—श्रीमद्वल्लभाचार्यप्रादुर्भावितं श्रीमद्गायत्रीभाष्यम्—में श्रीपुरुषोत्तमकृतविवरण-सहित मुद्रित मिलती है. वहां इसे 'श्रीगायत्र्याद्यर्थप्रकाशकारिकाः' कहा गया है. डॉ.दासगुप्तने अपनी पूर्वोक्त कृतिमें लिखा है कि श्रीपुरुषोत्तमने श्रीविट्ठलनाथकृत गायत्रीभाष्यकी टीका भी लिखी थी[१]. स्पष्ट है कि वे गायत्रीभाष्यको श्रीविट्ठलनाथकृत समझते हैं किन्तु वल्लभ-सम्प्रदायमें इसे स्वयं श्रीवल्लभाचार्यकृत माना जाता है. श्रीवल्लभाचार्यकी यह गद्यात्मककृति गोस्वामी श्रीगोकुलेश्वरकृत स्वतन्त्र लेख सहित उपर्युक्त ग्रन्थमालाके प्रथम पुष्पके रूपमें श्रीमगनलाल शास्त्रीद्वारा प्रकाशित की गयी थी. यह बृ.स. (पृ.१०३-१०९)में भी मुद्रित मिलती है और वहां भी इसे श्रीमद्वल्लभाचार्यकृत ही कहा गया है. डॉ.दासगुप्तका यह समझना भी भूल है कि श्रीपुरुषोत्तमका विवरण 'गायत्रीभाष्य' नामक गद्यात्मककृतिकी व्याख्या है. वस्तुतः यह विवरण जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है श्रीविट्ठलनाथकी पद्यात्मककृति श्रीगायत्रीव्याख्या या श्रीगायत्र्याद्यर्थप्रकाशकारिकाः की व्याख्या है और स्वयं श्रीपुरुषोत्तमने इसे श्रीमत्प्रभुचरणकृतगायत्र्याद्यर्थप्रकाशकारिकाविवरण कहा है.

श्रीजयदेवकृत गीतगोविन्दपर भी श्रीवल्लभवंशवृक्ष (पृ.१०)में गीतगोविन्दटीका और गोस्वामिश्रीविट्ठलनाथजी (पृ.६)में गीतगोविन्दार्थके नामसे श्रीविट्ठलनाथकृत एक टीकाके होनेका उल्लेख मिलता है. श्रीविट्ठलनाथको पो. कण्ठमणि शास्त्रीकी कृति (शु.पु.सं.वा. खण्ड १, पृ.२४४)में अप्रकाशित गीतगोविन्दविवृतिका, डॉ.दासगुप्तकी कृतिमें (पृ.३७७पर) गीतगोविन्दप्रथमाष्टपदीविवृतिका, श्रीविट्ठलेशचरितामृत (पृ.५१)में गीतगोविन्दप्रथमाष्टपदीटीका तथा श्रीवल्लभवंशवृक्ष (पृ.१०)में अष्टपदीटीकाका कर्ता कहा गया है किन्तु वाल्लभ-साहित्यके अधीती

१. "He (पुरुषोत्तम) also wrote a sub-commentary on Vitthala's Bhasya on the Gayatri." A History of Ind. Phil. Vol. IV., p. 380.

विद्वान् पं.हरिशंकरशास्त्री गीतगोविन्दार्थका अध्ययन कर इस निष्कर्षपर पहुँचे हैं कि ''गीतगोविन्दार्थं...के अनुसार गीतगोविन्दमें एक भी वाक्य ऐसा अवशिष्ट नहीं रह सकता जिसका शृंगारवर्णनमें उपयोग न हो. '...**म्लेच्छान् मूर्च्छयते**' इस पदका अर्थ है '**सुरते मणितादिवर्द्धयते**' और भी जहां तहां कई प्रकारके सुरत-विशेषोंका वर्णन किया है, व्याख्या सरस है, परन्तु इसे श्रीप्रभुचरणोंकी कृति कहनेमें संकोच अवश्य है, क्योंकि '**म्लेच्छान् मूर्च्छयते**' इस पदका '**सुरते मणितादिवर्द्धयते**' **जैसा अप्रसिद्ध अर्थ श्रीप्रभुचरण लिखें यह कम सम्भव है. तथापि यह ग्रन्थ साम्प्रदायिक अवश्य है.**'' (गोस्वामिश्रीविट्ठलनाथजी, पृ.१०).

श्रीवेदान्तदेशिककृत न्यासादेशके एक श्लोककी श्रीविट्ठलनाथकृत विवृतिका उल्लेख गीता (१८।६६)की अपनी टीकाओंमें श्रीवल्लभ तथा श्रीपुरुषोत्तम ने किया है. इस व्याख्याका श्रीवि.च.(पृ.५०) मेंन्यासादेशविवृति, श्रीवल्लभवंशवृक्ष (पृ.१०)में न्यासादेशविवरण, डॉ.दासगुप्तकी पूर्वोक्त कृतिमें (पृ.३७७ पर) न्यासादेशविवरणप्रबोध तथा गो.श्रीवि. (पृ.६)में न्यासादेशटीकाके नामसे उल्लेख मिलता है. इसे श्रीरमानाथ शर्माने बड़ा मन्दिर बम्बईसे सन् १९१६ ई.में हिन्दीभाषान्तर सहित प्रकाशित किया था. इसके पृ.छः पर आये ''**भक्तिमार्गीयन्यासो घोषभूषणसीमन्तिनीष्वेव इति पितृचरणैः संन्यासःकरणे निरूपितम्**''. इस वाक्य तथा उपसंहार के ''**इति पितृचरणकृपातो गोपीपतिचरणरेणुधनिना यः. श्रीविट्ठलेन विवृतः**'' इत्यादि श्लोकसे इसके श्रीविट्लनाथकृत होनेकी पुष्टि होती है.

बृ.स.में (पृ.८४-८८)पर मुद्रित श्रीकृष्णके नामोंका निरूपण करनेवाली पैंतीस श्लोकोंकी कृति श्रीकृष्णप्रेमामृतम् को पुष्पिकामें 'श्रीवल्लभाचार्यविरचितं प्रेमामृतम्' कहा गया है. डॉ.दासगुप्तने कृष्णप्रेमामृतको श्रीविट्ठलनाथकी कृति माना है[१]. श्रीवि.च.(पृ.५५)के अनुसार ''**इस ग्रंथको स्वामिनीजीने**

१. A History of Indian Philosophy, Vol IV., P.377

कृष्णके विरहमें अपने नखोंसे श्रीगिरिराजजीकी शिलापर लिखा था. बैठकचरित्रमें इसका उल्लेख हुआ है. इसको आचार्यचरणने लिख लिया था और जगदीशकी आज्ञा होनेपर उसकी एक यानि (?प्रति) चैतन्यको दे दिया था.'' इसकी विभिन्न प्राचीन पाण्डुलिपियोंमें इसे 'श्रीकृष्णचैतन्यमुखपद्मविनिर्गत' कहा गया है[१]. श्रीविट्ठलनाथने इसकी विवरण नामक विशद व्याख्या लिखी है. इस व्याख्यामें ग्रन्थकारके लिए 'इत्याह' इत्यादि एकवचन शब्दोंके प्रयोगसे तथा इस ग्रन्थकी अन्य व्याख्याओंसे असहमति[२] प्रकट करनेसे यह अनुमान होता है कि यह श्रीवल्लभाचार्य या श्रीविट्ठलनाथ की कृति न हो कर सम्भवतः श्रीचैतन्य या किसी अन्यकी कृति है, किन्तु इसकी विवरण व्याख्या निस्सन्देह श्रीविट्ठलनाथकृत है.

श्रीविट्ठलनाथकी स्वतन्त्र कृतियोंमें दार्शनिक दृष्टिकोणसे सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विद्वन्मण्डनम् है. इसकी प्रस्तावनामें इसे श्रुतिसूत्रादिकी मणियोंसे जटित और युक्तिमौक्तिकोंसे ग्रथित[३] बताते हुए उपसंहारमें कहा गया है कि श्रुतियों एवं व्यासवचनो में श्रद्धा रखनेवाले विद्वान् इसके अर्थकी हृदयंगम कर अथवा इसे तोतेकी तरह रट कर भी प्रतिपक्षियोंको परास्त कर सकते हैं[४]. इसे ही डॉ.दासगुप्तकी कृतिमें प्रमादवश पृ.३७७ पर दो बार 'विद्यामण्डन' और पृ.३८१ पर 'विद्वानमण्डन' कहा गया है.

---

१. चैतन्यसम्प्रदायके श्रीगोपालभट्टगोस्वामी द्वारा विरचित 'श्रीकृष्णप्रेमामृतम्' नामक गद्यपद्यमयी कृति, जो कृष्णदास बाबाजी द्वारा प्रकाशित ग्रन्थरत्नषट्कम्में मुद्रित मिलती है, इससे भिन्न है. २. अहःशब्दः क्षणोपलक्षकएव इति केचित्, तद् न, मुख्यार्थोपपत्तौ गौणस्य अयुक्तत्वात्.(प्रेमामृतविवरणम् ३). ३. श्रुतिसूत्रादिमणिभिः जटितं युक्तिमौक्तिकैः, ग्रथितं कुरुते विद्वन्मण्डनं विट्ठलःसुधीः. (विद्वन्म.३ पृ.१०) ४.वरीवर्ति श्रद्धा श्रुतिषु यदि वा व्यासवचने तदा विद्वांसो अस्मद् विरचितम् इदं मण्डनवरं, यथोक्तं कण्ठे वा शुकवद् अथवा अर्थं च हृदये मुदा कृत्वा आयत्तं धुनुत रिपुपक्षाभिधतमः (विद्वन्म.पृ.३५४)

अणुभाष्यके श्रीविट्ठलनाथकृत अंशके अनेक वाक्यों[१] में तथा सुबोधिनीकी टिप्पणीमें 'विद्वन्मण्डन'का नामोल्लेख मिलता है जिससे ज्ञात होता है कि श्रीविट्ठलनाथने अणुभाष्यकी पूर्ति तथा टिप्पणी की रचना करनेके पहले ही विद्वन्मण्डनका प्रणयन पूरा कर लिया था[२]. इस सम्बन्धमें विद्वन्मण्डनकी प्रस्तावनामें श्रीबलभद्रशर्मा द्वारा उद्धृत कुछ प्राचीन पद्यो[३] पर विचार करनेसे यह ज्ञात होता है कि विद्वानोंकी एक परम्परा यह भी मानती आयी है कि श्रीविट्ठलनाथने विद्वन्मण्डनकी रचना अणुभाष्यके शेषांशको पूरा करनेके पहले ही कर ली थी किन्तु उसका संशोधन अणुभाष्य पूरा कर लेनेके बाद किया. श्रीबलभद्रशर्मा[४]के अनुसार इस धारणाकी पुष्टि स्वयं विद्वन्मण्डनके **"इदं तु यथा तथा परात्तु तच्छ्रुतेः"** (ब्र.सू.२।३।४१) इत्यधिकरणे निरूपयिष्यामः (विद्वन्मण्डनम्, पृ.११४) इत्यादि वाक्योंसे भी होती है. विद्वन्मण्डनकी सिद्धान्तशोभा टीकासे ज्ञात होता है कि अपनी इस कृतिको अन्तिम रूप देनेके समय तक श्रीविट्ठलनाथ अपने विद्वान् पुत्र-पौत्रों एवं शिष्यों से विचार-विमर्श करते हुए सिद्धान्तका प्रतिपादन करनेकी प्रक्रिया अपनाने लगे थे. इससे स्पष्ट है कि विद्वन्मण्डनको अन्तिम रूप उन्होंने वय अधिक

---

१. कार्यवैचित्र्यञ्च कथम् इत्यादिचोद्यं "कृतप्रयत्नापेक्षस्तु विहितप्रतिषिद्धावैयर्थ्यादिभ्यः" (ब्र.सू.२।३।४२) इत्यत्र निरस्तं, विद्वन्मण्डने श्रीविट्ठलेन च (ब्र.सू.भा. ३।२।४१). एतच्च उपपादितं पूर्वं विद्वन्मण्डने च (ब्र.सू.भा.३।३।५४). एतद् यथा तथा विद्वन्मण्डने प्रपञ्चितम् (ब्र.सू.भा.४।२।१६). २. साम्प्रदायिकसुधीभिः भाष्यशेषे सुबोधिनीटिप्पण्याञ्च विद्वन्मण्डननामोपलब्धमेव स्यात्, तेन भाष्यशेषटिप्पणी-प्रणयनतः पूर्वम् एतद् निर्मितिः इति शक्यं प्रतिपत्तुम्. (विद्वन्मण्डनप्रस्तावना पृ.८). ३. व्याख्यातं विट्ठलेशार्यैः सूत्राध्यायद्वयं तथा. निबन्धतुर्यस्कन्धार्थटीकाऽग्रेतन-पद्धतिः समारब्धा सामिकृता हरिवंशानुशासनात्. स्वभेदैकसमाम्नायो अभिप्रायो विट्ठलेशितुः तत्सामिरचितग्रन्थत्वाद् न तत्र स्वनामभृत्. पूर्वं विद्वन्मण्डनं तु कृतं तैः विसमञ्जसम्. सूत्रभाष्यानन्तरं शोधितम् इति अविरोधि तत्. अतः तदीयग्रन्थेषु न विरोधो अस्ति कश्चन इति इन्दिरेशदासस्य कृतिपुष्पाञ्जलिः हरौ. ४. विद्वन्मण्डनप्रस्तावना, पृ.८-९.

हो जानेपर ही दिया होगा. इससे भी पूर्वोक्त अनुमानकी ही पुष्टि होती है. विद्वन्मण्डनका संस्कार करनेके समय पुत्र-पौत्रोंके वर्तमान होनेके सम्बन्धमें सम्प्रदायमें परम्परया यह माना जाता रहा है कि विद्वन्मण्डनमें उपन्यस्त अधिकांश पूर्वपक्ष श्रीविट्ठलनाथके श्रीरघुनाथ आदि पुत्रों एवं पौत्रों द्वारा किये जाते थे और श्रीविट्ठलनाथ उनका खण्डन कर सिद्धान्तका प्रतिपादन करते थे. सिद्धान्तशोभा टीकाके वाक्यों[१]से इसकी पुष्टि होती है. श्रीगोविन्दप्रभुकृत नित्यकृत्यसंग्रहके विद्वन्मण्डनप्रस्तावना (पृ.९)में उद्धृत वाक्यों[२]से भी यही सिद्ध होता है कि पुत्र-पौत्रादिकोंको किसी भी प्रकारका सन्देह होनेपर वे सभीको सन्तुष्ट कर देनेवाला समाधान दे कर ही आगे बढ़ते थे.

विद्वन्मण्डनकी अपनी प्रस्तावनामें सिद्धान्तशोभा नामक टीकाके **''इति प्रभुचरणाविष्कृताधिकरणमीमांसासंचारी भाष्यार्थः प्रसंगाद् दर्शितः''** (सिद्धान्त शोभा. पृ.१०) इस वाक्यके आधारपर श्रीबलभद्र शर्माने श्रीविट्ठलनाथके 'अधिकरणमीमांसा' नामक निबन्ध—जो अब उपलब्ध नहीं है—के होनेका अनुमान किया है.[३]

---

१. परमतभाषया प्रभुप्रौढतनयाः प्रत्यवतिष्ठन्ते 'निर्विशेषं निरूप्यते' इति. (सिद्धान्तशोभा, पृ.३), 'तर्हि' इत्यारभ्यैव रघुनाथवर्याणां पूर्वपक्षावतारः 'चेद्' इति पर्यन्तम् इति आहुः (वही,पृ.४०), अधुना श्रीमदाचार्यसिद्धान्तं सिद्धाञ्जनेन संगोप्य वदतां श्रीगोकुलनाथानामुक्तिमुपदर्शयन्ति 'यागादिकरणस्य' इति. 'समाधानाथ' इति पर्यन्तम्. (सिद्धान्तशोभा, पृ.४५) अत्रासिधाराव्यूहे निवेशिताः केचित् स्वपक्षीयाः पौत्रप्रभृतयः तएव प्रतिवादिनं पर्यनुयुञ्जते (सिद्धान्तशोभा, पृ.४८) २. विद्वन्मण्डनप्राकट्ये श्रीगोस्वामिमुखाद् एकः शब्दो व्याकरणासिद्धइव निःसृतः, तदा श्रीगिरिधरैः विज्ञप्तिः कृता, शब्दो अयम् अशुद्धइव भाति इति, तदा श्रीगोविन्दरायानाकार्योक्तं, कथम् अयं शब्दः सिद्धचेत्? तदा यद् व्याकरणे सिद्धः तद्रीत्या साधितः ३. कतिपये च कालेन कवलितकलेवराः इति क्वचन केवलं नाम्ना परिचीयन्ते. एष्वेव सिद्धान्तशोभापरिचायितः 'अधिकरणमीमांसा' नाम्ना निबन्धः स्याद् इति तर्कये. (विद्वन्मण्डनप्रस्तावना पृ.५-६)

भक्तिहंस और भक्तिहेतुनिर्णय ग्रन्थोंका प्रणयन दो सौ बावन वैष्णवन्‌की वार्ता[१] के अनुसार श्रीविट्ठलनाथने खंभाइचके शास्त्रज्ञ ब्राह्मण मुरारी आचार्यके आग्रहपर वादग्रन्थके रूपमें किया था. भक्तिहंसमें भक्तिके स्वरूपका निरूपण करते हुए उसकी उपासना आदि मार्गोसे विशिष्टताका प्रभावशाली ढंगसे प्रतिपादन किया गया है. इसका हिन्दी अनुवाद एवं व्याख्या सहित एक संस्करण इसी ग्रन्थमालाके प्रथम पुष्पके रूपमें प्रकाशित किया जा चुका है. भक्तिहेतुनिर्णयमें भक्तिके हेतुका विचार करते हुए यह प्रतिपादित किया गया है कि यह हेतु भगवदनुग्रह ही है, कर्म आदि नहीं. इसके विवेच्य विषयका विश्लेषण हम इसी भूमिकाके अन्तमें करेंगे. इसे ही कभी-कभी भक्तिहेतु भी कह दिया जाता है[२] अतः श्रीविट्ठलनाथकी कृतियोंकी विभिन्न सूचियोमें उल्लिखित भक्तिहेतुको इस कृतिसे पृथक् कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ न समझना चाहिए. अष्टछाप और वल्लभ-सम्प्रदाय तथा श्रीवि.च.में श्रीविट्ठलनाथकी कृतिके रूपमें उल्लिखित भक्तिनिर्णयके मुद्रित या अमुद्रित रूपमें किसीके दृष्टिपथमें आनेकी जानकारी स्वयं दीनदयालुगुप्त और श्रीपरीख को भी होनेका कोई प्रमाण नहीं है. श्रीविट्ठलनाथके भक्तिसम्बन्धी एक अन्य चौवीस श्लोकोंवाले 'भक्तिजीवनम्' नामक ग्रन्थका—जो पुष्टिभक्तिसुधा पत्रिकामें प्रकाशित भी हो चुका है—उल्लेख पो.कण्ठमणि शास्त्रीने अपनी कृति (शु.पु.सं.वा.खण्ड १,पृ.१६५)में किया है. श्रीहरिशंकर शास्त्रीने उनकी 'भक्तिमार्गमर्यादा' नामक एक कृतिका उल्लेख गो.श्रीवि.(पृ.८)में किया है किन्तु इसके कहीं उपलब्ध होनेकी चर्चा नहीं की है.

गो.श्रीवि. (पृ.६)के अनुसार मुक्तितारतम्यनिर्णयको भी श्रीविट्ठलनाथकी कृति माना जाता है. किन्तु पं.हरिशंकर शास्त्री इसे पढ़ कर

१. दो.वार्ता, खण्ड २, पृ.२२९. २. निर्णीतवान् भक्तिहेतुं निगूढाशयविट्ठलः (भक्तिहेतुनिर्णय, उपसंहार) कृतवान् रघुनाथो अहं भक्तिहेतुप्रकाशनम् (भक्तिहेतुविवृति,उपसंहार)

इस निष्कर्षपर पहुँचे हैं कि "इसके तो साम्प्रदायिक होनेमें भी सन्देह है... अनुमान होता है कि यह ग्रन्थ...किसी मध्वसम्प्रदायी विद्वान्का है. इसमें मुक्तितारम्य विवेचनके सिवा और किसी प्रकारकी सिद्धान्तचर्चा नहीं है और इतिश्रीमें विट्ठलेशप्रभुका नाम बहुत स्पष्ट है, इसलिये यह अनुमानसे काम लिया है." (गो.श्रीवि.पृ.१०-११). यह कहना कठिन है कि श्रीपो.कण्ठमणि शास्त्रीने श्रीविट्ठलनाथ विरचित जिस अप्रकाशित भक्तितारतम्यनिर्णयके कांकरोलीके सरस्वती भण्डारमें होनेका उल्लेख [१] किया है वह पूर्वोक्त मुक्तितारतम्यनिर्णय ही है या इससे भिन्न कोई स्वतन्त्र कृति.

डॉ.दासगुप्तने उनकी कृतियोंमें अवतारतारतम्यस्तोत्रका उल्लेख किया है[२] और जयपुरनरेशके संग्रहमें उनकी तारतम्यरत्नमालाप्रदीपिका (अवतारविचारात्मिका) की पाण्डुलिपि मिलती है. इसके साथ ही उनकी 'आचार्यसिद्धान्तवाङ्माला' (टीकासहिता)की पाण्डुलिपि भी वहां सुरक्षित है[३]

'शृंगाररसमण्डनम्' श्रीविट्ठलनाथकी एक अन्य महत्त्वपूर्ण कृति है. श्रीहरिरायके अनुसार उन्होंने इसकी रचना चाचा हरिवंशके आग्रहसे की थी[४]. यह रससर्वस्व या व्रतचर्या, दानलीला और उल्लास नामक तीन विभागोंमें विभक्त है. इसका प्रकाशन श्रीमूलचन्द्र तेलीवालाने बम्बईसे वि.सं.१९७५में किया था. श्रीविट्ठलेशचरितामृत (पृ.५२)के अनुसार इसके प्रथम विभाग व्रतचर्याकी रचना चीरघाटपर हुई थी, द्वितीय विभाग दानलीलाका प्रारम्भ रीठौरामें और समापन असारवामें हुआ था तथा तृतीय विभाग बेलवनमें लिखा गया था.

श्रीहरिशंकर शास्त्रीकी सूची[५] में पृ.९पर तथा डॉ.दासगुप्तकी सूचीमें

---

१. शु.पु. सं. वा., खण्ड २, पृ.२२२. २. A History of Ind. Phil. Vol.IV., p.377 ३. LiteraryHeritage of the Rulers etc., p.268. ४. दो. वार्ता, खण्ड १, भावप्रकाश, पृ.६३. ५. गो.श्रीवि., पृ.८-९.

पृ.३७७पर श्रीविट्ठलनाथकी कृतिके रूपमें उल्लिखित और बृ.स. (पृ.१८१-१८२)में मुद्रित रससर्वस्व स्वतन्त्र कृति न हो कर इसी शृंगारसमण्डनके 'रससर्वस्व' नामक प्रथम विभागके प्रथम ग्यारह श्लोकोंका संग्रह ही है. यह विभाग 'व्रतचर्या'के नामसे भी प्रसिद्ध है और श्रीशास्त्रीकी पूर्वोक्त सूचीमें उल्लिखित 'व्रतचर्याष्टपदी'से अभिप्राय इसी विभागके अन्तर्गत आनेवाली (पृ.५-६पर मुद्रित) अष्टपदीसे है. यही अष्टपदी बृ.स.में पृ.१७३-१७४पर व्रजचर्याष्टपदीके नामसे मुद्रित मिलती है. स्पष्ट है कि व्रतचर्याष्टपदी या व्रजचर्याष्टपदी को शृंगाररसमण्डनसे भिन्न स्वतन्त्र कृति मानना भूल है. इसी प्रकार शास्त्रीजीकी पूर्वोक्त सूचीमें उल्लिखित और बृ.स.पृ.१७९-१८०में मुद्रित दानलीलाष्टक भी स्वतन्त्र कृति न हो कर शृंगाररसमण्डनके 'दानलीला' नामक द्वितीय विभागके प्रथम आठ श्लोकोंका संग्रह ही है. शास्त्रीजीकी सूचीमें पृ.८पर उल्लिखित और बृ.स.में पृ.१८२-१८६पर मुद्रित शृंगाररस भी स्वतन्त्र कृति न हो कर शृंगाररसमण्डनके तृतीय विभागका प्रथम उल्लास मात्र है.

श्रीविट्ठलनाथको गृहकलहके कारण वि.सं.१६०५की पोष शुक्ल षष्ठीसे वि.सं.१६०६की आषाढ शुक्ल षष्ठी तक छः मास श्रीनाथजीकी सेवाका अवसर प्राप्त न हो सका था. इस अवधिमें उन्होंने परासोलीमें चन्द्रसरोवरपर रह कर नौ विज्ञप्तियाँ लिखी थीं. ये विज्ञप्तियाँ श्रीभक्तिमार्गीय वाचनालय बम्बईसे वि.सं.२०१२में प्रकाशित विज्ञप्तिस्तोत्रोंमें गुजराती अनुवादसहित प्रकाशित हो चुकी है. इनमेंसे प्रथम आठमें प्रत्येकमें पच्चीस और नवींमें छब्बीस श्लोक हैं. ये विज्ञप्तियाँ बृ.स. (पृ.१६८-२२६)में भी मुद्रित मिलती हैं. बृ.स.में (पृ.१७१-१७३पर) इनसे पृथक् चौबीस श्लोकोंकी एक अन्य विज्ञप्ति भी विट्ठलनाथकृत कह कर मुद्रित की गयी है, किन्तु इस विज्ञप्तिके चौबीस श्लोकोंमेंसे बीस श्लोक (संख्या १-९, ११-१४, १६, १६-२३ और २४ क्रमशः) पूर्वोक्त विज्ञप्तियोंमेंसे तीसरी विज्ञप्तिके बीस श्लोकों (संख्या १-१९ और

२५)से अभिन्न है. इस विज्ञप्तिके सभी चौबीस श्लोक श्रीगोकुलेशकी कृतिके रूपमें विज्ञप्तिस्तोत्रो (पृ.६८-७५)में मुद्रित विज्ञप्तिमें भी (श्लोकसंख्या १-२३ तथा २६ के रूपमें) मुद्रित मिलते हैं. श्रीगोकुलेशकृत कही जानेवाली इस विज्ञप्तिके शेष तेरह श्लोकोंमेंसे पांच (श्लोकसंख्या ३०-३४) श्रीविट्ठलनाथकृत चतुर्थं विज्ञप्तिके प्रथम पांच श्लोकोंसे अभिन्न हैं.

श्रीविट्ठलनाथकी अन्य स्तुतिपरक कृतियोंमेंसे श्रीगोकुलाष्टकम्, ललितत्रिभंगस्तोत्रम् (५५ श्लोकात्मक), यमुनाष्टपद्दी, श्री स्वामिन्यष्टकम्, राधाप्रार्थनाचतुःश्लोकी, श्रीस्वामिनीप्रार्थना (षट्श्लोकात्मिका[१]) और श्रीस्वामिनीस्तोत्रम् (द्वादशश्लोकात्मक) बृ.स.में मुद्रित मिलती हैं. सम्भवतः इनमेंसे अन्तिम—स्वामिनीस्तोत्र—को ही डॉ.दासगुप्तकी कृतिमें (पृ.३७७ पर) प्रमादवश 'स्वामिस्तोत्र' कहा गया है. पो.कण्ठमणि शास्त्रीने उनके 'बालकृष्णाष्टकम्' या 'बालकृष्णनमनाष्टकम्' नामक एक अप्रकाशित अष्टकके कांकरोलीके सरस्वती भण्डारमें होनेका उल्लेख किया है[२]. उनकी चतुःश्लोकी, रक्षास्मरणम् (एकादशश्लोकात्मक), स्वप्नदर्शनम्, प्रबोधः और गुप्तरसः शीर्षकवाली कृतियाँ भी बृ.स.में मुद्रित मिलती हैं. उनकी 'गुप्तषोडशश्लोकाः' शीर्षक अप्रकाशित कृतिके उक्त सरस्वती भण्डारमें होनेकी सूचना पो.कण्ठमणि शास्त्रीने दी है[३].

श्रीविट्ठलनाथकृत 'श्रीवल्लभाष्टकम्' तथा 'श्रीस्फुरत्कृष्णप्रेमामृतम्' नामसे प्रसिद्ध सप्तश्लोकीमें श्रीवल्लभाचार्यकी प्रशस्ति है और सर्वोत्तमस्तोत्रम्में उनके १०८ नाम तथा उनके पाठका फल निरूपित किया गया है. इन कृतियोंके कई संस्करण मुद्रित हो चुके हैं. श्रीवि.च. (पृ.५१)में श्रीविट्ठलनाथको श्रीवल्लभनामावलीका कर्ता कहा गया है किन्तु बृ.स. (पृ.२८०-२८४)में श्रीवल्लभाचार्यके एक सौ-आठ नामोंकी निरूपिका

१. इसे पो.कण्ठमणि शास्त्रीने प्रमादवश अष्टक कहा है. (द्र. शु.पु.सं.वा.खण्ड २ पृ.२००). २. शु.पु.सं.वा. खण्ड २, पृ.१८०. ३. वहीं, पृ.१८८.

जो नामावली मुद्रित मिलती है उसे वहां श्रीहरिरायकृत कहा गया है. इसके प्रथम श्लोक[१] से भी यही सूचित होता है कि यह श्रीविट्ठलनाथकृत नहीं है. ऐसा प्रतीत होता है कि श्रीहरिरायकृत इस नामावलीको श्रीपरीखने प्रमादवश श्रीविट्ठलनाथकी कृतियोंकी सूचीमें समाविष्ट कर लिया है क्योंकि श्रीविट्ठलनाथ सर्वोत्तमस्तोत्रमें श्रीवल्लभाचार्यके १०८ नामोंका निरूपण कर चुकनेके बाद उनके १०८ नामोंकी एक अन्य नामावली लिखें यह सम्भव नहीं लगता.

श्रीविट्ठलनाथकी कुछ अन्य कृतियोंका उल्लेख अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय (पृ.७६-७७)में स्फुट स्तोत्रादि तथा श्रीवल्लभवंशवृक्ष (पृ.१०)में प्रकीर्णस्तोत्र शब्दसे किया गया है. बृ.स.में श्रीविट्ठलनाथकी कृतियोंके अन्तर्गत सर्वप्रथम 'मंगलाचरणम्' शीर्षकसे एक चतुःश्लोकी मुद्रित मिलती है जिसका प्रथम श्लोक[२] नवरत्नकी श्रीविट्ठलनाथकृत प्रकाशव्याख्याका मंगल श्लोक है और तृतीय श्लोक[३] श्रीविट्ठलनाथकृत द्वितीय विज्ञप्तिसे तेईसवें पद्य[४]का अपपाठ है. इसके दूसरे श्लोकमें श्रीमद्वल्लभनन्दनकी वन्दना[५] देख कर कुछ लोग इसके श्रीविट्ठलनाथकृत होनेमें सन्देह करते हैं किन्तु साम्प्रदायिक विद्वान् यहां इस पदको श्रीविट्ठलनाथके अग्रज श्रीगोपीनाथका वाचक मानते हैं. चतुर्थं श्लोक[६] सम्प्रदायमें प्रसिद्ध उस श्लोक[७]का रूपान्तर है जिसे श्रीवल्लभाचार्यके काशीमें आसुरव्यामोहलीला करनेके समय भगवान् द्वारा उपदिष्ट माना

---

१. श्रीवल्लभाख्य-स्व-स्वामिनामानि स्वीयतुष्टये. यथामति वदिष्यामि तदाश्रितजनाश्रितः. २.चिन्तासन्तानहन्तारो यत्पादाम्बुजरेणवः. स्वीयानां तान् निजाचार्यान् प्रणमामि मुहुर्मुहुः ३. यदुक्तं तातचरणैः श्रीकृष्णः शरणं मम. अतएव अस्ति मच्चित्तम् ऐहिके पारलौकिके ४. यदुक्तं तातचरणैः श्रीकृष्णः शरणं मम. ततएव अस्ति नैश्चिन्त्यम् ऐहिके पारलौकिके ५. यदनुग्रहतो जन्तुः सर्वदुःखातिगो भवेत्. तमहं सर्वदा वन्दे श्रीमद्वल्लभन्दनम् ६. मम चित्तस्य विश्वासः श्रीगोपीजनवल्लभे, यदा तदा कृतार्थो अहं शोचनीयो न कर्हिचित् ७. मयि चेद् अस्ति विश्वासः श्रीगोपीजनवल्लभे, तदा कृतार्था यूयं हि शोचनीयं न कर्हिचित्.

जाता है. इस प्रकार यह मंगलाचरण श्रीविट्ठलनाथकी स्वतन्त्र कृति न हो कर किसी परवर्ती व्यक्ति द्वारा संकलित प्रतीत होता है.

इसी प्रकार गुजराती अनुवाद सहित प्रकाशित मूल विज्ञप्तिस्तोत्रके प्रारम्भमें श्रीविट्ठलनाथकृत कह कर मुद्रित किये गये पञ्चश्लोकात्मक मंगलाचरण को भी उनकी स्वतन्त्र कृति न मान कर किसी परवर्ती द्वारा संकलित मानना ही उचित प्रतीत होता है क्योंकि इनमेंसे चतुर्थ श्लोक गोस्वामिश्रीपुरुषोत्तमकृत अणुभाष्य प्रकाशका मंगलाचरण है तथा द्वितीय एवं तृतीय पद्य श्रीमद्भागवतकी श्रीवल्लभाचार्यकृत सुबोधिनी टीकाके मंगलश्ललोक हैं. प्रथम श्लोक[१] पर गोस्वामी श्रीहरिरायकी संस्कृत व्याख्या मिलती है जिसमें इसे श्रीमत्प्रभुचरणकी कृति कहा गया है. पञ्चम पद्य [२] 'सौन्दर्यपद्य'के नामसे प्रसिद्ध है और इसके श्रीविट्ठलनाथकृत होनेमें कोई सन्देह नहीं है. यह कई व्याख्याओं सहित प्रकाशित हो चुका है.

श्रीविट्ठलनाथकी सेवासम्बन्धी एक कृति 'सेवाश्लोकाः' या 'सेवाशिक्षा' के नामसे प्रसिद्ध है और जेठानन्द आसनमल ट्रस्ट्, बम्बईसे प्रकाशित सहस्रीभावनाके परिशिष्टके रूपमें मुद्रित हो चुकी है. ८९ श्लोकोंकी इस कृतिमें प्रातःसे ले कर शयनकालपर्यन्त भगवत्सेवाका सरस निरूपण उपलब्ध होता है[३]. गो.श्रीवि. (पृ.८)में इसका उल्लेख 'सेवाश्लोक'के नामसे किया गया है. पं.कण्ठमणि शास्त्रीने श्रीविट्ठलनाथकी सेवासम्बन्धी एक अप्रकाशित कृति 'सेवानुकूलविधानम्' के कांकरोलीके सरस्वतीभंडारमें

१. भावैः अंकुरितं महीमृगदृशामाकल्पमासञ्चितैः, प्रेम्णाकन्दलितं मनोरथमयैः शाखाशतैः सम्भृतं, लौल्यैः पल्लवितं, मुदा कुसुमितं, प्रत्याशया पुष्पितं, लीलाभिः फलितं भजे व्रजवनीशृंगारकल्पद्रुमम्. २. सौन्दर्यं निजहृद्गतं प्रकटितं स्त्रीगूढभावात्मकम्, पुंरूपञ्च पुनस् तदन्तर्गतं प्रावीविशत् स्वप्रिये संश्लिष्टावुभयौ बभौ रसमयः कृष्णो हि यत्साक्षिकं रूपं तत् त्रितयात्मकं परम् अभिध्येयं सदा वल्लभम् ३. द्र. शु.पु.सं.वा. खण्ड २, पृ.२२९-२३०.

होनेका उल्लेख किया है[१]. उन्होंनें 'पुरुषोत्तमप्रतिष्ठा' नामक श्रीविट्ठलनाथकी एक अन्य कृतिके कांकरोलीके सरस्वती भंडारमें होनेका उल्लेख करते हुए लिखा है कि 'पुरुषोतम-प्रतिष्ठा-प्रकारः' नामसे यह ग्रन्थ 'पुष्टिभक्तिसुधा'में प्रकाशित हुआ था[२]. उसका उल्लेख श्रीवि.च. (पृ.५१) और गो.श्रीवि. (पृ.८)में भी मिलता है. श्रीकण्ठमणि शास्त्रीने 'स्वमार्गीयसाधनरहस्यम्' शीर्षक उनके एक अन्य अप्रकाशित ग्रन्थके कांकरोलीके सरस्वतीभण्डारमें होनेकी चर्चा की है[३]. श्रीवि. च. (पृ.५०)में उनकी 'सेवानिकुंज' और 'गद्यार्थ' नामक दो अन्य कृतियोंका उल्लेख किया गया है. जयपुरनरेशके पोथीखानामें उनकी 'सेवार्थः' नामक कृतिकी पाण्डुलिपि सुरक्षित है[४].

बृ.स.के पृ.१५२-१५३पर छपी चार छन्दोंकी कृति 'राजभोगारार्तिकार्या-'को तथा पृ.१५८-१५९पर मुद्रित 'भुजंगप्रयाताष्टकम्'को भी—जैसा कि इनकी पुष्पिकाओंसे ज्ञात होता है—कुछ लोग श्रीविट्ठलनाथकृत न मान कर श्रीवल्लभाचार्यकृत मानते है किन्तु पूर्वोक्त राजभोगारार्तिकार्याकी रचना, श्रीवि.च. (पृ.५६)के अनुसार श्रीविट्ठलनाथजीने दस वर्षकी वयमें अडेलमें की थी. बृ.स.में (पृ.१५०-१५१पर) मुद्रित मंगलारार्तिकार्याकी रचना श्रीवि.च. (पृ.५६)के अनुसार श्रीविट्ठलनाथने अष्टछापके कवि श्रीपरमानन्ददासके लिए गोकुलमें की थी. बृ.स. के पृ.१५३पर 'सन्ध्यारार्तिकार्या' शीर्षकसे मुद्रित चार छन्दोंकी कृतिको पुष्पिकामें श्रीविट्ठलनाथकृत बताते हुए यह कहा गया है कि इसे कुछ लोग श्रीरघुनाथ—जो श्रीविट्ठलनाथके पाँचवें पुत्र थे—की कृति मानते हैं. इसकी टेक "**रतिरस्तु सदा वल्लभतनये**"से कभी-कभी इसके वल्लभतनय श्रीविट्ठलनाथकृत होनेमें सन्देह प्रकट किया जाता है किन्तु सम्प्रदायके कुछ विद्वानोंके अनुसार यह कृति निश्चय ही प्रभुचरणकी ही है और यहां वल्लभतनयसे श्रीविट्ठलनाथ अभिप्रेत नहीं हैं. श्रीविट्ठलनाथकृत शयनारार्तिकार्या भी

---

१. द्र. वहीं, पृ.२३०. २. शु.पु.सं.वा खण्ड २, पृष्ठ ९०. ३. वहीं, पृ.९५. ४. Literary Heritage of the Rulers etc. p.268.

बृ.रा. (पृ.१५४)में मुद्रित[१] मिलती है. श्रीवि.च.(पृ.५० में) उनकी शृंगारार्तिकार्याका भी उल्लेख है. डॉ.दासगुप्तकी कृतिमें (पृ.३७७पर) उल्लिखित आर्या ग्रन्थसे अभिप्राय सम्भवतः इन्हीं रचनाओंसे है. श्रीवल्लभवंशवृक्ष (पृ.१०)में इन्हें ही 'आर्याएँ' कहा गया है.

बृ.स.में (पृ.१५१पर) मुद्रित ''प्रेंखपर्यंकशयन इत्यादि पर्यंक'' अर्थात् पालना-गीतकी रचना श्रीवि.च. (पृ.५६)के अनुसार श्रीविट्ठलनाथने गोकुलमें सूरदासजीके लिए की थी. उनका एक अन्य पालना-गीत ''लालयति दोलिकामञ्च शयनम्'' इत्यादि बृ.स.में (पृ.२२६पर) 'द्वितीयपर्यंकः' शीर्षकसे मुद्रित मिलता है.

श्रीविट्ठलनाथकृत 'उत्सवनिर्णय'—जिसे अष्टछाप और वल्लभ-सम्प्रदाय (पृ.७६-७७)में 'निर्णयग्रन्थ' तथा श्रीवल्लभवंशवृक्ष (पृ.१०)में 'उत्सवनिर्णयग्रन्थ' कहा गया है—का उल्लेख श्रीपुरुषोत्तमने जन्मप्रकरण सुबोधिनी और उसकी टिप्पणी की अपनी प्रकाशव्याख्यामें[२] किया है. उत्सवनिर्णयके अन्तर्गत आनेवाली 'जन्माष्टमीनिर्णय' तथा 'रामनवमीनिर्णय' नामक कृतियोमेंसे प्रथम, जन्माष्टमीनिर्णयकी रचना श्रीवि.च. (पृ.५६-५७)के अनुसार श्रीविट्ठलनाथने मथुरामें की थी. इन दोनों कृतियोंके एकसे अधिक संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं. शुद्धाद्वैत पुष्टिमार्गीय संस्कृत वाङ्मयमें (प्रथम खण्ड, पृ.२३८) पो.कण्ठमणि शास्त्रीने श्रीविट्ठलनाथकी 'दोलोत्सवनिर्णयसूचनापत्रम्' नामक उत्सवसम्बन्धी कृतिका उल्लेख करते हुए बताया है कि यह प्रकाशित हो चुकी है.

श्रीविट्ठलनाथकृत कुछ स्फुट पद्य परवर्ती ग्रन्थोंमें उद्धृत मिलते हैं. दो सौ बावन वैष्णवकी वार्तामें नागजी भट्टको श्रीविट्ठलनाथ द्वारा पत्रमें लिख कर भेजे गये दो श्लोक उपलब्ध होते हैं[३]. इनमेंसे

---

१. इसे श्रीवि.च.पृ.६३में श्रीरघुनाथकृत बताया गया है. २. इदं यथा तथा उत्सवनिर्णयान्तर्गतजन्माष्टमीनिर्णयविवरणे सम्यक् प्रपञ्चितम् इति ततो अवधेयम्. (सुबो.टि.प्रकाशः १०।३।४७) ३. दो. वार्ता, खण्ड १, पृ.२४.

एक[१] श्लोकको श्रीबालकृष्णभट्टने सेवाकौमुदीमें उद्धृत किया है. इसी प्रकार पूर्वोक्त नागजी भट्टकी वार्तामें दो श्लोक[२] एवं पुरुषोत्तमदासकी वार्तामें एक श्लोक[३] श्रीविट्ठलनाथकी कृतिके रूपमें उद्धृत है.

श्रीविट्ठलनाथका एक पत्र "आत्मसुतेभ्यः पत्रम्" शीर्षकसे बृ.स. (पृ.१६९-१७०)में प्रकाशित हुआ था. विद्वन्मण्डनम् को भूमिकामें (पृ.२ पर) श्रीतेलीवालाने श्रीविट्ठलनाथजी द्वारा अपने ज्येष्ठ भ्राताको लिखा गया एक पत्र छापा है. उनके अनुसार श्रीविट्ठलनाथने नागजी भट्टको जो पत्र लिखे थे उनमेंसे कुछकी मूलप्रति श्रीनाथद्वारामें सुरक्षित है[४]. उनके कुछ अन्य पत्र भी उपलब्ध हैं.

इन सबके अलावा पं.हरिशंकर शास्त्रीने (गो.श्रीवि.पृ.९ में) श्रीविट्ठलनाथकी 'चौरचर्या' तथा 'चौर्यस्वरूपनामलीला' नामक दो अन्य कृतियोंका उल्लेख किया है. इसी प्रकार डॉ.दासगुप्तने उनकी कृतियोंमें ध्रुवापदटीका, भगवतस्वतन्त्रता, शिक्षापत्र, षट्पदी और समयप्रदीप को भी गिनाया है[५] किन्तु उनके एतत्सम्बन्धी वाक्यों या मत की प्रामाणिकता नितान्त सन्देहास्पद है यह उनकी कुछ उक्तियोंके अधोलिखित विवेचनसे स्पष्ट हो जायेगा.

डॉ.दासगुप्तने अपनी कृतिमें पृ.३७७पर सेवाकौमुदीको भी श्रीविट्ठलनाथकी कृति बताया है किन्तु पृ.३७५पर वे स्वयं लिखते हैं, "Balakrsna Diksita...wrote...a commentary on the Subodhini (the Subodhini yojana— nibandha— yojana Seevakaumudi)..."

---

१. श्रीवल्लभाचार्यमते फलं तत्प्राकट्यम् अत्र अव्यभिचारिहेतुः प्रेमैव तस्मिन् नवधोक्तभक्तिः तत्र उपयोगो अखिलसाधनानाम्. २. दो. वार्ता, खण्ड १, पृ.२२. ३. वहीं, खण्ड १, पृ. ३६५. ४. Sri Vitthaleshvara and his Vidvan-mandana (i.e. Introduction to Vidvanmandana) p.2. ५. A History of Ind.Phil. Vol. IV., p.377.

उनके इस वाक्यका सीधा अर्थ है कि बालकृष्ण दीक्षितने सुबोधिनीकी टीका लिखी है और उस टीकाका नाम सुबोधिनी—योजन—निबन्ध—योजन सेवाकौमुदी है. डॉ.दासगुप्तकी अन्य अनेक भूलोंके समान ही यह भी एक तथ्यसम्बन्धी भूल है. वस्तुतः सुबोधिनीयोजना (श्रीमद्भागवतकी सुबाधिनीटीकाकी श्रीबालकृष्णभट्टकृत व्याख्या), निबन्धयोजना (श्रीवल्लभाचार्यकृत तत्त्वार्थदीपनिबन्धकी श्रीबालकृष्णभट्टकृत व्याख्या) तथा सेवाकौमुदी (पुष्टिभक्तिमार्गीय सेवाके स्वरूप और विषयका प्रतिपादन करनेवाली श्रीबालकृष्ण भट्टकी स्वतन्त्र कृति) श्रीबालकृष्णभट्ट दीक्षित—जो सम्प्रदायमें श्रीलालूभट्टके नामसे प्रसिद्ध हैं—की तीन अलग-अलग कृतियां हैं. सेवाकौमुदी श्रीरमानाथशर्माकृत हिन्दीभाषान्तरसहित श्रीबालकृष्ण शुद्धाद्वैत संस्कृत पुस्तकालय बम्बईसे सन् १९१९ ई.में प्रकाशित हो चुकी है. इसके प्रथमप्रकरणमें यह प्रतिपादित किया गया है कि पुष्टिभक्तिमार्गीय सेवा श्रीमद्भागवतमूलिका है और द्वितीय प्रकरणमें यह सिद्धान्त निर्धारित किया गया है कि इस सेवाके विषय परमकाष्ठापन्न निर्गुण ब्रह्म श्रीकृष्ण हैं. पुस्तकमें पृष्ठ ७०पर इसे श्रीविट्ठलेश्वरचरणानुचरसेवक श्रीलालूभट्टोपनामक दीक्षितश्रीबालकृष्णभट्टविरचित कहे जानेसे तथा पृ.२९-३०पर आये "अस्य अर्थस्तु प्रभुचरणैः व्याख्यातः बोधसौकर्याय तदनुसारेणेहापि लिख्यते." इस वाक्य एवं पृ.४७पर आये "इति विद्वन्मण्डने निरूपितं प्रभुचरणैः" इस वाक्यसे यह निश्चित हो जाता है कि यह श्रीबालकृष्ण भट्टकी स्वतन्त्र रचना है और इसे श्रीविट्ठलनाथकी कृति कहना डॉ.दासगुप्तकी गलती है.

इसी प्रकार डॉ.दासगुप्तने अपनी कृति (भारतीय दर्शनका इतिहास, भाग चतुर्थ)के पृ.३७७पर श्रीविट्ठलनाथकी कृतियोंमें नामचन्द्रिकाका उल्लेख किया है किन्तु पृ.३७४पर उन्होंने लिखा है कि नामचन्द्रिका पुरुषोत्तमनामसहस्त्रकी रघुनाथकृत टीकाका नाम है (Raghunatha... wrote...a commentary on Purusottama-nama-sahastra, the Nama-chandrika.) और आगे चल कर पृ.३८०पर वे लिखते हैं कि

रघुनाथ—जिनका जन्म १५५७में हुआ था—ने वल्लभके भक्तिहंसपर नामचन्द्रिका नामकी टीका लिखी (Raghunatha, born in 1557, wrote the commentary Nama-chandrika on Vallabha's Bhakti-hansa.).अवधेय है कि अपने प्रकाशनोंमें मुद्रणकी अशुद्धियाँ न रहने देनेके लिए प्रसिद्ध इंग्लॅण्डके अग्रणी प्रकाशन कॅम्ब्रिज् युनिवर्सिटी प्रेसकी सिन्डीकेट् (के सदस्यों) द्वारा प्रकाशित डॉ. दासगुप्तकी इस कृतिमें भी कॅम्ब्रिज् युनिवर्सिटी प्रेस्के अन्य अनेक प्रकाशनोंकी भाति ही कोई शुद्धिपत्र नहीं दिया गया है जिसका सीधा-सा अर्थ यही होता है कि प्रकाशकोंकी दृष्टिमें ग्रन्थमें मुद्रणमें कोई भूल नहीं हुई है. किन्तु वास्तविकता यह है कि इस कृतिमें विभिन्न प्रकारकी अशुद्धियोंकी भरमार है[१]. डॉ.दासगुप्तके उपर्युक्त रूपमें मुद्रित इन परस्परविरोधी एवं भ्रामक वाक्योंके सम्बन्धमें हमें केवल यही कहना है कि श्रीविट्ठलनाथके पञ्चम पुत्र श्रीरघुनाथका जन्म कार्तिक शुक्लद्वादशी वि.सं.१६११ तदनुसार सन् १५५४ ई.को हुआ था (न कि सन् १५५७ ई.में)[२]. भक्तिहंस श्रीविट्ठलनाथकी रचना है (न कि वल्लभकी),

१. पृ.३७६ तथा ३८० पर अनेकशः पञ्चपद्यानिको पञ्चपाद्य, पृ.३७७पर एकसे अधिक बार विद्वन्मण्डनको विद्यामण्डन, पृ.३७९ पर तत्त्वार्थदीपनिबन्धको तत्त्वार्थदीपिका, प्रस्थानरत्नाकरको प्रार्थनारत्नाकर, वेदान्ताधिकरणमालाको वेदान्तकरणमाला तथा सुबोधिनीबुभुत्सुबोधिकाको सुबोधिनीबुभुत्रबोधिनी, पृ.३८१पर विद्वन्मण्डनको विद्यानमण्डन और शुद्धाद्वैतमार्तण्डको सिद्धाद्वैतमार्तण्ड लिखना एवं उसी पृ.३८१पर श्रीविट्ठलनाथके कनिष्ठपुत्र श्रीघनश्याम—जिनका जन्म कार्तिक कृष्णत्रयोदशी वि.सं.१६२८ तदनुसार सन् १५७१ ई.में हुआ था—को श्रीविट्ठलनाथका पौत्र और सन् १५७४ ई. में उत्पन्न बताना तथा इसी प्रकार पृ.३७९पर श्रीविट्ठलनाथके प्रपौत्र श्रीयदुपति—जिनका जन्म श्रीविट्ठलनाथके लीलाप्रवेश (वि.सं.१६४२)के २१ वर्ष बाद मार्गशीर्ष कृष्णप्रतिपदा वि.सं.१६६३ में हुआ था—के पुत्र (और श्रीपुरुषोत्तमके पिता) श्रीपीताम्बरको श्रीविट्ठलनाथका शिष्य बताना कुछ ऐसी गलतियाँ हैं जिन्हें हम इन पाँच पृष्ठोंमें (३७६-३८१) ही हुई अनेक गलतियोंमेंसे उदाहरणके लिए चुन सकते हैं. २.देखें, वंशावली, पृ.८५ तथा १९६.

भक्तिहंसकी श्रीरघुनाथकृत टीकाका नाम भक्तितरंगिणी है (न कि नामचन्द्रिका) और—जैसाकि स्वयं डॉ.दासगुप्तने (पृ.३७४पर) स्वीकार किया है—पुरुषोत्तमसहस्त्रनामकी नामचन्द्रिकाटीका श्रीरघुनाथकी कृति है (न कि श्रीविट्ठलनाथकी).

भक्तिहेतुनिर्णयकी संस्कृतव्याख्या विवृति

भक्तिहेतुनिर्णयके प्रस्तुत संस्करणमें मुद्रित 'विवृति'नामक संस्कृतव्याख्या भक्तिहेतुनिर्णयके लेखक गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथके पञ्चमपुत्र श्रीरघुनाथकी कृति है. श्रीरघुनाथका जन्म (गुर्जर कार्तिकशुक्लद्वादशी) वि.सं.१६११ में हुआ था. वे अच्छे विद्वान् एवं कवि थे और उन्होंने श्रीवल्लभाचार्य तथा श्रीविट्ठलनाथ के कई ग्रन्थोंकी व्याख्या लिखनेके साथ ही स्वतन्त्र रचनाएँ भी की हैं. उनके वंशमें उनके नामके तीन अन्य विद्वान् भी हुए हैं. इनमेंसे उनके पौत्र श्रीदेवकीनन्दनात्मज श्रीरघुनाथ (जन्म, गुर्ज आषाढकृष्णैकादशी वि.सं.१६६०) की भी कई कृतियां मिलती हैं. इन द्वितीय श्रीरघुनाथने अपने श्रीराघवेन्द्रस्तोत्रमें अपने पितामह द्वारा श्रीवल्लभाचार्यके ग्रन्थोंकी सम्यक् विवृति किये जानेका उल्लेख किया है[१]. श्रीराघवेन्द्रस्तोत्र लेखकने अपने पितामह श्रीरघुनाथ—जिनकी पत्नीका नाम श्रीमती जानकी था—को लक्ष्य करके ही लिखा है, दाशरथि रघुनाथको लक्ष्य कर नहीं, और इसे बृहत्स्तोत्रसरित्सागरमें भूलसे ही श्रीविट्ठलनाथपुत्र श्रीरघुनाथ—जो इस स्तोत्रके स्तुतिविषय हैं—की कृति मान लिया गया है. इसी प्रकार वहां इन द्वितीय श्रीरघुनाथकृत नामचिन्तामणिस्तोत्र—जिसमें उन्होंने अपने पिता श्रीदेवकीनन्दनके १०८ नाम गिनाये है[२]—को श्रीदेवकीनन्दनके पिता प्रथम श्रीरघुनाथकी कृति प्रमादवश ही मान लिया गया है.

---

१. सदा वल्लभाचार्यमार्गे प्रसक्तं पुनस्तत्कृतग्रन्थसम्यग्विवृत्या, प्रसिद्धञ्च तत्पादपद्मे नतांगं भजे जानकीनायकं राघवेन्द्रम्. (राघवेन्द्रस्तोत्र ७) २. देवकीनन्दनः श्रीमान्जानकीगर्भसम्भवः रघुनाथात्मजः पुण्यः (नामचिन्तामणिस्तोत्र-५)

श्रीवल्लभाचार्यकृत षोडशग्रन्थोंमेंसे कईपर प्रस्तुत संस्कृतव्याख्याकार श्रीरघुनाथकी व्याख्याएँ मिलती है. इनमेंसे पुष्टिप्रवाहमर्यादाविवरण, सिद्धान्तरहस्य विवृति, अन्तःकरणप्रबोधविवरण, विवेकधैर्याश्रयदीपिका, श्रीकृष्णाश्रयविवरण, भक्तिवर्द्धिनीविवृति और संन्यासनिर्णयविवरण नामक टीकाएँ मुद्रित हो चुकी हैं. उनकी सिद्धान्तमुक्तावलीव्याख्याके कांकरोलीके सरस्वतीभण्डारमें होनेका उल्लेख पो.कण्ठमणि शास्त्रीने किया है[१]. उनका मधुराष्टकविवरण भी मुद्रित हो चुका है. श्रीवल्लभाचार्यकृत पुरुषोत्तमसहस्त्रनामको उनकी नामचन्द्रिका व्याख्या श्रीमूलचन्द्र तेलीवालाने वि.सं.१९७४में बम्बईसे प्रकाशित की थी. श्रीवल्लभाचार्यस्तुतिपरक उनके दो स्तोत्र 'वह्निसूनुस्तवः' (नवश्लोकात्मक) और श्रीवल्लभभुजंगप्रयाताष्टकम् (बृ.स.पृ.२२८-२३३ में) प्रकाशित मिलते हैं. श्रीविट्ठलनाथकी कृतियोंमेंसे कईपर श्रीरघुनाथने व्याख्याएँ लिखी थीं. इनमेंसे सर्वोत्तमस्तोत्रविवरण, श्रीवल्लभाष्टकटीका, भक्तितरंगिणी (भक्तिहंसकी टीका) और 'विवृति' नामक भक्तिहेतुनिर्णयकी यह व्याख्या मुद्रितरूपमें उपलब्ध हैं. उनका श्रीविट्ठलनाथके १०८ नामोंका संग्राहक ३० श्लोकात्मक नामरत्नाख्यस्तोत्र बृ.स. (पृष्ठ २३४-२३७)में मुद्रित मिलता है. बृ.स. (पृष्ठ २२६-२३१)में मुद्रित गोस्वामिश्रीविट्ठलनाथस्तुतिपरक दसश्लोकात्मक 'श्रीविट्ठलेशस्तवः'को भी वहाँ उन्हींकी कृति माना गया है. बृ.स. (पृ.२३१-२३२)में मुद्रित उनके श्रीविट्ठलेशाष्टकको पो.कण्ठमणि शास्त्रीने प्रमादवश गोस्वामिश्रीविट्ठल-नाथकी स्तुति समझ कर आचार्यस्तोत्रके अन्तर्गत गिना है[२] किन्तु यह स्पष्टतः भगवत्परक है. बृ.स. (पृ. २४९-२५१)में प्रकाशित गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथके १०८ नामोंकी मालिकारूप ३६ श्लोकात्मक नामकौस्तुभस्तोत्रको वहाँ प्रथम श्रीरघुनाथकृत ही माना गया है किन्तु पो.कण्ठमणि शास्त्रीने इसे उनके पौत्र द्वितीय श्रीरघुनाथकी कृति माना है[३]. उनके श्रीगोकुलेशाष्टक, श्रीगिरिधार्यष्टक, श्रीकृष्णचन्द्राष्टक एवं श्रीयमुनाष्टक भी बृ.स. (पृ.२४१-२४७)में मुद्रित मिलते हैं. बृ.स.(पृ.२४५-२४६)में मुद्रित उनके द्वादशश्लोकात्मक 'गोपालस्तवः'में

१. शु.पु.सं.वा.खण्ड २ पृ.११०. २. वहीं, पृ.१९५. ३. वहीं, पृ.२१२.

है. ग्यारह अवतारोंकी स्तुति है. पो.कण्ठमणि शास्त्रीने उनकी अन्य प्रकाशित कृतियोंके रूपमें तिलकनिरूपकपद्यानि, यमुनाष्टपदीविवृति, जन्माष्टमीनिर्णयकी टीका, और शरत्पूर्णिमानिर्णय का उल्लेख किया है[१].

भक्तिहेतुनिर्णयका प्रस्तुत संस्करण

पचास वर्षसे भी अधिक हुआ जब श्रीहरिकृष्ण वीरजी शास्त्री एवं श्रीचिमनलाल हरिशंकर शास्त्री ने भक्तिहेतुनिर्णयको गोस्वामी श्री रघुनाथकृत विवृति और अपने गुजराती अनुवादके साथ श्रीजीवनाचार्य पुष्टिसिद्धान्त कार्यालय बम्बईसे प्रकाशित कराया था. इस प्राचीन संस्करणको गुरुवर गोस्वामिश्रीदीक्षितजीमहाराजकी आज्ञासे ज्यों-का-त्यों पुनर्मुद्रित कर श्रीपुष्टिमार्गीय युवक परिषद् बम्बईसे सन् १९६०में प्रकाशित किया गया था. हमने प्रस्तुत संस्करणमें इस प्रकाशनका पूरा-पूरा उपयोग किया है और एतदर्थ हम पूर्वसंस्करणोंके सम्पादकों एवं अनुवादकों की अधमर्णता स्वीकार करते हैं; किन्तु यह संस्करण पूर्वमुद्रित संस्करणोंका प्रूफसंशोधन कर पुनर्मुद्रणमात्र नहीं है. इसमें मूलको पाठशोधनपूर्वक व्यवस्थित ढंगसे अनुच्छेदोंमें विभक्त करके छापा गया है. उद्धरणोंका आकर-स्थलनिर्देश करते हुए उन्हें एक भिन्न टाइपमें मुद्रित किया गया है जिससे पाठकोंको पढने-समझनेमें अधिक-से-अधिक सुविधा हो. उसके नीचे एक काली रेखासे पृथक् कर श्रीरघुनाथकृत विवृति नामकी संस्कृत व्याख्याको व्यवस्थित ढंगसे अनुच्छेद-विभाजनपूर्वक छापा गया है. इसमें भी उद्धरणोंको आकरस्थलनिर्देशपूर्वक एक भिन्न टाइपमें छापा गया है. संस्कृत व्याख्यामें आये मूलग्रन्थके शब्दोंको व्याख्याके टाइपसे कुछ बड़े टाइपमें मुद्रित किया गया है. संस्कृत व्याख्याके नीचे एक लहरदार रेखा दे कर हिन्दी-अनुवाद एवं व्याख्या दी गयी है. हिन्दी अनुवादमें भी उद्धरणोंका आकरस्थल निर्दिष्ट करते हुए उन्हें एक भिन्न प्रकारके टाइपमें मुद्रित करनेकी प्रक्रिया अपनायी गयी है. अनुवाद करनेमें यह ध्यान रखा गया है कि वह प्रामाणिक और सरल होनेके साथ-साथ

---

१. द्र.शु.पु.सं.वा. खण्ड २ पृ.८८, १०५; खण्ड १ पृ.२३६ एवं २३८.

मूलको समझनेमें सहायक भी हो. हिन्दी व्याख्या—जिसे हमने 'भक्तिहेतुनिर्णय'-प्रकाशिका नाम दिया है—अनुवादकी अपेक्षा छोटे टाइप्में स्वतन्त्र अनुच्छेदोंमें मुद्रितकी गयी है और उसमें आये उद्धरणादि भी आकरस्थलनिर्देशपूर्वक भिन्न प्रकारके टाइप्में छापे गये है. इसमें सारी बातोंको समझा कर इस तरह कहनेकी चेष्टा की गयी है कि मूल एवं संस्कृतटीका के लेखकोंके आशयके साथ ही उनके वाक्योंको भी स्पष्टता समझा जा सके.

ग्रन्थके अन्तमें सारे उद्धरणोंकी आकरस्थलनिर्देशपूर्वक अकारादिक्रमसे अनुक्रमणिका दी गयी है और ग्रन्थके कलेवरमें तथा इस भूमिकामें प्रयुक्त ग्रन्थोंका विवरण तथा उनके लिए प्रयुक्त संकेतोंकी सूची भी दी गयी है. आशा है अपने इस नवीन रूपमें यह ग्रन्थ पाठकोंको और अधिक पसन्द आयेगा.

विदुषामाश्रवः
केदारनाथ मिश्रः

भक्तिहेतुनिर्णय-भक्तिहंसमें प्रतिपाद्य भक्तिका स्वरूप

(पुरोवचन)

पूर्तेन तपसा यज्ञैर् दानैर् योगसमाधिना॥
राद्धं निःश्रेयसं पुंसां मत्प्रीतिस् तत्त्वविन्मतम्॥१॥
अहम् आत्मा आत्मनां धातः प्रेष्ठः सन् प्रेयसामपि॥
अतो मयि रतिं कुर्याद् देहादिर् यत्कृते प्रियः॥२॥
सर्ववेदमयेन इदम् आत्मना आत्मयोनिना॥
प्रजाः सृज यथापूर्वं याश्च मयि अनुशेरते॥३॥
तस्मा एवं जगत्स्रष्ट्रे प्रधानपुरुषेश्वरः॥
व्यज्य इदं स्वेन रूपेण कञ्जनाभस् तिरोदधे॥४॥

(भाग.पुरा.३।९।४१-४४)

सुबो. : विचारे क्रियमाणे किं फलम्? इति तदेव फलं, यत् फलमेव न साधनं नापि अफलम्. तत्र मोक्षस्यापि सर्वाभिलषितत्वाभावाद् वैषयिकसुखनिवर्तकत्वेन न तत् फलमेव... अतः सर्वसाधारणम् एकं निर्णेतव्यं यत् सर्वेषामेव सर्वफलरूपं भवति. तत्र सताम् अयं निर्धारो मत्प्रीतिः इति... 'अहम् आत्मा' इति सर्वेषाम् आत्मनाम् अहम् आत्मा... प्रेयसामपि अहं प्रियो अतो प्रीतिविषयत्वाद् मयि रतिं कुर्याद्... देहादिस्तु आत्मसम्बन्धात् प्रियः. करोम्येव अहं सर्वमेव हितं परं मयि स्नेहाभावाद् जीवाः तत् सुखं न गृह्णन्ति. अतो मयि रतिं कुर्यात्... ज्ञानमपि एतदर्थमेव मत्कृतं गृह्णीयादिति. भिन्नतयापि भजने भजनफलत्वेन गृह्णीयात्... ज्ञानापेक्षयापि प्रीत्या शीघ्रं गृह्णातीति प्रीतिरेव उच्यते. तेभ्यः स्वकीयं सर्वमेव दीयतइति स्वातन्त्र्यमपि दत्तमिति 'कुर्याद्' इति बोध्यते. प्रीत्यादिकमपि प्ररोचनार्थमेव उच्यते वस्तुतस्तु मयि रतिमेव कुर्याद् मत्कृतग्रहणार्थम्. प्रीतस्तु अहं सर्वदा

स्वभावतो, अग्रहणाद् अप्रीतएव... 'वेदमयेन' इति,... ननु केवलवेदरूपस्य कथं करणत्वं? नहि देहमात्रं करणं किन्तु प्रयत्नाविष्टम्... 'आत्मना'=आत्मसहितेन देहेन एकभावापन्नेन उभयेन. 'आत्मा'=त्वम्. अनेन मद्गतसामर्थ्यमपि तत्रैव दत्तमिति सर्वं त्वया कर्तुं शक्यम्... ननु तत्साधनानि चेत् तदनुगुणानि न भवेयुः तदा किं कर्तव्यम्? इति आशंक्य आह 'प्रधानपुरुष-ईश्वरः' प्रधानं पुरुषः च तयोः ईश्वरो, भगवदाज्ञया तावपि ससामग्रीकौ तदनुगुणौ भवतः... सर्वमेव जगत् प्रदर्शयामास, 'एवं कुरु' इति ज्ञापनार्थम्. तद् आह 'व्यज्य इदम्' इति. इदं जगत् प्रकटं कृत्वा स्वेनैव रूपेण अभिव्यक्तिकरणे न हेत्वन्तरम् उत्पत्त्यादिकम् अपेक्ष्यते किन्तु स्वस्मिन्नेव शरीरे विद्यमानं जगत् साधारं प्रकाशितवान् 'स्वेन रूपेण', नतु तद्रूपं स्थापयित्वा गतः किन्तु तेनैव रूपेण तिरोहितवान्. 'कञ्जनाभः' इति तदतिरोधाने जगत् कर्तुं न शक्यते, नहि कश्चिद् भगवदीयः भगवता उपरि सृष्टिं कर्तुं शक्नोतीति.

(सुबो.३।९।४१-४४).

(उपक्रम)

ब्रह्मका अपने-आपको सृष्ट्यात्मना प्रकट करना एक लीला है या निजभक्त्यर्थ उसने यह सृष्टि प्रकट की है? क्योंकि विश्वसृष्टि निजभक्ति करवानेके प्रयोजनवश हो तो वह लीला सिद्ध नहीं होगी, निष्प्रयोजन निरायास निजानन्दोच्छलनरूपा कृति 'लीला' कहलाती होनेसे? ऐसा प्रश्न उपस्थित होनेपर भक्तिवादी तो भक्तिको जीवात्माके परमपुरुषार्थतया एक साधनाके रूपमें ही स्वीकारना चाहेंगे वे लीला नहीं मानेंगे. ब्रह्मसर्वतादात्म्यवादी महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य, परन्तु, जीवदृष्ट्या भक्तिकी परमपुरुषार्थताको स्वीकारनेके बावजूद उसे मौलिक रूपमें आत्मरमणशील भगवान्की अनेकानेक लीलाओंमें एक लीला ही मानते हैं, लीलाका प्रयोजन नहीं. भक्ति तो मोद-प्रमोदात्मिका आनन्दात्मिका भगवल्लीला ही है. अतः केवल प्रीति(=किसीके साथ हर्षानुभूति होनी)से आगे बढ़

कर भगवल्लीलारूपा सृष्टिमें भगवान्के साथ रममाण होना भक्ति है. इसे सर्वप्रथम तत्त्वार्थदीपनिबन्धके शास्त्रार्थप्रकरणमें महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यके एक मननीय विधानके विमर्श द्वारा देख लेना उचित होगा. वह विधान यों है :

> **''एकः कथम् अनेकधा सृष्टिं करोति इति आशंक्य आह 'अचिन्त्यानन्तशक्तेः तद् यद् एतद् उपद्यते अतएव श्रुतौ भेदाः सृष्टेः उक्ताः हि अनेकधा...' अनेकधा सृष्टिकथनस्य प्रयोजनम् आहुः 'यथाकथञ्चिद् माहात्म्यं तस्य सर्वत्र वर्ण्यते भजनस्यैव सिद्ध्यर्थं तत्त्वमस्यादिकं तथा'. वेदानां भगवन्माहात्म्यप्रतिपादकत्वं... माहात्म्यज्ञानस्य उपयोगम् आह 'भजनस्यैव सिद्ध्यर्थम्' इति, भक्तिसिद्ध्यर्थं, भक्तेः अंशद्वयमिति... द्वितीयांशम् आह 'तत्त्वमस्यादिकं तथा' कथयति. भक्तिस्वरूपम् आह 'माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढः सर्वतो अधिकः स्नेहो भक्तिः इति प्रोक्तः तया मुक्तिः नच अन्यथा'. 'रतिः देवादिविषया भावः इति अभिधीयते' रतिः=स्नेहो देवत्वं=माहात्म्यं, तद् आत्मत्वेन ज्ञाते भवति. तेन भजनार्थमेव आत्मत्वेन तन्निरूपणं माहात्म्यं च उच्यते. अन्यथा वाक्यद्वयं ब्रह्मप्रकरणे व्यर्थं स्याद्, ब्रह्मज्ञानेनैव पुरुषार्थसिद्धेः. तच्छाब्दज्ञानम् अप्रयोजकम्.''**
>
> (त.दी.नि.प्र.१।४०-४२)

इस उद्धृत विस्तृत वचनके आधारपर निश्चितरूपेण यह कहा जा सकता है कि महाप्रभुके मतमें भक्ति, सर्वप्रथम तो साधारण प्रीतिसे आगे बढ़ कर रतिरूपा होती है. दूसरे रूपसृष्टिका प्रयोजन न होनेपर भी नामसृष्टिरूप वेदोंमें कण्ठतः अभिधावृत्तिद्वारा प्रतिपादित न होनेपर भी तात्पर्यवृत्त्या मौलिक प्रयोजनतया प्रतिपाद्य है. यह आत्मरतिकी अनेकभावापन्नतारूपा लीला है. जैसे कि कहा गया है **''सर्वे वेदाः**

यत्पदम् आमनन्ति'',''वेदैश्च सर्वैः अहमेव वेद्यो'',''मां विधत्ते अभिधत्ते मां विकल्प्य अपोह्यते अहम् एतावान् सर्ववेदार्थः शब्दे आस्थाय मां भिदा'' (कठोप.१।२।१५, भग.गीता १५।१५, भाग.पुरा.११।२१।४३) इन तीनों वचनोंमें प्रतिपाद्य यही है कि तत्तद् शब्द अपनी संकुचित अभिधावृत्तिसे तत्तद् अर्थोंके वाचक होनेपर भी असंकुचित महावृत्तिसे सर्वरूप सर्वनाम केवल ब्रह्मके ही वाचक होते हैं. क्योंकि स्वयं वेदमें ही ''सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो नामानि कृत्वा अभिवदन् यद् आस्ते''(तैत्ति.आर.३।१३-।२) ऐसा स्वीकारा गया है. ऐसे ही जीवात्माओंके लिये अनुष्ठेय अनेकविध साधनायें भी संकुचित अभिधावृत्तिसे तत्तद् विधानों द्वारा प्रतिपादित होती हैं. असंकुचित महावृत्तिसे, परन्तु, विवक्षित उन-उन विधानोंमें भी केवल भक्ति ही वाल्लभ वेदान्तको मान्य है. इस धारणाका उपोद्बलन अधोनिर्दिष्ट शास्त्रवचनोंके आधारपर भी होता है :

[१]''नवा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति... अयञ्च लोकः परश्च लोकः सर्वाणि भूतानि अस्यैव एतानि सर्वाणि निःश्वसितानि. स यथा सर्वासाम् अपां समुद्रः एकायनम् एवम्...''

[२]''तपांसि सर्वाणि च यद् वदन्ति'',

[३]''जन्मान्तरसहस्रेषु तपोज्ञानसमाधिभिः नराणां क्षीणपापानां कृष्णे भक्तिः प्रजायते'',

[४]''भक्त्या माम् अभिजानाति यावान् यश्च अस्मि तत्त्वतः ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरं सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः मत्प्रसादाद् अवाप्नोति शाश्वतं पदम् अव्ययम्'',

[५]''न अयम् आत्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन यमेव एषः वृणुते तेन लभ्यः तस्य एषः आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम्''

[६]''नाहं वेदैः न तपसा न दानेन नच इज्यया... भक्त्यातु अनन्यया

शक्तो अहम् एवंविधो अर्जुन! ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परन्तप!''.

(१.बृह.उप.४।५।६-१२, २.कठोप.१।२।१५, ३.पाण्ड.गीता ४०, ४.भग.गीता १८।५५-५६, ५.कठोप.१।२।२३, ६.भग.गीता ११।५३-५४).

अर्थात् अनेकविध साधनायें, सरित्समुद्रन्यायेन, भक्त्यधिकारकी स्वरूपयोग्यताकी दिशामें जीवात्माको अग्रसर करती हैं. फिरभी भक्तिभावसे सम्पन्न करनेवाली फलमुखाधिकारिता तो भगवत्कृत जीवात्माके वरण/प्रसादसे ही शक्य है. भगवत्कृपारूप उद्दीपनविभावके बिना भगवान्को आलम्बनविभाव बनानेवाला साक्षाद् भक्तिभावरूप अनुभाव जीवात्मामें प्रकट हो नहीं पाता. समग्र सृष्टि भगवान्की एकाद्वितीय आत्मरतिकी अनेकभावापन्नता है.

अत: आधुनिक विद्वानोंके द्वारा उपस्थापित अनेकविध विकल्प यथा : भक्तिमार्ग अवैदिक पौराणिक मार्ग है. अवैदिक बाह्य जनजातीयोंके प्रभाववश अथवा तान्त्रिक या नास्तिक बौद्ध आदि धर्मोंके साथ प्रतिस्पर्धा के वश वैदिक समुदायमें पनपी तान्त्रिक/पौराणिक नूतन साधनासरणी है. अथवा ऐसे अन्य भी आक्षेपोंका मुकाबला करनेके लिये बहुत सारे प्राचीन/अर्वाचीन विद्वानोंद्वारा apologistic मनोवृत्तिके वश वैदिक संहिताओंमें भी खोज निकाली गयी भक्ति वैदिक साधना ही है. ऐसे अनेक विकल्पोंके समाधान महाप्रभुके उदाहृत वचनके आधारपर ही खोजना वाल्लभ वेदान्तमें उपयुक्त लगता है.

यद्यपि अपारम्पारिक पाश्चात्य गवेषणारीतिको अनुसरनेवाले भारतविद्याविदोंके अनुसार संहिताकाल ब्राह्मणकाल उपनिषत्काल तथा वेदांगविद्याकाल और अन्तमें तन्त्र-पुराणकाल यों अनेकानेक कालखण्डोंमें वैदिक विचारधारा तितर-बितर हो जाती है. ऐसी इस विडम्बनामें क्या तो वैदिक और क्या अवैदिक इस तथ्यकी मीमांसा भी एक

निरर्थक कालक्षेप ही है. फिरभी अन्यान्य देशोंकी विभिन्न महानदियोंके क्या तत्तद् विशेष अभिधान नहीं होते? नील एमेज़ोन मिसॉरी डेन्यूब या वॉल्गा आदि. वे अपनी सहायिका नदियोंकी जलराशीको अपनेमें समेट कर ही बहती हैं. फिरभी अपने विशेषाभिधानको भी जलप्रवाहके साथ निरन्तर क्या प्रवाहित नहीं रखती? अर्थात् नदियोंके नामोंको सार्थक ही माना जाता हो तो किसी भी विचारधाराको अपनेमें सिमेट कर निरन्तर अद्यावधि बहती जीवित वैदिक विचारधाराकी केवल शवपरीक्षा ही करनेका मोह पालनेवालोंको क्या कहना!

(वेदोंके कर्मप्रतिपादक पूर्वकाण्डमें भक्तिका स्वरूप)

यहां यह उल्लेखनीय है कि अर्चनार्थक ४४ वैदिक क्रियापदोंमें **"अर्चति गायति कृपायति कृपण्यति छन्दति रञ्जयति शंसति स्तौति नौति पूजयति रसयति"** (निरु.निघ.३।१४) क्रियापदोंमें कितने सारे क्रियापद भक्त्यंगभूता क्रियाओंके वाचक हैं! अत: 'भक्ति'पद, उपलब्ध न भी होता हो तो क्या अन्तर पड़ता है? वैसे तो निरुक्त-निघन्टुके दैवतकाण्डका अवलोकन करनेपर, वहां साक्षात् 'भक्ति'पदका प्रयोग भी उपलब्ध होता ही है : **"तिस्रएव देवता: उक्तं पुरस्तात् तासां भक्तिसाहचर्यं व्याख्यास्याम:"** (निरु.निघ.दैव.का.७।३) एतावता सिद्ध होता है कि तथाकथित पौराणिककालसे पहले भी यज्ञीय कर्मांगभूत देवताओंके बारेमें भी भक्तिभाव अपेक्षित तो माना ही जाता था.

न केवल इतना प्रत्युत भक्तिभावके अंगोपांगभूत अन्य भी अनेक उपादेय तत्त्व यहां दैवतकाण्डमें महर्षि यास्कने प्रतिपादित किये हैं :

१.देवताओंकी स्तुति उनके नाम रूप कर्म तथा पारिवारिक बन्धुओंके माहात्म्यका गुणगान करना.

२.देवताओंके आधिभौतिक बाह्यजगत्में प्रत्यक्षरूप जैसे होते हैं, वैसे ही आध्यात्मिक आभ्यन्तर रूप भी; तथा, आधिदैविक परोक्षरूप भी होते हैं. इन्हीं त्रिविध रूपोंको छान्दोग्योपनिषद् (७।२५।१-२) में

'तदादेश' 'अहंकारादेश' तथा 'आत्मादेश' तया भी सभी देवताओंके एकनीडरूप ब्रह्मके बारेमें भी प्रतिपादित किया गया है.

३.यज्ञकर्मांगभूत प्रकरणोपात्त प्रत्येक देवताकी ब्रह्मतया स्तुति या भावना तदितर देवताओंको मन्त्राभीष्ट देवताके अंग-प्रत्यंगरूपेण निहारनेका भी भक्तिमार्गीय माहात्म्यका सिद्धान्त **''माहाभाग्याद् देवतायाः एकएव आत्मा बहुधा स्तूयते. एकस्य आत्मनो अन्ये देवाः प्रत्यंगानि भवन्ति. अपिच सत्त्वानां प्रकृतिभूमिभिः ऋषयः स्तुवन्ति इति आहुः प्रकृतिसार्वनाम्न्यात् च'',''तासां महाभाग्याद् एकैकस्याअपि बहूनि नामानि भवन्ति''**(तत्रैव ७।१।१-४, ७।२।५) ऐसे प्रतिपादनमें निहारा जा सकता है. एक देवताके अनेक रूप तथा अनेक नाम, जो भक्तिभावके उपादेयतम अंग होते हैं, वे यहां प्रतिपादित हुवे हैं. अतएव योगसाधनामें ध्येयरूपमें ऐकाग्र्यकी तरह भक्तिसाधनामें भी भजनीय रूपमें अनन्यनिष्ठामूलक अन्याश्रयत्याग आवश्यक अंग माना गया है. वह तो कर्मकाण्डमें भी स्वीकारा ही गया है **''यो वा अयथादेवतम् अग्निं चिनुते आ देवताभ्यो वृश्च्यते पापीयान् भवति, यो यथादेवतं, न देवताभ्यः आवृश्च्यते वसीयान् भवति''** (तैत्ति.संहि.५।७।१).

४.निरुक्तमें एक महत्त्वपूर्ण स्पष्टीकरण यह भी मिलता है कि कुछ ऐसे मन्त्र जिनमें किसी विशेष देवताके इदंकारद्वारा प्रत्यक्ष, तत्कारद्वारा परोक्ष अथवा अहंकारद्वारा आध्यात्मिक रूपोंमें से किसी एक भी रूपका प्रतिपादन या स्तवन न मिलता हो तो वहां किसे प्रतिपाद्य या स्तुत्य मानना? उत्तरमें नैरुक्तोंके अनुसार अग्नि या यज्ञ को परन्तु याज्ञिकोंके अनुसार प्रजापतिको सर्वमन्त्रसामान्य प्रतिपाद्य मान लेनेका सिद्धान्त भी स्वीकारा गया.

५.परमेश्वरके बारेमें सर्वमान्य माहात्म्यकी धारणा कि **''न माता न पिता तस्य न भार्या न सुतादयो न आत्मीयो न परश्चापि न देहो जन्मएव च''** (भाग.पुरा.१०।४६।३८) के साथ-साथ जो श्रीमद्भागवतमें परमदेवके बारेमें भक्तिमार्गीय दृष्टिकोणसे सुदृढ़ स्नेहको सावकाश बनानेवाली विरुद्धधर्माश्रयता भी स्वीकारी गयी है **''सर्वेषाम् आत्मजो हि आत्मा**

पिता माता स ईश्वरः'' (भाग.पुरा.१०।४६।४२). यह तो भक्तिभावकी रीढ़की हड्डी जैसी बात है. क्योंकि वेदमें भी यह तो स्वीकारा ही गया है कि **''अजायमानो बहुधा विजायते तस्य धीराः परिजानन्ति योनिम्''** (तैत्ति.आर.३।१३।२) यहां विवक्षित धैर्य अधोक्षज भगवान्में भगवत्प्रसादरूप साधनकी अवान्तरव्यापाररूपा सर्वभावात्मिका भक्ति ही है. कर्मांगभूत देवताओंके बारेमें महर्षि यास्क भी इसे ज्यों का त्यों स्वीकारते हुवे कहते हैं **''इतरेतरजन्मानो भवन्ति इतरेतरप्रकृतयो देवाः, ऐश्वर्यात्. न मनुष्याणाम् इयं शक्तिः अस्ति, अनैश्वर्यात्. मनुष्याणां हि पिता पुत्रं जनयतीति पिता प्रकृतिः. न पुनः इच्छन्नपि पुत्रः पितरं जनयति. देवानां... अदितेः दक्षो दक्षात् च अदितिः इति''** (निरु.निघ.ऋज्वर्था.-७।४।५). अतएव **''अहं त्वदस्मि मदसि त्वमेतद्, ममासि योनिः तव योनिरस्मि, ममैव सन् वह हव्यानि अग्ने! पुत्रः पित्रे लोककृद् जातवेदः''** (तैत्ति.ब्राह्म.१।२।१।२०) इस श्रुतिवचनमें प्रकट हुयी मनोभावना भक्तिमार्गके लिये तो अतीव प्राणोपम ही होती है. क्योंकि भक्त अपने भक्तिभावनाके अनुरूप भगवान्की मूर्ति घड़ कर उसे माता-पिता सखा-पुत्र या गुरु-पति आदि मनोनुकूल रूपोंमें भजना चाहता है (द्रष्ट. : भाग.पुरा.३।९।११). और तब वह भजनीय स्वरूप केवल धातु-पाषाणमूर्ति न रह कर सर्वव्यापी सर्वरूप सर्वनाम देवताके सांनिध्य-प्रसाद प्रदान करनेमें अतीव उपकारी विग्रह बन जाता है. तन्त्रशास्त्रोंमें अतएव भगवान्के लीलावतारकी तरह अर्च्य विग्रहको भी भगवान्का अवतार ही माना गया है.

महर्षि यास्कके बाद आधुनिक भारतविद्याविदोंके अनुसार ई.पू.४०० से ई.पू.५०० बीच माने जाते बृहद्देवताकार शौनक तो स्पष्टतम शब्दोंमें **''अर्थम् इच्छन् ऋषिः यं-यं देवम् आह 'अयम् अस्तु' इति प्राधान्येन भक्त्या स्तुवन् सः मन्त्रः तद्देवएव''** (बृह.देव.१।६) विधान करते हैं. अतः देवभक्तिकी अनिवार्यता यागादि कर्मोंके अनुष्ठानमें भी स्वीकारते हैं. इसी तरह शौनक ऋषिने मन्त्रार्थके अनेक प्रभेदोंकी भी परिगणना की है :

"मन्त्राः नानाप्रकाराः स्युः दृष्टाः ये मन्त्रदर्शिभिः स्तुत्या चैव विभूत्या च प्रभावाद् देवतात्मनः : स्तुतिः प्रशंसा निन्दा च संशयः परिदेवना स्पृहाशीः कत्थना याच्ञा प्रश्नः प्रैष प्रवल्हिका नियोगश्च अनुयोगश्च श्लाघा विलपितं च यद् आचिख्यासा अथ संलापः पवित्राख्यानमेव च आहनस्या नमस्कारः प्रतिराधः तथैव च संकल्पश्च प्रलापश्च प्रतिवाक्यं तथैव च प्रतिषेधोपदेशौ च प्रमादापह्नवौ च ह उपप्रैषश्च यः प्रोक्तः संज्वरो यश्च विस्मयः आक्रोशो अभीष्टवश्चैव क्षेपः शापस्तथैव च ... मन्त्रवाक्यार्थाः देवतां सूक्तभागिनीं संश्रयन्ते यथान्यायम्".

(बृह.देव.१।३४-३९).

इन अनेकविध मन्त्रार्थप्रकारोंमें बहुत सारे प्रकार भक्तिभावोंके अभिव्यञ्जक भी हो सकते हैं. इस विषयमें पारम्परिक दृष्टिकोण भक्तिभावको वेदोंमें भी गूढ़ तात्पर्यतया अभिप्रेत माननेका ही होगा. पर अपारम्परिक पाश्चात्य आलोचक इसे अभिप्रेत न मान कर पश्चाद्वर्ती कालमें अन्यान्य प्रभावोंके वश हुवा भक्तिभावका विकास स्वीकारनेकी मनोवृत्ति बहुधा रखते हैं. क्योंकि चार्ल्स डारविनने स्वयं मानव प्रजातिको वानरप्रजातिके विकासके रूपमें प्रस्थापित किया! किसी भी सूरतमें भक्तिसाधनाकी अवैदिकताकी आशंका या आरोप के निरसनार्थ तो ये मन्त्रार्थोंके विविध प्रकार प्रबल प्रमाण सिद्ध होते ही हैं.

(कर्मसाधना और भक्तिसाधना के बीच रहा मौलिक प्रभेद)

कर्मानुष्ठान और भक्त्यनुष्ठान के बीच जब इतनी सारी बातें साधारण हों तब भी भक्तिको पूर्वकाण्डमें साक्षात् प्रतिपाद्य न मान कर तात्पर्यवृत्त्या द्योतित माननेका औचित्य क्या? ऐसा प्रश्न उठना स्वाभाविक है. इसका समाधान, परन्तु, वाल्लभ वेदान्त देता है :

''सर्वगोप्यो हि धर्मस्तु वेदे मुख्यतया उदितः ब्रह्ममात्रप्रकाशस्तु कृपया सनकादिगः स इदानीन्तु गीतायां प्रकटो भगवत्कृतः तद्व्यासत्वाद् भागवतं पूर्वं भगवता उदितम्''.

''पुराणं वेदवत्... तस्य वेदधर्मातिदेशः. तेन धर्मार्थकाम-मोक्षाः भक्तिः च इति पञ्च नित्याः काम्याः च.''

'' 'स्वरूपे तु त्रयो भेदाः क्रियाज्ञानविभेदतः'इति क्रियारूपे धर्मे प्रविष्टो यज्ञः एकः तथा ज्ञानरूपे धर्मे प्रविष्ट; धर्मी ब्रह्म द्वितीयो ज्ञानक्रियोभययुतः कृष्णः तृतीयः... विशिष्टे वाचकं गीता श्रीभागवतमेव च केवले काण्डद्वितयं वेदो धर्मः प्रवेशतः इति क्रियावान् क्रियायां प्रविष्टः अतः क्रियैव प्रतिभाति वस्तुतस्तु क्रियावान् 'यज्ञो वै विष्णुः' इति श्रुतेः''.

(त.दी.नि.२।२३-२४,४८,८९-९०).

अतः वेदोपनिषदोंमें कर्मांगतया अथवा ज्ञानांगतया भक्तिका निगूहन किया गया है. गीता-भागवतमें, जबकि, उसी भक्तिका स्वरूप उद्घाटित करनेको कर्म-ज्ञानको भी भक्त्यंगतया भी प्रतिपादित किया गया है. ब्रह्मवादाश्रित पुष्टिभक्तिसाधनामें, जबकि, भक्तिको, उसके प्रमुख रूपमें, किसी भी अन्य साधनाका अंग माना नहीं जा सकता.

इसी तरह कर्मसाधनामें देवोंको भी कर्मांग माना जाता है ''शेषः परार्थत्वात्. यदर्थत्वेन यस्य विधानं स तस्य शेषः इति अंगलक्षणम्. यथा यागः फलार्थत्वेन विधानात् फलशेषः. यागार्थत्वेन च द्रव्यदेवतादिविधानाद् द्रव्यदेवतादिकं यागशेषः इति'' (मीमांसासूत्रवृत्ति न्या.बि.३।१।२) ऐसी स्वीकृतिके आधारपर, जबकि भक्तिसाधनामें भजनीय देव केवल भजनार्थ या भजनांग ही नहीं होता प्रत्युत भजन भी भजनीय देवके आराधनार्थ होनेके कारण देवांग भी होता है. इसे श्रीमद्भागवतमें भलीभांति समझाया गया है :

''अनिमित्ता भागवती भक्तिः सिद्धेः गरीयसी... नैकात्मतां मे स्पृहयन्ति केचिद् मत्पादसेवाभिरताः मदीहाः ये अन्योन्यतो भागवताः प्रसज्य सभाजयन्ते मम पौरुषाणि... इमं लोकं तथैव अमुम् आत्मानम् उभयायिनम् आत्मानमनु ये च इह मे रायः पशवो गृहाः विसृज्य सर्वान् अन्यांश्च माम् एवं विश्वतोमुखं भजन्ति अनन्यया भक्त्या... एतावानेव लोके अस्मिन् पुंसां निःश्रेयसोदयः तीव्रेण भक्तियोगेन मनो मयि अर्पितं स्थिरम्''.

(भाग.पुरा.३।२५।३३-४४).

यह भगवान् कपिलदेवने अपनी माताको अपने स्वरूपानुरूप बाह्यत्यागकी प्रधानतासे दिया उपदेश है. अपने सखा उद्धवको भगवान् श्रीकृष्णने इसी तर्ज़पर यह भी समझाया है कि **''तस्माद् मद्भक्तियुक्तस्य योगिनो वै मदात्मनो न ज्ञानं नच वैराग्यं प्रायः श्रेयो भवेद् इह. यत् कर्मभिः यत् तपसा ज्ञानवैराग्यतश्च यद् योगेन दानधर्मेण श्रेयोभिः इतरैरपि सर्वं मद्भक्तियोगेन मद्भक्तो लभते अञ्जसा''**(भाग.पुरा.११।२५।३१-३३). भक्तिके इन द्विविध उपदेशोंके बीच रहा तारतम्य भागवतमाहात्म्यमें वर्णित भक्तिनारदोपख्यानके बिना स्पष्ट नहीं हो पाता.

उस उपाख्यानका भलीभांति विमर्श करनेपर भक्तिके ज्ञानवैराग्यके साथ तज्जन्या तज्जनिका तत्सहिता तन्निरपेक्षा यों अनेक प्रकार सम्भव हैं. अतएव श्रीमद्भागवतपुराणके उपक्रमोपसंहारमें प्रकट दो उद्गारोंकी एकवाक्यताके साधनार्थ भक्तिके प्रभेदोंपर लक्ष्यपात आवश्यक है **''धर्मः प्रोज्झितकैतवो अत्र परमो निर्मत्सराणां सतां वेद्यं वास्तवम् अत्र वस्तु शुभदं तापत्रयोन्मूलनं श्रीमद्भागवते महामुनिकृते किंवा परैर् ईश्वरः सद्यो हृदि अवरुध्यते अत्र कृतिभिः शुश्रूषुभिः तत्क्षणात्'',''कथाः इमास् ते कथिताः महीयसां विताय लोकेषु यशः परेयुषां विज्ञानवैराग्यविवक्षया विभोः वचोविभूतिः नतु पारमार्थ्यम्''** (भाग.पुरा.१।१।२, १२।३।१४)

अर्थात् भागवतपुराणोक्त दशविध सर्गादि भगवल्लीला लीलाविहारी भगवान्को हृदयाधिरूढ़ बनानेको, जिसे पूर्वोक्त पुरोवचनमें सृष्टिकी अन्यतम लीलाके के रूपमें स्वीकारा गया है, तदर्थ वर्णित हुयी हैं? अथवा भगवल्लीलाके श्रोताको सब कुछ भगवदात्मक है ऐसे विज्ञान और भगवदितरतया प्रतीत अनेक महाविभूतियोंके भी स्वरूप और वृत्त में वैराग्य प्रकट करने वर्णित हुयी हैं? यहां लीलाविहारी भगवान्को हृदयाधिरूढ़ बनाना ज्ञानवैराग्यनिरपेक्ष भक्त्यात्मक प्रयोजन होगा **''सुदृढः सर्वतोऽधिकस्नेहस्तु आत्मत्वेन ज्ञाते भवति, माहात्म्यज्ञानन्तु सृष्ट्यादिभिः. द्वयं साधयितुम् एषा भागवतसंहिता''** (सुबो.१।१।१). जबकि उसके बिना केवल आत्मब्रह्मैक्यके बोधनार्थ और विषयवैराग्यार्थ किया गया भगवल्लीलाकीर्तन मुक्त्यर्थ भी हो सकता है. जीवन्मुक्तके बाधितानुवृत्तिवशात् देहादिव्यापारकी तरह भगवल्लीलाओंके निदिध्यासनार्थ भी भगवल्लीलाका श्रवण-स्मरण-कीर्तन स्वीकारा जा सकता है, स्रष्टा और सृष्टि के इतरेतरसापेक्ष होनेके कारण दोनोंके मिथ्या होनेकी धारणाके वश जैसाकि कहा गया है **''ईशितव्यम् अनपेक्ष्य नेश्वरो नेशितव्यमपि तद्वद् ईश्वरम् अन्तरेण घटते ततो मृषा मोहमात्रपरिकल्पितं द्वयम्''** (संक्षे.शारी.३।१८८).

स्वयं श्रीमद्भागवतका अभिप्राय इस बारेमें मीमांस्य हो तो **''नैष्कर्म्यमपि अच्युतभाववर्जितं न शोभते ज्ञानम् अलं निरञ्जनं कुतः पुनः शश्वद् अभद्रम् ईश्वरे नच अर्पितं कर्म यदपि अकारणम्''** (भाग.पुरा.१।५।१२) सुबोधिनीकार महाप्रभु कहते हैं कि शब्दोंमें उत्तम शब्द भगवान्नामरूप शब्द होते हैं. अब शब्दार्थोंका विचार करने चलें तो ज्ञान स्वरूपतः और फलतः भी महान् माना जाता है. इसी तरह यज्ञादि आचारादि तथा अन्य भी धर्मादि ये भगवान् या भगवदीयों के समान क्या माने जा सकते हैं? ऐसे प्रश्नके उठनेपर सबसे पहले ज्ञान ही विचारणीय बन जाता है. क्योंकि भक्तिसहित ज्ञानके उदाहरणमें फलसिद्धिमें साक्षात् कारण ज्ञानको मानना या भक्तिको? तो सबसे पहले केवलज्ञानके बारेमें विचार करनेपर अच्युतकी भक्तिसे रहित ज्ञान चाहे सांख्यप्रतिपादित

निजात्मज्ञान हो या वेदादिप्रतिपादित ब्रह्मज्ञान हो वह भक्तिसे अलंकृत न हो तो शोभायमान नहीं होता. निरीश्वरसांख्यके मतमें तो ईश्वरके न रहनेके कारण भक्ति अप्रासंगिक ही होती है. सेश्वरसांख्यके मतमें, परन्तु, ईश्वर प्राकृत गुणोंसे संपृक्त होता है. वैदिक ज्ञानकी बात करें तो कर्मानुष्ठानमें यागादि कर्मोंके देवताओंके आवेशके बिना कर्म लौकिक ही रह जाते हैं. अतः कर्मज्ञानादि अनुष्ठान लौकिक न रह जायें एतदर्थ श्रद्धासे आगे बढ़ कर चित्तशुद्धयर्थ भी भक्तिभावकी अपेक्षा सभी साधनाओंमें रहती है. अतः सभी शास्त्रोंमें जिन या जैसे ज्ञानोंको आवश्यक माना गया है वैसे ज्ञानोंकी स्वरूपसिद्धि और फलसिद्धि दोनों ही में भक्तिकी उपकारकता रहती ही है. यही बात कर्मानुष्ठानके बारेमें भी लागू होती है.

अखण्डसच्चिदानन्दैकरस ब्रह्मके बारेमें **''सत्त्वेव सौम्य! इदम् अग्रे आसीद् एकमेव अद्वितीयं तद् ऐक्षत बहु स्यां प्रजायेय इति''** (छान्दो.उप.६।२।२-३) श्रुतिमें प्रतिपादित रीतिसे आत्मविभाजनकी प्रक्रिया द्वारा सर्वप्रथम सत्ता चेतना और प्रियता का पृथक्-पृथक् धर्मतया प्राकट्य होता है. अतः सत्ता और चेतना आनन्दधर्मीसे विभक्त हो जाती हैं. तब आविर्भूत सत्ता और चेतना से आनन्दधर्मरूपा प्रियता भी विभक्त हो जाती है. अतः सतृतया आविर्भूत क्रियास्वरूपमें और चिदंशधर्मतया क्रिया और ज्ञान में भी आनन्दांशधर्मरूपा प्रियता प्रयोजनतया लीलायमान बन जाती है. यह **''क्रीडार्थम् आत्मनः इदं त्रिजगत् कृतं ते... कर्तुः प्रभोः तव किम् अस्यतः आवहन्ति त्यक्तह्रियः त्वदवरोपितकर्तृवादाः''** (भाग.पुरा.८।२२।२०) भागवतवचनके आधारपर सिद्ध होता है. परमात्माके भीतर सृष्टिका कर्तृत्व पालकत्व भोक्तृत्व स्वरूपात्मिका आत्मरतिकी अभिव्यक्तितया क्रीड़ात्मक होता है. परन्तु लीलार्थ तिरोहित आनन्दकी खोज जीवात्मामें उभर पाये एतदर्थ स्वयं अंशी भगवान्ने प्रकृतिरूपा शक्तिद्वारा अहंकारमूलक ज्ञातृत्व कर्तृत्व और ममकारमूलक भोक्तृत्व अंशभूता जीवचेतनामें आरोपित किया है **''भूमिरापोऽनलो वायुः**

खं मनोबुद्धिरेव च अहंकारः इति इयं मे भिन्ना प्रकृतिर् अष्टधा... बुद्धिः बुद्धिमताम् अस्मि'' (भग.गीता ७।४-१०). इस सन्दर्भमें महाप्रभुके कुछ विधान अतीव मननीय हैं :

> ''नवा इच्छाविशेषो रतिः, विशेषस्य निर्वक्तुम् अशक्यत्वात्... अतः स्नेहः पदार्थान्तरं सच भगवन्निष्ठो भगवद्विषयको ज्ञानवद् ऐश्वर्यवद् वा भगवत्सम्बन्धाद् अन्यत्रापि भासते, उष्णस्पर्शवद्, यथा-यथा भगवन्नैकट्यं तथा-तथा स्नेहातिशयः. शारीरेऽपि आत्मनि तेन सह अतिनैकट्यात् परमस्नेहवत्त्वम्, एवम् अध्यासेन अन्यत्र''.
>
> ''प्रीतिस्तु भगवद्धर्मः. भगवान् सर्वेभ्यो जीवेभ्यः खण्डशो दत्तवान्. अतः यत्रैव प्रीयते ततएव सुखं भवति''.
>
> ''काचिद् भगवतः सिद्धिः अस्ति 'राधस्'पदवाच्या, न तादृशी सिद्धिः क्वचिद् अन्यत्र, नवा ततोऽपि अधिका. तया सिद्धया भगवान् स्वगृहे रमते. तच्च अक्षरात्मकं ब्रह्म. 'रंस्यन्' इति स्वनिष्ठमेव रसं तत्सम्बन्धाद् अभिव्यक्तं करोति''.
>
> (सुबो.१।१९।२६, २।२।७, २।९।१४).

अतः इस आत्मानन्द ब्रह्मकी धर्मरूपा आत्मरतिकी विस्ताररूपा सृष्टिलीलामें विषयसुख आत्मसुख ब्रह्मात्म्यैक्यसुख अथवा भजनानन्दात्मक भक्तिसुख यों सभी कुछ, उस एकमेव अद्वितीय ब्रह्मके मौलिक ऐतदात्म्यका अनुभाव है ''ऐतदात्म्यम् इदं सर्वम्'',''... एषः ब्रह्मलोकः... एषा अस्य परमा गतिः, एषा अस्य परमा सम्पद्, एषो अस्य परमो लोकः, एषो अस्य परमः आनन्दः. एतस्यैव अन्यानि भूतानि मात्राम् उपजीवन्ति''.''यो वै भूमा तत् सुखं नाल्पे सुखम् अस्ति... आत्मैव इदं सर्वम् इति सवा एषः एवं पश्यन् एवं मन्वानः एवं विजानन् आत्मरतिः आत्मक्रीडः आत्ममिथुनः आत्मानन्दः स्वराड् भवति. तस्य सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति'' (छान्दो.उप.६।८।७, बृह.उप.४।३।३२, छान्दो.उप.७।२४-२५) यह

भक्तिकी औपनिषदिक निगूढ़ पृष्ठभूमि है. शांकर वेदान्त भी नाम-रूपको अब्राह्मिक मायिक माननेपर भी **''अस्ति भाति प्रियं रूपं नाम च इति अंशपञ्चकम् आद्यत्रयं ब्रह्मरूपं जगद्रूपं ततो द्वयम्''** (दृग्दृ.विवे.२०) स्वीकृतिद्वारा प्रियतारूप भक्तिके आलम्बनविभावको तो अमिथ्या ही मानता है. अनृतभिन्नतया सत्ता, जड़भिन्नतया चैतन्य और दुःखभिन्नतया आनन्द रूप धर्मोंका त्रैविध्य शांकर वेदान्तमें ब्रह्माद्वैतका बाधक नहीं माना गया है. तो वाल्लभ वेदान्तके भी साकारब्रह्मवादाश्रित चिन्तनमें लीलाविहारी ब्रह्ममें पुष्टिभक्तिके लिये अपेक्षित भजनीय-भक्ति-भक्तके त्रैविध्यको ब्रह्माद्वैतमें बाधक नहीं माना जाता.

सर्गलीलाकी तरह विसर्गलीलारूप चतुर्विध धर्मार्थकाममोक्षके पुरुषार्थ, जैसेकि सात्त्विक धर्मानन्द, राजस अर्थानन्द, तामस कामात्मक विषयानन्द; या, निर्गुण मुक्त्यानन्द भी भगवल्लीलारूप श्रीमद्भागवतके तृतीय-चतुर्थ स्कन्धोंमें भगवल्लीलाके रूपमें विवक्षित है. भजनानन्द और भक्ति की विविधता भी परब्रह्मकी पारमात्मिका रतिके ही बहुधाभवनके विविध प्रकार हैं. यहां तब यह मीमांस्य बन जाता है कि पुष्टिभक्तिसम्प्रदायमें पुष्टिभक्ति मर्यादाभक्ति प्रवाहभक्ति और इनके अवस्थाकृत भेदोपभेदोंका विभाजनका आधार क्या है ?

यदि भक्तिकी ऐसी अवधारणाके परिप्रेक्ष्यमें श्रीमद्भागवतवर्णित भगवल्लीलाओंको निहारना हो तो कहा जा सकता है कि सृष्टिकी उत्पत्तिमें अभिन्नकर्तृपादान होनेके ब्रह्मके माहात्म्यका निरूपण तृतीय-चतुर्थ स्कन्धोंमें सर्ग-विसर्गलीलाओंद्वारा प्रतिपाद्य है. स्थिति/पालनलीलामें भक्तकी तरह अभक्त द्वेषी भीरुक आदि सभीका पालन पंचमसे दशम पर्यन्त स्कन्धोंमें प्रतिपाद्य विषय हैं. इन्हींके अन्तर्गत षष्ठ स्कन्धमें पोषण=पुष्टिलीला और नवम स्कन्धमें भक्त और भगवान् को परस्पर जोड़नेवाली भक्तिलीला भी प्रतिपाद्य हैं. पोषणलीलाके अन्तर्गत सृष्टिमें भगवान् अपने कर्तुसामर्थ्य द्वारा काल-कर्म-स्वभावके नियमोंके आधारपर जो धर्मार्थकाममोक्षके औत्सर्गिक

नियम हैं, उनके द्वारा मानवीय जीवोंका पोषण करते हैं. अकर्तुं सामर्थ्य द्वारा मानवेतर जीवोंका भी पालन भगवान् करते हैं. इसी तरह अन्यथाकर्तुं सामर्थ्य द्वारा उन नियमोंके अपवादकी लीला भी प्रकट करते हैं, ऐसा महाप्रभुने स्वीकारा है :

> **''कृष्णानुग्रहरूपा हि पुष्टिः कालादिबाधिका. अनुग्रहो लोकसिद्धो गूढभावाद् निरूपितः, 'अनुग्रहः' कृपापरपर्यायो मनसः आत्मनो वा धर्मविशेषः इच्छादिव्यतिरिक्तो लोकसिद्धः. लोके क्षीणधनस्य अधमर्णस्य उत्तमर्णैः अल्पधनग्रहणेन अनृणित्वसम्पादने स्मृतः... 'गूढभावाद्' अनुकृत्यधिकरणे सर्वस्य भगवदनुकारितायाः सिद्धत्वाद् लौकिकेन तेन अनुमेयः.''**
>
> (त.दी.नि.यो.३।६।२).

अर्थात् परमात्माका अनुग्रह जीवात्माको सहसा अनुभूत नहीं होता परन्तु भगवत्कृपाके अनुकरणतया जीवात्मा जब भगवद्भक्तिका अनुभाव परमात्माके प्रति प्रकट करने लगता है, तब उसके आधारपर अनुमेय हो पाता है यह **''कश्चिदेव हि भक्तो हि 'यो मद्भक्तः इति ईरणात् सर्वत्र उत्कर्षकथनात् पुष्टिः अस्ति इति निश्चयः''** (पु.प्र.म.४) वचनमें महाप्रभुने स्वीकारा है. जैसे अबोध शिशुमें भाषा और मनोभावों की अभिव्यक्ति लालन-पालन करनेवालोंकी भाषा और मनोभावोंकी अभिव्यक्तिके अनुकरणवश प्रकट होती है. अतः भगवत्कृपाकी भक्तमें प्रकट होती अनुकृति भक्ति है वह **''पुष्टिः स्वार्था परार्था तु भक्तिः सा नवमे मता. अत्र उक्ता पुष्टिः 'स्वार्था'जीवहितकारिणी, 'भक्ति'स्तु 'परार्था'भगवत्कार्योपयोगिनी''** (त.दी.नि.यो.३।६।१३).

यहां भगवान्के अनुग्रह या प्रसाद के भी अनेकानेक प्रकार दरसाये जा सकते हैं और उन प्रसादोंके अनुकरणतया भक्तिके भी

अनेकरूप स्वभाविकतया प्रकट होते ही हैं. एतावता यह स्फुट होता है कि आत्मरमणशील भगवान्‌की अंशी रूपिणी आत्मरतिका अंशात्मना प्रकट रूप भक्ति है. अतः वह आत्मरति भक्तिकी अंश्युपादान सिद्ध होगी तो कृपा उसका निमित्तकारण सिद्ध होगी. ऐसी स्थितिमें अनुकार्य-अनुकारिभावका तारतम्य अनुग्रहको जीवार्थ=जीवात्मोद्देश्यक और भक्तिको परार्थ=परमात्मोद्देश्यक सिद्ध करता है. यों दो विभिन्न धर्म प्रभेदक बन जाते हैं.

भक्तिवर्धिनीके **''यथा भक्तिः प्रवृद्धा स्यात् तथा उपायो निरूप्यते बीजभावे दृढे तु स्याद्''** (भक्तिव.१) वचनमें, परन्तु, महाप्रभुने 'बीजभाव' नाम्ना इसी गूढ़भावको विवक्षित माना है; अथवा, गुरुकृपा, ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा, सर्वस्वसमर्पणात्मिका तनुवित्तजा सेवा, अल्पस्नेहरूपा रुचि या अन्य कुछ ही? इस विषयमें प्राचीन व्याख्याकारोंमें पर्याप्त वैमत्य है. इसका विचार 'भक्तिहेतुनिर्णय' ग्रन्थके प्रतिपाद्य विषयका विमर्श करते समय विस्तारसे करना ही है.

हमने यह तो देख ही लिया कि कैसे सच्चिदानन्द परब्रह्म परमात्माकी आत्मरति चिदंशरूप जीवात्माके भीतर अंशात्मना प्रकट हो कर विषयरतिसे लेकर भजनानन्दरति पर्यन्त आन्दोलित होती रहती है. उस रतिको, परन्तु, विषयासक्तिसे विपरीत बनानेको अर्थात् ब्रह्मानन्दरति या भजनानन्दरति के रूपोंमें विकसनार्थ भगवत्कृपारूप नैमित्तिक बलकी अपेक्षा रहती है **''...यमैव एष वृणुते तेन लभ्यो... नायम् आत्मा बलहीनेन लभ्यः''**(मुण्ड.उप.३।२।३-४) वरणैकलभ्य परमात्माकी प्राप्तिमें उपयोगी बल भी भगवत्कृपाबल ही मानना चाहिये, अन्य कुछ नहीं. एतदर्थ भगवत्कृपाबलके भी बहुभवनेच्छाप्रयुक्त बहुविध रूप होते हैं. यथा :

[१]सामर्थ्यानुपाती ऐश्वर्यादि षड्गुण प्राकट्यकारी अनुग्रह

[२]स्वभावानुपाती आनन्दात्मक धर्मिप्राकट्यकारी अनुग्रह.

[१-क]सुसाधन जीवात्मविषयक साधनाधिक फलप्रद प्रसाद या साधनानुकूल फलप्रद तोष.

[१-ख]काल-कर्म-स्वभावबाधक नि:साधन या दुष्टसाधन जीवात्म-विषयक दया अथवा क्षमा रूप अनुग्रह.

[२-क]शुद्धपुष्टिमार्गीय जीवात्मविषयक निजस्वरूपासक्तिप्रद अनुग्रह.

[२-ख]शुद्धपुष्टिमार्गीय जीवात्मविषयक निजकथासक्तिप्रद अनुग्रह.

इन उभयविध प्रकारोंमें प्रथम प्रकारका अनुग्रह फलत: भगवदासक्ति प्रकट कर सकता है. द्वितीय प्रकारका अनुग्रह, जबकि, साक्षाद् भगवदासक्ति प्रदान करनेवाला होता है. भगवत्स्वरूपासक्तिसे भिन्न लौकिक या अलौकिक किसी भी फलका दान करनेवाले अनुग्रहको जीवात्माके पुष्टिमार्गीय होनेका अव्यभिचारी अनुमापक लिंग नहीं माना जा सकता.

भगवल्लीलाके सन्दर्भमें 'अनुग्रह' 'पुष्टि' और 'पोषण' पर्यायवाची पद हैं **''पोषणं तदनुग्रह:''** (भाग.पुरा.२।१०।४) श्रीमद्भागवतसुबोधिनीमें भगवान्की प्रमुख बारह शक्तिओंमें इस पुष्टिशक्तिकी परिगणना की गयी है **''''श्रिया पुष्ट्या गिरा... विद्यया अविद्यया शक्त्या मायया च निषेवितम्'. 'पुष्टि:' नाम यया सर्वे पुष्टा: भवन्ति... 'गी:' सरस्वती प्रसिद्धा... 'विद्या' ज्ञानरूपा मोक्षदायिनी, 'अविद्या' बन्धिका निद्रादयोऽपि तद्भेदा:... 'शक्ति:' इच्छाशक्ति: एषा सर्वनियामिका, 'माया' सर्वभवनसामर्थ्यं व्यामोहिका चेति उभयविधापि परिगृहीता. तेन मुख्या द्वादश. अवान्तरभेदास्तु असंख्याताएव भवन्ति''** (सुबो.१०।३६।५५) इस निरूपणके आधारपर कुछ निज चिदंशरूप सृष्टिप्रवाहपतित जीवात्माओंका पोषण भगवान् संसारमें बन्धिका अविद्या शक्तिसे करते हैं. कुछ मुक्त्यर्ह जीवात्माओंका जगत्में विद्याशक्ति द्वारा करते हैं. कुछ भक्त्यर्ह जीवात्माओंका पोषण पुष्टिशक्ति द्वारा करते हैं. इन विभिन्न प्रकारकी शक्तिओंद्वारा विभिन्न प्रकारकी पोषणलीलाओंमें नियामिका तो सर्वभवनसमर्थ भगवान्की इच्छाशक्ति ही होती है. परिणामरूपेण विभिन्न प्रकारोंसे सम्पन्न होती

पोषणलीलाओंमें सर्वज्ञ परमेश्वर अल्पज्ञ जीवात्माओंके भीतर व्यामोहन भी बन्धनौपयिक मोचनौपयिक या भजनौपयिक व्यामोहिका मायाशक्तिद्वारा करते हैं.

अतएव महाप्रभु 'पुष्टिप्रवाहमर्यादा' ग्रन्थमें **''सर्गभेदं प्रवक्ष्यामि स्वरूपांगक्रियायुतम् इच्छा(शक्ति)मात्रेण मनसा प्रवाहं सृष्टवान् हरिः वचसा(गिरा शक्त्या) वेदमार्गं हि पुष्टिं कायेन(पुष्टिशक्त्या) निश्चयः, मूलेच्छातः फलं लोके वेदोक्तं वैदिकेऽपिच कायेन तु फलं पुष्टौ भिन्नेच्छातोऽपि नैकधा''** (पु.प्र.म.८-१०). यहां 'कायेन' यानि आनन्दात्मक स्वरूपके स्वभावानुपाती अनुग्रहवश पुष्टिजीवोंका सर्गनिर्माण और फलदान स्वीकारा गया होनेसे महाप्रभु कहते हैं **''भगवद्रूपसेवार्थं तत्सृष्टिः न अन्यथा भवेत्'',''स्वयं वापि मूर्तिं कृत्वा हरेः क्वचित् परिचर्यां सदा कुर्यात् तद्रूपं तत्र च स्थितम्. साकारव्यापकत्वात् च मन्त्रस्यापि विधानतः श्रीकृष्णं पूजयेद् भक्त्या यथालब्धोपचारकैः''** (पु.प्र.म.१२, त.दी.नि.२।२३१-२३२).

यों अनुग्रहको भक्तिहेतुतया मान्य किया गया होनेपर भी यहां एक सूक्ष्मताको जान लेना अत्यावश्यक है. त्रिविध सर्ग और त्रिविध फल के बारेमें यहां प्रावाहिकी सृष्टि और प्रावाहिक फल में कारणतया कृपारहित मानसी इच्छाको लीलाकारणतया स्वीकारा है. अन्यत्र मर्यादाजीवों और पुष्टिजीवों के सन्दर्भमें अर्थापत्तिवशात् कृपाविशिष्ट भगवद्वाणी या भगवत्काया को लीलाकी इच्छाके वश सृष्टि और फल के प्रभेदहेतुतया स्वीकारा गया है. यह त्रिविध सृष्टि और फलों के आनन्दात्मिका लीलाके प्रतिपादनार्थ ही है, निरसनार्थ नहीं.

('भक्तिहेतुनिर्णय' ग्रन्थमें प्रतिपाद्य विषय)

वेदोपनिषन्मूलक धर्मपरम्परा अथवा तत्त्वावधारणपरम्परा का कोई असाधारण वैलक्षण्य या वैशिष्ट्य हो तो वह यही कि मौलिक रूपमें इतरेतरतया प्रतीत होते किसी भी आधिभौतिक आध्यात्मिक या आधिदैविक

पदार्थके विनाशकी प्रेरणा वह नहीं देती और न स्वयंके लिये अननुसरणीय इतरताका अमान्य करती है. यह :

> ''यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैव अभूद् विजानतः तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वम् अनुपश्यतः... विद्यां च अविद्यां च यः तद् वेद उभयं सह अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्यया अमृतम् अश्नुते.''
>
> ''स ह अयम् ईक्षाञ्चक्रे यद् मदन्यद् नास्ति कस्मान्नु बिभेमि इति ततएव अस्य भयं वीयाय... द्वितीयाद् वै भयं भवति... अथ यो अन्यां देवताम् उपास्ते अन्यो असौ अन्यो अहम् अस्मि, न स वेद''
>
> ''अहम् अन्नम् अन्नम् अदन्तं माम् अद्मि अहं विश्वं भुवनम् अभ्यभवां सुवर्न ज्योतिः इति उपनिषत्''.
>
> ''नतु तद्द्वितीयम् अस्ति ततो अन्यद् विभक्तं यद् विजानीयाद्''.
>
> ''स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः... स्वकर्मणा तम् अभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः. श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात् स्वनुष्ठितात्''.
>
> (ईशा.उप.७-११, बृह.उप.१।४।१-१०, तैत्ति.उप.३।-१०, बृह.उप.४।३।३०, भग.गीता १८।४५-४७).

इस तथ्यका इन वचनोंमें प्रत्यायन होता ही है. प्रथम वचनमें दृश्यमान अनेकोंमे एकत्वका अनुदर्शन अनेकताका एकतया अनुवाद है. अतएव वह इतरेतरविरुद्ध विद्या और अविद्या दोनोंके अविरुद्धतया ब्रह्मदर्शनका उपदेश देता है. द्वितीय वचनमें इतरताके बोधको भयहेतु मान कर निज अभीष्ट देवकी इतरता और स्वता के बीच तादात्म्यका उपदेश है. तृतीय वचनमें भोग्यान्न और अन्नभोक्ता के बीच भयंकर द्वैतमें अद्वैतानुभूतिको सुवर्नज्योतिके रूपमें बिरदाया गया है. अन्तिम

चतुर्थ वचनमें भगवद्गीताका उपदेश **''यदा भूतपृथग्भावम् एकस्थम् अनुपश्यति ततएव विस्तारं ब्रह्म सम्पद्यते तदा''**(भग.गीता १३।३०) अनेक विभक्तोंको एक अविभक्ततया निहारना उन अब्राह्मिकतया अवभासित विभागोंका ब्राह्मिक विस्तार कर पानेकी दिव्य कलात्मिका दृष्टि है. पांचवे वचनमें इतरधर्मको इतरार्थ इन्कारे बिना स्वधर्ममें अनन्यनिष्ठाके आदर्शका उपदेश हमें मिलता है.

अतएव यहां स्व-इतरको अपनेमें समाविष्ट कर पाये एक ऐसे तात्त्विक या मानसिक महावृत्तको खोजनेकी प्रेरणा मिलती है. एक ऐसा महावृत्त जो स्व-इतर (myself V/s others)की पारस्परिक विरुद्धताका अविरोधी समानाश्रय अर्थात् विरुद्धर्मोंका अविरुद्धाश्रय हो.

यों 'पुष्टिभक्ति'पदद्वारा अभिप्रेत भक्तिका स्वरूप भी इस चिरन्तन इतरप्रतीति अर्थात् भगवान् और भक्त अथवा भगवदिच्छा-भगवत्कृपा और भगवद्-अभक्ति/भगवद्भक्ति की इतरेतरभिन्नताके प्रत्याख्यानार्थ नहीं है. यह तो भगवल्लीलाके एक महावृत्तमें ऐसे अनेक विरुद्धधर्मोंके अविरुद्धाश्रयकी आधिदैविक मृगणा है.

अतएव वेदोपनिषदोंमें और पुराणोंमें भी—

''द्वया ह वै प्राजापत्याः देवाश्च असुराश्च''.

''एष ह्येव एनं साधु कर्म कारयति तं यम् एभ्यो लोकेभ्यः उन्निनीषते एष उ एव एनम् असाधु कर्म कारयति तं यम् अधोनिनीषते''.

''आद्यो अवतारः पुरुषः परस्य कालः स्वभावः सदसन्मनश्च द्रव्यं विकारो गुण इन्द्रियाणि... अन्ये च ये प्रेतपिशाचभूतकुष्माण्डयादो- मृगपक्ष्यधीशाः''.

''अथ तत्र भवान् किं... गुणविसर्गपतितः पारतन्त्र्येण

स्वकृतकुशलाकुशलं फलम् उपाददाति आहोस्विद् आत्मारामः उपशमशीलः समञ्जसदर्शनः उदास्ते... नहि विरोधः उभयं भगवति...''

(बृह.उप.१।३।१, कौषि.उप.३।८, भाग.पुरा.२।६।४१-४३, ६।९।३५-३६).

कार्याकार्यता अथवा ग्राहच्याग्राहच्यता के विकल्पोंमें ग्राहच और अपोह्च दोनों ओर ब्रह्मको निहारनेकी आवश्यकता **''निरुक्तं च अनिरुक्तं च विज्ञानं च अविज्ञानं च सत्यं च अनृतं च सत्यम् अभवत्''** (तैत्ति.उप.२।६) में स्वीकारी गयी है. एतावता सर्वज्ञ सर्वशक्ति परमेश्वरकी कृपा और अल्पज्ञ अल्पशक्ति अनीश्वर जीवकी भक्ति का अन्तर्भाव भगवल्लीलाके महावृत्तमें स्वीकारनेपर एक प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या सर्गादि दशविध लीलारूपा कृति ज्ञानेच्छायत्नानुपाती होती हैं या स्वभावानुपाती? क्योंकि कृपाके सामर्थ्यानुपाती और स्वभावानुपाती दोनों रूप स्वीकारे गये हैं. इनमें पुष्टिजीवविषयक अनुग्रहको स्वभावानुपाती हमने प्रतिपादित किया. स्वभावानुपाती कृतिको लीलाके रूपमें स्वीकारनेपर तो पके हुवे पुष्पफलोंका वृक्षपरसे खिर जाना या प्राभंजनके वेगप्रभाववश वृक्षोंका उखड़ जाना भी लीला कहलायेगी. अतः कैसी क्रिया लीलात्मिका होती है यह विचारणीय हो जाता है.

स्पष्ट है कि जड़वस्तुओंमें प्रकट होती स्वस्वभावानुपाती या परप्रभावानुपाती क्रियाओंमें न तो ज्ञानेच्छायत्नजन्य कर्मरूपता सम्भव है और न आनन्दोच्छलन ही. अतः उन्हें लीलारूप नहीं माना जा सकता. जीवसृष्टिमें, परन्तु, स्वस्वभावानुपाती अथवा परप्रभावानुपाती क्रिया भी जब ज्ञानेच्छायत्नसे जन्य हों तभी ऐसी क्रियाओंमें कर्म/कृति होनेका बोध होता है. सृष्टिलीलाके श्रौत निरूपणमें **''आत्मैव इदम् अग्रे आसीत् पुरुषविधः सो 'अनुवीक्ष्य न अन्यद् आत्मनो अपश्यत्. सो 'अहमस्मि' इति व्याहरत् ततो 'अहं'नामा अभवत्... सवै नैव रेमे स द्वितीयम्**

[२]ऐच्छत् स ह एतावान् आस... स [३]इममेव आत्मानं द्वेधा [४]अपातयत्. ततः पतिश्च पत्नी च अभवताम्'' (बृह.उप.१।४।१-३) स्पष्टतया १, २ और ४ अंकांकित पदोंमें ज्ञान इच्छा और यत्न का निरूपण मिलता ही है. एतावता सृष्टिलीलाको किसी जड़वस्तुमें स्वस्वभाववश या परप्रभाववश प्रकट हुयी क्रिया तो माना नहीं जा सकता. यह तो ज्ञानेच्छायत्नजन्य कर्म ही है. वह कृतिरूप कर्म ''**कर्तुः ईप्सिततमं कर्म**'' (पाणि.सू.२।३।२) सूत्रके अनुसार सकर्मक भी हो सकता है अथवा अकर्मक भी. सकर्मक कृतिके भी आत्मकर्मक अथवा आत्मेतरकर्मक दोनों प्रकार हो सकते हैं. आत्मेतरकर्मक क्रिया व्यवहाररूपा बन जाती है. सृष्टिकर्ताके सर्जनकर्मके बारेमें ''**स [३]इममेव आत्मानं द्वेधा [४]अपातयत्. ततः पतिश्च पत्नी च अभवताम्**'' (यथापूर्वनिर्दिष्ट) उल्लेख स्पष्टतम शब्दोंमें व्यवहार तो माना नहीं जा सकता, आत्मकर्मिक होनेके कारण. वह व्यवहार भी स्वच्छन्द अथवा विध्यधीन हो सकता है. सृष्टिकर्ताके आत्मद्वेधापादन कर्मको ''**नतु तद्द्वितीयम् अस्ति ततो अन्यद् विभक्तं यद् विजानीयाद्**''(यथापूर्वदर्शित) आत्मेतर द्वितीयके अभावमें परकीय विध्यधीन धर्म्य या अधर्म्य तया निर्धारण भी अप्रासंगिक ही हो जाता है. अतः धर्म्याधर्म्य व्यवहार तो विसृष्ट जीवात्माओंके ही बारेमें प्रासंगिक बनता है. वह धर्म्य व्यवहार भी ''**श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैव अवधार्यताम् आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्**'' (विदुरनीति २) वचनके अनुसार विवेकनीतिप्रयुक्त होनेपर नैतिक कृति अन्यथा अनैतिक कृतिमें पर्यवसित हो जाता है. फिरभी ऐसे धर्म्याधर्म्य व्यवहारका अभिनय जनरञ्जनार्थ या लोकसंग्रहार्थ करनेपर पुण्यपापका अवलेपन प्रसक्त नहीं माना जाता. इस तरहके अभिनयकर्मसे भी ऊपर उठ कर निष्प्रयोजन निरायास आनन्द या स्नेह के उच्छलित होनेपर की जाती कृपारूपा कृति या कृपाजन्या भजनरूपा कृति लीलाभावमें अन्तर्हित होती है. महाप्रभुका एक मननीय विधान इस विषयमें यों है : ''**सृष्ट्यादीनां लीलात्वे ज्ञाते भक्तिः भवति न कार्यत्वे. कौतुकाधिष्ठितेन अनायासत्वेन क्रियमाणं कर्म लीला**'' (भाग.सुबो.१।१।४) यहां 'कर्म'पदके प्रयोगवश

ज्ञानेच्छायत्नजन्य होना ध्वनित होता है, अतियत्न सायास बन जाता है परन्तु अल्पयत्न अनायास होता है. अतः लीलाका अनायास होना भी आवश्यक है. अनायास कर्म भी कौतुक, उत्सव या हर्ष, के वश किये जानेपर लीलारूप बन जाता है.

यहां यह एक प्रश्न और विचारणीय बनता है कि भक्तिकी परिभाषा **"माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढः सर्वतोऽधिकः स्नेहः"**में बोध और प्रेम पदार्थ तो आते हैं पर किसी क्रियामें भक्तिरूपता परिभाषाके विचारसे उपपन्न कैसे होगी? इसे अपरिच्छिन्न विभु सच्चिदानन्द ब्रह्मके एकैकांशके तिरोधान **"सच्चिदानन्दरूपेषु पूर्वयोः अन्यलीनता... जडो जीवो अन्तरात्मा इति व्यवहारः त्रिधा मतः"**(त.दी.नि.१।२९-३०) अर्थात् जड़में सदंशाविर्भाव और चिदंशका तिरोधान, जीवमें सच्चिदांशका आविर्भाव और आनन्दांशका तिरोधान और व्यष्टि अन्तर्यामीमें सच्चिदानन्दरूप तीनोंके आविर्भूत रहनेपर भी अपरिच्छिन्नता/विभुताका तिरोधान होता है जैसे, वैसे ही केवल क्रियामें सत्ताका आविर्भाव परन्तु ज्ञान/चेतनाका तिरोभाव, ज्ञानमें सत्ता-चेतनाका आविर्भाव होता है परन्तु आनन्द-प्रियताका तिरोभाव हो जाता है. परन्तु भाव कहो रति कहो स्नेह कहो या प्रेम कहो में क्रिया और बोध दोनों ही रहते होनेपर भी प्राधान्येन उनका व्यपदेश नहीं होता. अतएव **"'भज'इत्येष वै धातुः सेवायां परिकीर्तिता तस्मात् सेवा बुधैः प्रोक्ता 'भक्ति'शब्देन भूयसी"** (गरु.पुरा.) नवधाभक्तिरूपा श्रवणादिक्रियाओंके रूपमें अथवा महाप्रभूपदिष्ट निजतनुवित्तकी निजगेहस्थित भगवत्स्वरूपकी सेवनामें विनियोगरूपा क्रियाके अभिप्रायवश भी भक्तिका क्रियारूप होना अशक्य नहीं.

अतएव 'भक्तिहेतुनिर्णय'ग्रन्थकार श्रीविट्ठलनाथ प्रभुचरणने **"तदनुग्रहैकलभ्यां भक्तिं नुमः"** मंगलाचरणके पूर्वपक्षतया भगवद्धर्मरूप यागदानादि निष्पापता वर्णाश्रमाचार आदिको भक्तिके हेतु माननेका विकल्प उपस्थापित किया है.

ऐसा प्रकार महाप्रभुके वचनोंमे सिद्धान्ततया भी मिलता है :

''भक्तिः स्वतन्त्रा शुद्धा च दुर्लभेति न सोच्यते. भक्तेरपि स्वाश्रमधर्मसहितज्ञानसहितायाएव तिरोधाननाशकत्वम् उक्तं भवति, (यदि) एषा माहात्म्यज्ञानपूर्वकपरमस्नेहरूपा तथाभूता सती भगवत्परिचर्यायुक्ता भवेत्. स्वतःपुरुषार्थरूपा सेवा चेत् सा भक्तिः स्वतन्त्रा इति उच्यते. अयम् अर्थः : स्वाश्रमाचार-सहित-ब्रह्मानुभवसहित-माहात्म्यज्ञान- पूर्वकस्नेहो ब्रह्मभावं करोति. तादृशश्चेत् परिचर्यासहितो भवेत् तदा सा परिचर्या आनन्दरूपा सती त्रयोदशगुणा भवति. तदा फलरूपायां स्वाश्रमाचारादिकरणं फलानुभवप्रतिबन्धकमिति फलत्वेन अनुभवे स्वाश्रमाचाराः त्यक्तव्याः यथा ब्रह्मभावंगतस्य, अन्यथा कर्तव्या''.

''यावद् देहो अयं तावद् वर्णाश्रमधर्माएव स्वधर्मा भगवद्धर्मादयोऽपि विधर्माः परधर्माः वा. यदा पुनः आत्मानं जीवं मन्यते संयातव्यतिरिक्तं तदा दास्यं स्वधर्मः, अन्ये वर्णाश्रमादयोऽपि परधर्माः''.

(त.दी.नि.२।१९६, सुबो.३।२८।२).

यहां भक्ति प्राप्त करनेको न तो वर्णाश्रमादि आचार, यागदानादिधर्म या आत्मज्ञान अथवा ब्रह्मज्ञान साधनतया उपदिष्ट हैं और न अंगतया. इनके साथ, परन्तु, समुच्चय तो निश्चिततया प्रतिपादित हुवा है. प्रभुचरण, किन्तु, इसे पूर्वपक्षकोटिमें निविष्ट कर रहे हैं. तो क्या पिता-पुत्रके बीच कोई मतभेद मानना अथवा उभयप्रामाण्यवश सम्प्रदायमें इसे वैकल्पिक सिद्धान्त मानना? इस विषयमें महाप्रभु और प्रभुचरण की मान्यताओंका तुलनात्मक विमर्श करना हो तो सर्वप्रथम महाप्रभु तथा श्रीगोपीनाथ प्रभुचरण के अधोनिर्दिष्ट वचनोंपर लक्ष्यपात आवश्यक

है :

"'सर्ववेदेतिहासानां सारं सारं समुद्धृतम्... कृष्णे स्वधामोपगते धर्मज्ञानादिभिः सह कलौ नष्टदृशाम् एष पुराणार्को अधुना उदितः' त्रैवणिकानाम् उद्धारार्थे वेदः स्त्रीशूद्राणाम् इतिहासः, उभयसारोद्धारकत्वाद् (भागवतं) सर्वोद्धारकम्".

"'वर्णाश्रमवतां धर्मे मुख्ये नष्टे छलेन तु क्रियमाणे न धर्मः स्याद् अतः तस्माद् न मोचनं बुद्धिमान् आदरं तस्मिन् छले साध्येऽपि दुःखतः त्यक्त्वा मार्गे ध्रुवफले भक्तिमार्गे समाविशेत्... सर्वथा चेद् हरिकृपा न भविष्यति यस्य हि तस्य सर्वम् अशक्यं स्याद् मार्गे अस्मिन् सुतरामपि. कृपायुक्तस्य तु यथा सिद्धचेत् कारणम् उच्यते'. यदा वेदादीनां कालवशाद् असाधकत्वं ज्ञातं तदा अयं मार्गो भगवता कथितः... ननु पराश्रया मुक्तिः मायावादादिभिः निराकृतेति कथं न प्रमेयविरोधः?... तेहि स्वमात्रं फलत्वेन कल्पयन्ति तत्तु अप्रामाणिकम्. 'आत्म'शब्दस्य भगवद्वाचकत्वात्. नतु जीवमात्रपरत्वं वेदान्तानां नापि जीवस्य फलरूपत्वम्. अतः परमानन्दो अधिको भवतीति न कदापि मुक्तिः स्वाधीना. अतः तत्र स्नेहएव तत्प्राप्तिहेतुः".

"नहि देहभृता शक्यं कर्म त्यक्तुम् अशेषतः... भक्तिशास्त्रानुकूल्येन स्वधर्माचरणं भवेत्... तथा सर्वार्हणं यस्मात् परिचर्याविधिः हरेः अतः तदनुरोधेन नित्यकर्मकृतिः वरा, अन्यथा तु कृतिः व्यर्था त्रैवर्ग्यविषया यतः".

(भाग.सुबो.१।३।४२, त.दी.नि.प्र.२२३-२२६, साधन-दीपि.१५-२२).

अतः वेदादि शास्त्रोंमें नियतकर्तव्यतया विहित स्वधर्मोंका देहाभिमान प्रबल होनेपर समुच्चय; अथवा, प्रबल न होनेपर लोकसंग्रहार्थ

अन्वाचय मात्र उपदिदिक्ष्य हैं, अंगतया या अंगितया नहीं.

''यः शास्त्रविधिम् उत्सृज्य वर्तते कामकारतः न स सिद्धिम् अवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्. तस्मात् शास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुम् इह अर्हसि'',''श्रुतिस्मृतीः ममैव आज्ञे यः ते उल्लंघ्य वर्तते आज्ञोच्छेदी मम द्रोही मद्भक्तोऽपि न मे प्रियः'' (भग.गीता १६।२३-२४, वाधूलस्मृ.१९५) ऐसी भगवदाज्ञाओंके अनुसन्धानमें श्रुति-स्मृति-पुराण आदि शास्त्रद्वारा अनिर्दिष्ट रीतिसे स्वछन्द भक्ति करनेपर लौकिकालौकिक कुछ भी फल न मिलता हो और भगवद्भक्त होनेपर भी भगवद्द्रोहके अपराधवश ऐसा भक्त भगवान्को अप्रिय बन जाता हो तो, जहां फलसिद्धि निरूपित हो वहां इस जन्मके धर्माचरणवश न सही जन्मान्तरीय धर्माचरणके फलस्वरूप उसे मान लेनी चाहिये. अन्यथा तो भक्तिके नामपर स्वच्छन्दता फैलेगी ही जिसे रोकना अशक्य हो जायेगा ?

यहां, परन्तु, आलोचनीय हो जाता है कि जो शास्त्रवेत्ता शास्त्रोंके आधारपर कर्तव्यनिर्धारण अनिवार्य मानते हैं वे भी तो सर्वदा निजाचरणमें शास्त्रानुकूल्य निभा नहीं पाते. शास्त्रविज्ञ न होनेपर भी दुर्वृत्तिरहित व्यक्ति अनजाने भी बहुधा पापाचरण नहीं करते. अतः इसका समाधान तीन तरहसे सोचा जा सकता है :

१.ब्रह्म स्वयं प्राकृत गुणोंके बन्धनोंसे अतीत होनेके कारण पुण्यपापातीत होता है. अतः विधिनिषेधके बन्धनोंका साधक-बाधक होना प्रकृतिके सत्त्वरजस्तमो गुणोंसे जीवचेतनाके ग्रस्त होनेके कारण ही लागु होता है, निर्गुणोंपर नहीं. अतएव भगवान् गीतामें कहते हैं वेद सारे के सारे प्रकृतिके तीन सत्त्वरजस्तमो गुणोंसे ग्रस्त चेतनावाले जीवोंको गुणोंसे मुक्त करनेको दिये गये उपदेश हैं. शास्त्रोंमें अनिर्दिष्ट या निषिद्ध प्रकारसे भक्ति

करनेवाला यदि सगुणभक्त हो तो भगवद्द्रोह स्वीकारा जा सकता है. अन्यथा ज्ञानी या भक्त दोनोंमें से कोई भी अप्रिय बन सकता है. साथ ही साथ प्रपन्न भक्तके बारेमें तो स्वयं भगवान् भी स्वीकारते हैं कि **"त्रिभिः गुणमयैः भावैः एभिः सर्वम् इदं जगद् मोहितं नाभिजानाति माम् एभ्यः परम् अव्ययम्. दैवीहि एषा गुणमयी मम माया दुरत्यया मामेव ये प्रपद्यन्ते मायाम् एतां तरन्ति ते"** (भग.गीता ७।१३-१४) अपने भगवत्सखा अर्जुनने भी **"शिष्यः ते अहं शाधि मां प्रपन्नम्"** (भग.गीता २।७) भगवत्प्रपत्तिकी प्रार्थना द्वारा शरणागति स्वीकार रखी थी. अतः भगवान् भी स्वीकारते हैं कि **"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच"** (भग.गीता १८।६६). पूर्वस्वीकृत शरणागतिके कारण इस विधानमें शरणागतिका अप्राप्तप्रापक अपूर्व विधान तो सोचा ही नहीं जा सकता. अतः 'लोट्'लकारको आशीर्वादात्मिका प्रार्थित शरणागतिकी स्वीकृति के अभिप्रायवश अथवा शरणागतिमें सर्वधर्मके त्यागरूप गुणके विधानार्थ स्वीकारना ही योग्य लगता है. जिसे पूर्वोपदिष्ट **"त्रैगुण्यविषयाः वेदाः निस्त्रैगुण्यो भव अर्जुन", "मन्निष्ठं निर्गुणं स्मृतम्"** (भग.गीता २।-४५, भाग.पुरा.११।२६।२४) यों अनन्याश्रयरूप निस्त्रैगुण्यके ही सन्दर्भमें लेना उचित है. ब्रह्मविषयक ज्ञानका निर्गुणात्मक हो जाना उपनिषद्में स्वीकारा ही गया है **"आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति एतं ह वाव न तपति किमहं साधु नाकरवं किमहं पापम् अकरवम् इति"** (तैत्ति.उप.२।९). अतः यदि ब्रह्मज्ञानीके बारेमें स्वच्छन्दाचरणका आक्षेप शक्य न हो तो, उसी ब्रह्ममें स्नेहभावसे सन्निष्ठ होनेवाले भक्तके बारेमें भी स्वच्छन्दताकी आशंका क्यों उठानी चाहिये?

२.कुछ ज्ञानियोंमें या भक्तोंमें प्रारम्भिक साधकदशामें स्वच्छन्दाचरण या पाषण्ड साक्षाद् दृष्टिगोचर होता हो तो

उनपर भगवान्‌की मर्यादामार्गीय या पुष्टिमार्गीय कृपा हुयी न होगी परन्तु संगादिके अनियामक कारणवश इस या उस मार्गमें चर्षणी जीवोंकी तरह आरूढ़ वे हो गये होंगे, ऐसे मान लेना उपयुक्त लगता है. अतः स्वयंकी सद्‌गतिके लिये शास्त्रविहित धर्माचरणकी अपेक्षा सगुण जीवात्माके लिये अपरिहार्य है. परमात्माकेलिये, किन्तु, उसे अपरिहार्य माननेपर पारमात्मिक निरंकुश ऐश्वर्यका अपलाप होगा.

३.भगवद्‌भक्तिलाभ या भगवान्‌की साक्षात् प्राप्ति में उन्हें कृपानिरपेक्ष साधन माननेपर जीवात्माका उत्कर्ष परमेश्वरसे भी अतिशायी मानना पड़ेगा. कृपासापेक्ष उन्हें माननेपर परमात्मामें कृपा और जीवात्मामें शास्त्रविहित धर्मादि सम्पत्तिमें परस्पर जन्यजनकभाव मानना या नियतसाहचर्य मानना? परस्पर जन्यजनकभाव माननेपर भगवद्‌धर्मरूपा अनुग्रहात्मिका क्रिया अनित्य माननी पड़ेगी. अन्यथा नित्य माननेपर जिस जन्मकालमें ज्ञान या भक्ति प्रकट हुवे हों उससे पूर्व भी जीवात्माके भीतर उन्हें विद्यमान मानना पड़ेगा. विद्यमान भी मान लेनेपर तदर्थ उत्साह और उद्यम निरर्थक सिद्ध होंगे. अगतिकतया नियतसाहचर्यका कल्प स्वीकारनेपर भगवत्प्रतिपक्षिओंके भगवदपराधको भगवल्लीलारूप माननेपर भगवल्लीलाको शास्त्रविधानोंके माहात्म्यका प्रतिबन्धक मानना पड़ेगा; क्योंकि, कयी अवतारलीलाओंमें शास्त्राज्ञाओंके विपरीत आचरणके उदाहरण उपलब्ध होते ही हैं. अतः भगवत्कृपा और धर्माचरण का नियतसाहचर्य खण्डित हो जाता है.

संक्षेपमें जैसाकि दिखला दिया गया है कि भक्तिके अनेक प्रकार मूलतः, महाप्रभुके 'पुष्टिप्रवाहमर्यादा' ग्रन्थमें निरूपित हुवे हैं. ये जीवसृष्टिरूपेण लीलार्थ भगवत्कृत विविध वरणोंके भेदोपभेदमूलक माने गये हैं. वह ग्रन्थ सम्पूर्णतया उपलब्ध न होनेके कारण यद्यपि

कुछ अस्पष्टता अवश्य हैं. फिरभी अधोनिर्दिष्ट जीवात्माओंके प्रभेद अतीव मननीय हैं :

[क]पुष्टिजीव [ख]मर्यादाजीव [ग]प्रावाहिकजीव.
[क१]शुद्धपुष्टिजीव और [क२]मिश्रपुष्टिजीव.
[क२]मिश्रपुष्टिके पुनः तीन उपप्रभेद होते हैं : पुष्टिपुष्टि मर्यादापुष्टि और प्रवाहपुष्टि. ये प्रभेद भक्तगत भजनक्रिया, स्वयंका और भजनीयका स्वरूपबोध; और, सेवा तथा सेव्य के बारेमें स्नेहभाव तीनोंकी भगवत्परता होनेपर उत्तम कोटि मानी जाती है. स्नेहरहित क्रिया-बोध होनेपर मध्यम और केवल क्रियापरता हो तो आदिम प्रवाहकोटि मानी जाती है : **''पुष्ट्या विमिश्राः सर्वज्ञाः प्रवाहेण क्रियारताः मर्यादया गुणज्ञास्ते शुद्धा प्रेम्णा अतिदुर्लभाः''** (पु.प्र.म.१६).

समानन्यायेन मर्यादासृष्टिमें और प्रवाहसृष्टिमें भी इसी रीतिके उपवर्गोंका प्रभेद मानना या अन्य कुछ? यह उपलब्ध ग्रन्थांशके आधारपर स्पष्ट नहीं हो पाता. क्योंकि प्रवाहसृष्टिकी तरह ही दैवी जीवोंके सम्बन्धी जीवोंको भी महाप्रभु 'चर्षणी' पदसे वाच्य दिखलाते हैं. अतः पुष्टि या मर्यादा रूपी दोमें से किसी एक भी सरणीमें इन चर्षणियोंका वरण नहीं हुवा मान कर दैवी जीवोंसे भिन्न जीवोंके दो प्रभेद चर्षणी और आसुरी होने चाहिये. अतः वर्गविशेषसे बाहच इन्हें प्रकीर्ण मानना अथवा प्रवाहतुल्य मानना, फिरभी प्रवाही नहीं. क्योंकि [ग]प्रवाही जीवोंमें [ग१]अज्ञ और [ग२]दुर्ज्ञ के दो अवान्तर प्रभेद कण्ठोक्त हैं. इनमें दुर्ज्ञ जीवोंके मार्गवरण सुनिर्धारणीय लगनेपर भी अज्ञजीवकी बाबतमें निर्धारण सुकर नहीं लगता है **''सम्बन्धिनस्तु ये जीवाः प्रवाहस्थाः तथा परे क्षणात् सर्वत्वम् आयान्ति रुचिः तेषां न कुत्रचित्. तेषां क्रियानुसारेण सर्वत्र**

सकलं फलं, प्रवाहस्थान् प्रवक्ष्यामि... जीवाः तेहि आसुराः सर्वे... तेच द्विधा प्रकीर्त्यन्ते हि अज्ञदुर्ज्ञप्रभेदतः. दुर्ज्ञास्ते भगवत्प्रोक्ताः हि अज्ञाः तानु ये पुनः'' (पु.प्र.म.२२-२५). इस वाक्यांशके अवलोकन करनेपर एक सम्भावना यह भी पुरस्फूर्तिक लगती है कि दुर्ज्ञ जीवको शुद्ध प्रवाही आसुरी मानना और ऐसे रुचिरहित क्रियापरायण चर्षणी जीव और निजी बोधरहित अन्यथाक्रिया अन्यथाबोध तथा अन्यथाभाव वाले दुर्ज्ञ प्रवाही जीवोंको अनुसरनेवाले पुनः मिश्रप्रवाही होने चाहिये — प्रवाहप्रवाही मर्यादाप्रवाही पुष्टिप्रवाही.

इसी तरह शुद्धमर्यादा और पुष्टिमर्यादा मर्यादामर्यादा और प्रवाहमर्यादा शास्त्रविहित भक्ति ज्ञानोपासना और यागदानादि तथा वर्णाश्रमाचारादि के प्राधान्यसे मिश्रमर्यादा जीव भी होते होंगे.

यदि यह महाप्रभुको अभिलषित कल्प हो तो ग्रन्थकार प्रभुचरण द्वारा मंगलाचरणमें **''तदनुग्रहैकलभ्यां भक्तिम्''** वाक्यांशमें न तो प्रवाहमार्गीय न मर्यादामार्गीय और नहीं मिश्रपुष्टिमार्गीय भक्तिके सन्दर्भमें बात कर रहे हैं प्रत्युत केवल शुद्धपुष्टिके कल्पकी ही बात कर रहे हैं, यह फलित होता है. क्योंकि प्रस्तुत ग्रन्थमें ऐसी भी विधान मिलता है :

> **''येषाञ्च पुष्टिमार्गे अंगीकारः तेषां केवलानुग्रहेणैव न साधनापेक्षा इति सिद्धान्तः यथा व्रजादिस्थिताः. तत्र-तत्र अंगीकारे च इच्छैव हेतुः, स्वतन्त्रेच्छत्वाद् नान्यनियम्यता. तथाच साधनवाक्यानि मर्यादामार्गपराणि इति ज्ञेयम्.''**
>
> (भक्ति.निर्ण.).

यह स्वीकारना इसलिये भी उपपन्न लगता है क्योंकि सर्वनिर्णयके साधनप्रकरणमें जहां भक्तिके बारेमें महाप्रभु सुस्पष्ट शब्दोंमें विधान करते हैं :

> **''विशिष्टरूपं वेदार्थः फलं प्रेम च साधनं, तत्साधनं**

नवविधा भक्तिः, तत्प्रतिपादिका गीता संक्षेपतः... तद्विस्तारो भागवतं सर्वनिर्णयपूर्वकं... अत्र प्रमेयं विशिष्टरूपं यस्य एकैको अंशः काण्डद्वयेन प्रतिपाद्यते स ज्ञानक्रियोभययुतः. सएव च फलम्. तत्रापि साधनं च प्रेमैव तत्साधनं नवविधा भक्तिः, श्रवणादिव्यतिरेकेण संस्कारवशात् फलकामनया वा जायमाना प्रीतिः गौणी स्यात्. श्रवणादीनां साधनत्वे प्रमाणं गीता 'भक्त्या त्वनन्यया शक्यः' इति साधन-साध्यरूपाम् एकीकृत्य आह गीतायाअपि प्रमाण्यं फलवाक्यात्. कृष्णस्य फलरूपत्वं परमानन्दरूपत्वात् पुरुषोत्तमत्वात् च... मार्गो अयं सर्वमार्गाणाम् उत्तमः परिकीर्तितः... प्रमाणादीनां चतुर्णामपि एकरूपत्वात् सर्वमार्गापेक्षया अयम् उत्तमो मार्गः. तथाहि प्रमाणं भगवद्वाक्यं वाक्येन प्रवृत्तः साधनम् असाधयन्नपि भगवता कृतार्थीक्रियते. प्रमेयपरिज्ञानञ्च फलानुभवरूपम्. साधनञ्च फलादपि अधिकं फलञ्च ज्ञानकर्मादिसाध्येभ्योऽपि अधिकम्. अतएव अस्मिन् मार्गे पातभयं नास्ति, प्रमाणप्रवृत्तिम् आरभ्य भगवतो रक्षकत्वात्''.

(त.दी.नि.प्र.२।२२०-२२२).

यहां जिस भक्तिको मुख्या बताया जा रहा है उसे भक्तिहेतुनिर्णयकार गौण बता रहे हैं, ऐसे विरोधाभासके परिहारार्थ भक्तिहेतुनिर्णयोक्त भक्ति शुद्धमिश्र दोनों तरहकी नहीं केवल शुद्धपुष्टिरूपा भक्तिके हि हेतुका यहां प्रतिपादन मानना चाहिये. अतएव ''**भक्तिः स्वतन्त्रा शुद्धा च दुर्लभेति न सा उच्यते**'' (त.दी.नि.२।१९६) वचनमें ''न सा उच्यते'' कहा परन्तु स्वोपज्ञ प्रकाशमें ''**तदा फलरूपायां तस्यां स्वाश्रमाचारादिकरणं फलानुभवप्रतिबन्धकमिति फलत्वेन अनुभवे स्वाश्रमाचाराः त्यक्तव्याः... अन्यथा कर्तव्या**'' (तत्रैव प्र.२।१९६) कह कर व्यवस्थितविकल्पका प्रतिपादन मिलता है. इसी व्यवस्थाकी पुष्टि महाप्रभुके ज्येष्ठात्मज श्रीगोपीनाथजीने भी की जो वचन हम उद्धृत कर ही चुके हैं. अतएव षोडशग्रन्थ

तत्त्वार्थदीपनिबन्ध अणुभाष्य साधनदीपिका के :

[१]''बीजदाढर्च्यप्रकारस्तु गृहे स्थित्वा स्वधर्मतो अव्यावृत्तो भजेत् कृष्णं पूजया श्रवणादिभिः''.

[२]''स्वधर्माचरणं शक्त्या विधर्माच्च निवर्तनम्''.

[३]''लौकिकत्वं वैदिकत्वं कापट्यात् तेषु नान्यथा वैष्णवत्वं हि सहजं ततो अन्यत्र विपर्ययः''.

[४]''भगवद्भावस्य रसात्मकत्वेन गुप्तस्यैव अभिवृद्धिस्वभावकत्वाद् आश्रमधर्मैरेव लोके स्वं भगवद्भावम् अनाविष्कुर्वन् भजेद् इति आशयेन ते धर्माः उक्ताः. गोपने मुख्यं हेतुम् आह 'अन्वयाद्'इति यतो भगवता समन्वयं सम्बन्धं प्राप्य वर्तते अतो हेतोः तथा... एतेन यावद् अन्तःकरणे साक्षात् प्रभोः प्राकट्यं नास्ति तावदेव बहिः आविष्करणं भवति. प्राकट्येतु न तथा सम्भवति''.

[५]''यद्यपि एवं हि गार्हस्थ्यं वर्णधर्मेण दुष्करं तथापि आयातपतितं बिभृयाद् देहयात्रया न गार्हस्थ्यं विना देहयात्राधर्मोऽपि सिद्धयति. अतः तस्मिन् स्थितस्यैव यत्किञ्चित्सिद्धिसम्भवः'',''अलंकृत्यैव सप्रेम स्वीयान् भक्तान् प्रदर्शयेत्''.

(१.भक्तिव.२, २/त.दी.नि.२।२३८, ३/पु.प्र.म.२०-२१, ४/अणु-भा.३।४।४९, ५/साध.दीपि.७०-७२,१०८).

यों पितापुत्रोंके विधानोंमें न केवल एकवाक्यता प्रकट होती है अपितु भक्तिवर्धिनीमें जो कुछ विधान किया गया है उसके प्रयोजनकी भी व्याख्या मिल जाती होनेसे विशेष प्रतिपत्ति होती है. जैसाकि २५२ वैष्णववार्ता (वा.१३०प्र.३) में वृत्तान्त मिलता है कि आचार्य मुरारि, पुष्टिमार्गमें दीक्षित होनेके बाद 'मुरारिदास'नामा, के अनुनय करनेपर ये दो ग्रन्थ लिखे गये. जिस पुष्टिभक्तिकी साधनामें वे दीक्षित

हुवे उसका शास्त्रीय आधार विसम्प्रदायी जन उनसे पूछ-पूछ कर उन्हें परेशान करते थे. तब प्रभुचरणने पहले 'भक्तिहंस' ग्रन्थ रचा बादमें संक्षेपमें 'भक्तिहेतुनिर्णय' ग्रन्थ भी लिख कर भिजवाया. इस इतिवृत्तमें अपने अग्रज साधनदीपिकार श्रीगोपीनाथजी, के साथ मतभेदकी कोई पूर्वभूमिका थी ही नहीं. अतः दोनों भ्राताओंके बीच ऐसे मतभेदका ऊहापोह इन ग्रन्थोंके आधारपर करना निरर्थक दुराशय लगता है!

प्रणमामि मुरारेर्दासमहं प्रभ्वर्थितभक्तिग्रन्थद्वयम्।
निजवर्त्मप्रकाशकपुष्टिपरं निःसाधनजीवहितैकरतम्॥

('भक्तिहंस' ग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय)

ऋग्वेदकी संहितामें परमतत्त्वकी तथा उसका निरूपण करनेवाली वाणीकी अन्योन्यानुरूपताके बारेमें दो वचन अतीव मननीय उपलब्ध होते हैं :

[१]**"पुरुषएव इदं सर्वं यद् भूतं यच्च भव्यं... उत अमृतत्वस्य ईशानो यद् अन्नेन अतिरोहति, एतावान् अस्य महिमा अतो ज्यायांश्च पुरूषः. पादो अस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्य अमृतं दिवि त्रिपाद् ऊर्ध्वम् उदैत् पुरुषः पादो अस्य इह अभवत् पुनः"**

[२]**"चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुः ब्रह्मणाः ये मनीषिणः गुहा त्रीणि निहिता नेंगयन्ति तुरीयं वाचा मनुष्याः वदन्ति. इन्द्रं मित्रं वरुणम् अग्निम् आहुः अथो दिव्यो सुपर्णो गरुत्मान् एकं सद् विप्राः बहुधा वदन्ति अग्निं यमं मातरिश्वानम् आहुः"**

(१/ऋक्संहि.१०।९०।२-३, २/१।१६४।४५-४६).

अर्थात् केवल एकचतुर्थांशमें निखिल सृष्ट्यात्मना प्रकट हुवा होनेसे

मूलतत्त्वका न तो स्वरूप पूर्णतया प्रकट हुवा है; और, नहीं परा पश्यन्ती मध्यमा और वैखरी रूपिणी चतुष्पदा वाणी भी अपने तीन पूर्वचरणोंको प्रकट करती है. केवल वैखरी वाणीसे तो इतना ही कहा जा सकता है कि इन्द्र सूर्य वरुण अग्नि यम वायु सभी कुछ वही बना है. इसके अलावा वह और क्या है, यह कहा नहीं जा सकता. अतएव जितना कुछ कहा जा सकता है ब्रह्मको उतना कह कर अन्तमें वाणी और मन दोनों परावृत्त हो जाते हैं. अतएव वैखरीसे उसका निरूपण करने जानेपर वदतोव्याघात हो जाता है **''यद् वाचा अनभ्युदितं येन वाग् अभ्युद्यते तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यद् इदम् उपासते''** (केनोप.१।४). वेदवाणी भी इतना ही कह पाती है कि सृष्टिमें वायु सूर्य अग्नि चन्द्र यम आदि सभी दैवी शक्तियां उसके आधीन अपना कार्य करती हैं. मानुष आनन्दसे लेकर प्रजापतिसे भी ऊपर ब्रह्मका उत्तरोत्तर शतगुणित होता आनन्द अरब-खरब गुना हो जाता है. पर अन्तमें कितना है उसका पार मन या वाणी से पाया नहीं जा सकता. फिरभी अपने अंशी आनन्दके आनन्त्यके ज्ञानसे आश्वस्त होनेपर अंशभूत चेतना निर्भय अवश्य हो जाती है **''यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति''** (तैत्ति.उप.२।८-९).

अतएव आनन्दात्मक ब्रह्मको, शांकर वेदान्तकी तरह वाल्लभ वेदान्तमें सर्वथा अवाच्य नहीं माना गया है पर इयत्तया या एतावत्तया तो अवाच्य माना ही गया है. अर्थात् सिद्धार्थबोधक वाक्योंद्वारा प्रतिपाद्यताकी परिधिमें ही जब ब्रह्म घिर न पाता हो तब साध्यार्थबोधक विधिनिषेधरूप वाक्योंद्वारा प्रतिपाद्य धर्माधर्मोंकी परिधिमें उसे कैसे घेरा जा सकता है? ये विधिनिषेध पूर्वोत्तर उभयविधमीमांसामें मनुष्याधिकारक ही माने गये हैं :

'' 'हृद्यपेक्षयातु मनुष्याधिकारत्वात्' ... शास्त्रंहि अविशेषप्र-

वृत्तमपि मनुष्यानेव अधिकरोति शक्तत्वाद् अर्थित्वाद् अपर्युदस्तत्वाद् उपनयनशास्त्रात् च इति वर्णितम् अधिकारलक्षणे'' (द्रष्ट. : जैमि.सू.६।१।१-३८).

''रूपप्रपञ्चकरणाद् आसक्तस्वांशवारणे श्रुतिम् आत्मप्रसादाय चकार आत्मानमेव स. विचित्रो रूपप्रपञ्चः जीवाश्च अंशाः, अल्पानां विचित्रे भ्रमो भवत्येव. अतः तन्निवारणार्थं श्रुतिं चकार... इदमेव श्रुतेः प्रयोजनं... अध्ययनादिना धर्मादिकमपि साधयति... प्रपञ्चात्मको भगवान् वेदार्थः इति निरूप्य सर्वेषां तथाबुद्धिभावम् आशंक्य तेषां दोषं कथयन् स्वोक्तम् उपसंहरति... सात्त्विकानामेव अयम् अर्थो प्रकाशते न सर्वेषाम्. ननु सर्वे भगवदंशाः तत्र कथं केचन सात्त्विकाः अन्ये न इति व्यवस्था? 'प्रजायेय'इति इच्छया विनिर्गताः चिदंशाः तुल्याः मा भवन्त्विति भगवन्मायागुणैः व्याप्ताः त्रिविधरसभोगाय. अन्यथा तामसवस्तूनां भोगो न स्यात्. अतएव श्रुतौ 'त्रयो ह वै प्रजापत्याः' इति देवाः मनुष्याः असुराः... अतो जीवानां त्रैविध्यात् तदनुगुणाएव अन्तःकरणादयोऽपि भवन्ति. ततः किम् अतः आह सर्वे वेदविदो जाताः स्वभावगुणभेदतः तेषां प्रकृतिवैचित्र्यात् श्रुत्यर्थो बहुधा उदितः.''

(ब्र.सू.शां.भा.१।३।२५. त.दी.नि.प्र.२।१७-२०).

ऐसी स्थितिमें सर्वपदार्थरूप अर्थात् अभिधेयार्थ विधेयार्थ निषेद्धव्यार्थ विकल्प्यार्थ अपोह्यार्थ ब्रह्म शास्त्रविधिके आधीन कैसे हो सकता है!. क्योंकि जो अभिधेयकोटिगत सिद्धार्थ होता है उसे विधेयकोटिगत साध्यार्थ नहीं माना जा सकता. और जो विधेयकोटिमें होता है उसे निषेध्यकोटिमें कैसे माना जा सकता है? परन्तु ब्रह्म तो सभी कोटियोंमें उपलब्ध होता है. अनन्तकोटि ब्रह्माण्डमें भूलोक कितना? उसमें मनुष्य कितने? उन मनुष्योंमें भारतीय कितने? उन भारतीयोंमें उपनीत द्विज

कितने ? उनके कर्तव्यनिर्देशार्थ प्रवृत्त विधिनिषेधशास्त्रके आधीन परमेश्वरको मानना 'किं-केन सम्बद्धचते!' जैसी बात लगती है. अतएव 'भक्तिहंस' ग्रन्थके मंगलाचरणमें ग्रन्थकार कहते हैं **''मन्त्रोपासन-वैदिकतान्त्रिक-दीक्षार्चनादि-विधिभिर् यो अस्पृष्टो रमते निजभक्तेषु''** (भक्तिहं.२) यहां ''वैदिकतान्त्रिकविधिसे अस्पृष्ट'' होनेके अभिप्रायकी जिज्ञासा उठनेपर अनेक विकल्प प्रत्युपस्थित होते हैं :

[१]विहितकृतिरूपत्वेन अस्पृष्ट
[२]विहितकृतिप्रेरकत्वेन अस्पृष्ट
[३]विहितकृतिकारयितृत्वेन अस्पृष्ट
[४]विहितकृतिमदन्तर्यामित्वेन अस्पृष्ट
[५]विहितकृत्युपदेशकत्वेन अस्पृष्ट
[६]विहितकृत्युद्देश्यत्वेन अस्पृष्ट
[७]विहितकृतिफलत्वेन अस्पृष्ट
[८]विहितकृतिफलदातृत्वेन अस्पृष्ट

इन अष्टविध विकल्पोंके अन्तर्गत कुछ विकल्प १ ६ तथा ७ एकमेव अद्वितीय ब्रह्मके स्वरूपदृष्टचा तो सर्वथा अभीष्ट ही होनेपर भी अनेकानेक नाम-रूप-कर्मरूपा सृष्टिमें लीलात्मक जो ऐच्छिक द्वैत प्रकट हुवा उसके सन्दर्भमें अनभीष्ट बन जाते हैं. क्योंकि उपनिषत्प्रतिपाद्य ब्रह्मकी श्रीमद्भागवतमें भी अद्वितीया एकता निरूपित करके लीलात्मक ऐच्छिक द्वैत प्रतिपादित किया गया है :

''द्रव्यं कर्म च कालश्च स्वभावो जीवएव च वासुदेवात् परो ब्रह्मन् नच अन्यो अर्थो अस्ति तत्त्वतः. नारायणपरा वेदाः देवाः नारायणांगजाः नारायणपराः लोकाः नारायणपराः मखाः, नारायणपरो योगो नारायणपरं तपः नारायणपरं ज्ञानं नारायणपरा गतिः. तस्यापि द्रष्टुर् ईशस्य कूटस्थस्य

अखिलात्मनः सृज्यं सृजामि सृष्टो अहम् ईक्षयैव अभिचोदितः''.

(भाग.पुरा.२।५।१४-१७).

अतः विधानाभिधानात्मक वेद, उन वेदोंके पूर्वकाण्डमें प्रतिपादित कर्मज्ञानोपासनांगभूत देव, उन विविध देवोंको उद्देश्य या उपास्य बना कर यज्ञयोगतपोज्ञानादिके अनुष्ठानौपयिक लोक और वहांसे प्राप्तव्य गति आदि सभी कुछ प्रभेद ब्रह्मतादात्म्यभावके अन्तर्गत भिन्न-भिन्न प्रकट हुवे रूप-नाम-कर्मोंके ही लीलारूप प्रभेद हैं. अतएव महाप्रभु भी प्रतिपादित करते हैं :

[१]**''रूपलीलावद् नामलीलायाः विभेदानां वक्तव्यत्वाद् नानाविधानि वाक्यानि प्रवृत्तानि. विरुद्धवाक्यत्वेनैव भासमानेषु अविरोधप्रकारम् आह 'विरुद्धांशपरित्यागात् प्रमाणं सर्वमेव हि' इति. विरुद्धांशपरित्यागो द्वेधा वक्तव्यः : भगवत्सामर्थ्येन अलौकिकप्रमाणेन, भगवतः सर्वरूपत्वेन वा'',**

[२]**''सएव हि जगत्कर्ता तथापि सगुणो नहि गुणाभिमानिनो ये हि तदंशाः सगुणाः स्मृताः.''**

(१/त.दी.नि.प्र.१।९, २/१।७७)..

अतः विहितकृतिरूपत्वेन विहितकृत्युद्देश्यत्वेन या विहितकृतिफलत्वेन अंशीरूप भगवान् नहीं प्रत्युत भगवदंशरूप गुणाभिमानी देवता सम्पृक्त होते हैं. क्योंकि विधिनिषेधका बन्धन त्रैगुण्यव्यवस्थाके अन्तर्गत आते भगवल्लीलारूपोंका ही होता है **''ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः. यः तं न वेद सः किं किम् ऋचा करिष्यति... छन्दांसि यज्ञाः क्रतवो व्रतानि भूतं भव्यं यच्च वेदाः वदन्ति. अस्माद् मायी सृजते विश्वम् एतत् तस्मिंश्च अन्यो मायया संनिरुद्धः. मायान्तु प्रकृतिं विद्यान् मायिनन्तु महेश्वरं तस्य अवयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वम् इदं जगत्''** (श्वेता.उप.४।८-१०) यह इस श्रुतिवचनमें स्पष्टतमरूपेण स्वीकारा गया है. अर्थात् जिस प्रकृतिरूपा मायाके मायावी परमेश्वरको माया

बांध नहीं पाती, उस मायाके ऐसे प्रेरक अन्तर्यामी उपदेष्टा तथा फलदाता ने छन्दोरूप वेद, तद्विहित यज्ञ-क्रतु-व्रत आदिके नियमोंके आधारपर इस विश्वका निर्माण किया है. ऐसे विश्वमें उसके अंशरूप देवता यज्ञोंके उद्देश्यतया जुड़ते हैं. अयथाविधि/यथाविधि अनुष्ठित यज्ञादि कर्मानुष्ठान बंधक/मोचक बनते हैं. यों ऐसी क्रियाओंके कर्ता भी बंध जाते हैं या मुक्त हो पाते हैं.

यहां यह एक और विषय विचारणीय बन जाता है कि भक्तिका जिस तरहका लक्षण स्वीकार कर यह प्रतिपादन किया जा रहा है, क्या वैसी ही एक निश्चित लक्षणवाली भक्तिके बारेमें यह प्रतिपादन है? अथवा 'भक्ति'पदसे व्यवहृत होते सभी प्रकारोंकी भक्तिके बारेमें यह प्रतिपादन अभिलषित है?

हंसेनेव क्षीरनीरविवेकः शुद्धमिश्रयोः॥
भक्त्यभक्त्योर्विभेदोऽत्र ग्रन्थद्वयनिरूपितः॥१॥
विशुद्धा भक्तिराद्या वै भक्त्यभक्त्योश्च मिश्रता॥
कर्मज्ञानादयोऽभक्तिरूपास्तु तृतीयाः मताः॥२॥
लक्षिताद्या लक्षणेन गौणी सा द्वितीयोच्यते॥
कर्मज्ञानाद्यंगभूता तत्तद्रूपा न भक्ति सा॥३॥

अतः भक्तिके विविध लक्षणों और भेदोपभेदों के सन्दर्भोंमें पौराणिक तान्त्रिक और भक्तिसूत्रों पर दृष्टिपात कर लेना उपयोगी होगा.

(माहात्म्यज्ञानसर्वगुहाशयावस्थितभगवद्गुणश्रवणसञ्जाता सुदृढस्नेहअहैतुकी अव्यवहिता मनोगतिः भक्तिः)

सर्वप्रथम श्रीमद्भागवतके तृतीयस्कन्धमें आत्यन्तिक निर्गुण भक्तियोग, जिसे महाप्रभु स्वाभिमततया स्वीकारते हैं "**भेदः पारमार्थिकः इति शास्त्रं पुरस्कृत्य त्रिविधो भक्तियोगः उक्तः. तेच साम्प्रतं विष्णुस्वाम्यनुसारिणः**

तत्त्ववादिनो रामानुजाः च इति तमोरजस्सत्त्वैः भिन्नाः अस्मत्प्रतिपादितश्च नैर्गुण्यः इति चतुर्विधोऽपि भगवता प्रतिपादितः'' (सुबो.३।२३।३७). यहां भेदको पारमार्थिक भगवत्प्रतिपादित माननेपर कईओंको महाप्रभुको अभिप्रेत शुद्धाद्वैतके बारेमें द्वैताद्वैतरूप होनेका भ्रम हो जाता है. वाल्लभ मतकी बारीकी, परन्तु, यही है कि सर्वब्रह्मतादात्म्यका घटक भेद पारमार्थिकतया मान्य होनेपर भी ''स द्वितीयम् ऐच्छत्, स ह एतावान् आस'' (बृह.उप.१।४।३) ऐसे श्रुतिवचनोंके आधारपर स्वाभाविकतया या आत्यन्तिकतया अमान्य है. एतावता तादात्म्यघटक ऐच्छिक द्वैत अमान्य नहीं बन पाता. श्रीशंकराचार्यने भी अंगीकार्यकोटिमें न सही परन्तु व्यावर्त्यकोटिमें तो इसे स्वीकारा ही है ''परिशोधितं 'तत्' पदार्थम् अनूद्य परिशोधितेन 'त्वं' पदार्थेन सह ऐक्यं वाक्यार्थं कथयति 'ब्रह्मैव' इति 'एव'कारः तादात्म्यांगीकारप्रयुक्तभेदनिरासार्थम्'' (पञ्चीकरणम्). अतः तादात्म्य असम्भव या अकल्प्य हो तो व्यावर्तनका कोई प्रसंग ही उपस्थित नहीं हो सकता. अतः भक्तिके लक्षण तथा भक्तके सहज स्वभाव और आगन्तुक गुणों के मिश्रणवश प्रकट होते सगुण भक्तिके भेदोपभेदोंको एक बार देख लेना उपकारक होगा :

> ''भक्तियोगो बहुविधो मार्गैर् भामिनी भाव्यते स्वभावगुणमार्गेण पुंसां भावो विभिद्यते : [१/क]अभिसन्धाय यो हिंसां [१/ख]दम्भं [१/ग]मात्सर्यमेव वा संरभी भिन्नदृग्भावो मयि कुर्यात् स तामसः, [२/क]विषयान् अभिसन्धाय [२/ख]यश [२/ग]ऐश्वर्यमेव वा अर्चादौ अर्चयेद् यो मां पृथग्भावः स राजसः, [३/क]कर्मनिर्हारम् उद्दिश्य [३/ख]परस्मिन् वा तदर्पणं [३/ग]यजेद् यष्टव्यम् इति वा पृथग्भावः स सात्त्विकः, [४]मद्गुणश्रुतिमात्रेण मयि सर्वगुहाशये मनोगतिर् अविच्छिन्ना यथा गंगाम्भसो अम्बुधौ

लक्षणं भक्तियोगस्य निगुर्णस्य हि उदाहृतम्
अहैतुकी अव्यवहिता या भक्तिः पुरुषोत्तमे
सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमपि उत
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः,
सएव 'भक्तियोगा'ख्यः आत्यन्तिकः उदाहृतः
येन अतिव्रज्य त्रिगुणं मद्भावाय उपपद्यते.
निषेवितेन अनिमित्तेन स्वधर्मेण महीयसा
क्रियायोगेन शस्तेन नातिहिंस्रेण नित्यशः.
मद्धिष्ण्यदर्शन-स्पर्श-पूजा-स्तुत्यभिनन्दनैः
भूतेषु मद्भावनया... अहं सर्वेषु भूतेषु भूतात्मा
अवस्थितः सदा, तम् अवज्ञाय मां मर्त्यः
कुरुते अर्चाविडम्बनम्. यो मां सर्वेषु भूतेषु
सन्तम् आत्मानम् ईश्वरं हित्वा अर्चां भजते
मौढ्याद् भस्मन्येव जुहोति सः... अथ मां
सर्वभूतेषु भूतात्मानं कृतालयं अर्हयेद् दानमा-
नाभ्यां मैत्र्याभिन्नेन चक्षुषा..."

(भाग.पुरा.३।२९।७-२७).

यहां ऐच्छिक भेदको पारमार्थिक मान कर सात्त्विक स्वभावके अन्तर्गत त्रिविध तामस-राजस-सात्त्विक गुणोंके अवलम्बन द्वारा त्रिविध सगुणा भक्ति होती है; तथा, उस भेदके पारमार्थिक होनेपर भी ऐच्छिक होनेके तथ्यके स्वीकारके साथ अभेदको स्वाभाविक मान कर चौथी निर्गुणा भक्ति होती है. यों भक्तिके प्रशस्त चारों प्रकारोंका प्रतिपादन स्वयं भगवान्ने ही किया है. ऐसा महाप्रभुने स्वीकारा है.

जबकि तामस या राजस स्वभाववालोंके तामस-राजस-सात्त्विक गुणोंके वशात् की जाती भक्तिके भेदोपभेदोंका निरूपण भगवान्ने निन्दार्थ किया है. प्राकृत गुणोंसे अभिभूत होनेके कारण ये अप्रशस्त प्रकार

भक्ति होनेकी भ्रान्तिके वशात् जघन्याधिकारी अपनाते हैं. ये छह प्रकार होते हैं : तामस-तामस राजस-तामस सात्त्विक-तामस इत्यादि. इन उपभेदोंके कारण भगवत्प्रतिपादित एवं भगवन्निन्दित कुल दशविध भक्तिके भेदोपभेद प्रतिपादित हुवे हैं.

यहां भेदबुद्धिवशात् सगुणा भक्तिके नौ तथा भेदबुद्धिरहित दसमी निर्गुणा भक्ति है. भगवन्मूर्तिका पूजन अर्थात् अर्चार्चन भेदबुद्धिवालोंके विभिन्न गुणोंके कारण सगुण भक्तिके नौ प्रकारोंवाला बन जाता है. उससे रहित होनेपर अर्चार्चन भी भगवन्निष्ठताके कारण निर्गुण ही रहता है. भक्तिके इन सभी प्रकारोंमें माहात्म्यज्ञान तो न्यूनाधिक रहेगा पर भगवान्में स्नेहकी सुदृढता एवं सर्वतोऽधिकता प्रकट न हो पाती होनेके कारण उपात्त भक्तिलक्षण अनुगत नहीं हो पाता. अतः भक्ति होनेपर भी अभक्तिरूप होनेसे भक्तिहंसकार इन्हें गौणी भक्ति अथवा 'भक्ति'पदका प्रयोग ही इनके बारेमें गौण मान रहे हैं. इस सूक्ष्मताका विवेचन कपिलगीताके ३२ वें अध्यायकी सुबोधिनीमें यों मिलता है :

''तेषां दोषम् आह 'भेददृष्ट्या' इति... एवं भगवन्मार्गानुसारेण भगवद्भजनाभावे... ये पुनः तामसाः ऐहिकाः ते भजनाभावे सर्वथा नष्टाः भविष्यन्तीति किं वक्तव्यम्! इति वक्तुं तामसधर्मप्रवर्तकानां स्वरूपसाधनफलानि आह... 'तेषां स्वधर्मकरणं दोषश्चापि चतुर्विधो, भगवद्विमुखाश्चैते लौकिकाश्चापि ते सदा माम् अप्राप्य निवर्तन्ते... तेषां भगवद्वैमुख्ये हेतुः 'त्रैवर्गिकाः' इति धर्मार्थकामे(सात्त्विकराजसतामसे)ष्वेव ते साधवः... वासुदेवाद् विमुखाः... नूनं दैवेन निहताः येच अच्युतकथासुधां हित्वा शृण्वन्ति असद्गाथाः... ततः ते क्षीणसुकृताः पुनः लोकम् इमं... पतन्ति विवशाः दैवैः सद्यो विभ्रंशितोदयाः... एवं भगवद्भजनार्थं निन्दाम् उक्त्वा प्रकृतम् आह 'तस्मात् त्वं सर्वभावेन भजस्व'... ये केचिद् यथाकथञ्चिद् भजन्तु नाम...

त्वं सर्वभावेन भजस्व. यावन्ति रूपाणि भजनीयानि ऐहिक-पारलौकिक-साधनानि देहम् आरभ्य ईश्वरपर्यन्तं यावन्तो भजनीयाः, यैः भावैश्च ते सर्वे भावाः भगवत्येव कर्तव्याः... भक्त्यैव च भजनं न मार्गान्तरेण अन्यस्य साधकत्वाभावात्. सापि भक्तिः तद्गुणानेव आश्रित्य वर्तते अन्यथा कालादिभिः उपहता भवति... वासुदेवे भगवति भक्तियोगः प्रयोजितो जनयति आशु वैराग्यं ज्ञानं यद् ब्रह्मदर्शनम्... यस्मिन् ब्रह्म आविर्भवति... ततश्च निरहंकारो ज्ञानमेव हरिः परः वैराग्यस्यापि माहात्म्यं... तदर्थं च जगद् जातं वैराग्यं सर्वनिश्चयः... ज्ञानं प्रतीकविषयमपि भवतीति विशिनष्टि 'यद् ज्ञानं ब्रह्म' दर्शयति इति''.

(सुबो.३।३२।१३- २३).

गरुडपुराणमें आता है कि **''तस्मात् सेवा बुधैः प्रोक्ता भक्तिसाधनभूयसी''**(गरु.पुरा.३।२१८) अतएव महाप्रभु भी भक्तिके उपक्रमार्थ विरचित सिद्धान्तमुक्तावलीमें चेतस्तत्प्रवणरूपा सेवात्मिका भक्ति, तत्साधनभूता निष्काम अदम्भ निजतनुवित्तजा (*क्योंकि केवल तनुजा जैसे सकाम या दम्भरूपा होती है, वैसे ही केवल वित्तजा भी सकाम या दम्भरूपा ही होती है*), फलरूपा मानसी तथा उसके अवान्तरफलतया संसारदुःखनिवृत्तिरूप वैराग्य और सर्वत्र ब्रह्मभावदृष्टिरूप ज्ञान यों सभी कुछ इस कपिलगीताके समानान्तर उपदेश देते हैं. पुष्टिप्रवाहमर्यादा तथा पुष्टिमार्गीय धर्मार्थकाममोक्ष भगवदितर विषयक नहीं होते ऐसा दरसानेवाली चतुश्लोकी ग्रन्थोंके सावधानीसे अवलोकन करनेपर यहां प्रतिपादित भक्तिको शुद्धपुष्टिरूपा न मान कर पुष्टिपुष्टिरूपा स्वीकारना उपपन्न लगता है. परन्तु मर्यादापुष्टि और प्रवाहपुष्टि में क्रमशः भगवद्गुणज्ञता तथा भगवत्परकक्रियापरता के कारण पुष्टिके साथ अन्यमार्गोंका मिश्रण हो जानेसे वह पुष्टि शुद्ध नहीं रह जाती. अतः इन प्रकारोंको भक्तिके अभीष्ट लक्षणमें सर्वथा अलक्ष्य मानना या अंशतोलक्षित मानना? किसीभी सूरतमें अतिव्याप्ति-अव्याप्तिदोष प्रसक्त हो सकते हैं.

यहां उल्लेखनीय है कि सिद्धान्तमुक्तावलीमें महाप्रभुने नवधा भक्तिके समायोजनकी चर्चा नहीं की जो भक्तिवर्धिनीमें मिलती है. क्रियारूपा श्रवणकीर्तनादि नवधा भगवद्भजनात्मिका क्रियाओंसे जैसे प्रेमलक्षणा भक्तिके बारेमें स्वरूपयोग्यता आती है जैसा कि कहा गया **''व्यावृत्तोऽपि हरौ चित्तं श्रवणादौ न्यसेत् सदा ततः प्रेम तथा आसक्तिः व्यसनं च यदा भवेद् बीजं तद् उच्यते शास्त्रे दृढं यन्नापि नश्यति''** (भ.व.२-४) वैसे ही तनुवित्तजा सेवा भी उसी प्रेमलक्षणाके भगवत्कृत पुष्टिभक्त्यर्थ वरणरूप बीजभावको प्रेमात्मना अंकुरित करनेका एक अन्यतम सक्षम उपाय है.

उस क्रियात्मिका नवधा भक्तिके अनुष्ठानके बारेमें जैसे यहां परहिंसादिरूप तामस गुण, ऐश्वर्यादि कामपूर्त्यर्थ राजस गुण या स्वधर्मबुद्ध्या अनुष्ठित सात्त्विक गुण भेददृष्टिमूलक दरसाये गये है, वैसे ही अभेददृष्टिमूलक नैर्गुण्यका अनुष्ठान भी सम्भव है. इसे ही लक्ष्यमें रख कर भक्तिहंसकार प्रभुचरणने नवधा भक्तिके निन्दितानिन्दित अनेक प्रकार दिखलाये हैं :

''श्रवणादिनवकमपि अधिकारिभेदेन क्रियमाणं सत् कर्मज्ञानोपासनाभक्तिमार्गीयत्वेन अनेकविधं भवति.

तथाहि — श्रीभागवतसहस्रनामादिश्रवणकीर्तनयोः फलत्वेन चत्वारोऽपि अर्थाः उच्यन्ते तत्र —

[१]त्रिवर्गकामेन क्रियमाणः श्रवणादिः कर्ममार्गीयएव. तत्रापि अर्थाद्यर्थिभिः विहितत्वेन कृतः चेत् तदा स तथा. वृत्त्यर्थं चेत् कृषिवद् लौकिकएव शौचार्थिंगंगास्पर्शवच्च. नहि तस्य मलादिनिवृत्यतिरिक्तो धर्मः उत्पद्यते, प्रत्युत निषिद्धाचरणात् पापमपि. एतेन विहितजातीयं यथाकथञ्चित् कृतम् उक्तफलाय इति निरस्तम्.

[२]तुरीयाश्रमे ज्ञानोदयहेतुचित्तशुद्धिहेतुत्वेन क्रियमाणः श्रवणादिः ज्ञानमार्गीयः...

[3]साक्षाद् मोक्षसाधनत्वेन तान्त्रिकदीक्षापूर्वको विहितत्वेन क्रियमाणः श्रवणादिः उपासनामार्गीयो अयमेव वैष्णवमार्गः इति उच्यते विष्णुधर्मेषु निष्ठावत्त्वात्...

[4]भक्तिमार्गीयभक्तकृतभक्तिसाम्प्रदायिकदीक्षापूर्वको श्रवणादिः प्रावाहिकी (''प्रवाहेण क्रियारताः''पु.प्र.म.१५) भक्तिः उच्यते...

[5]प्रेमात्मकभक्तिसाधनत्वेन क्रियमाणः श्रवणादिः भक्तिमार्गे मर्यादा(''मर्यादया गुणज्ञाः ते ''पु.प्र.म.१६)भक्तिः इति उच्यते...

[6]स्नेहोत्पत्त्यनन्तरं स्वव्यसनतः स्वतन्त्रपुरुषार्थत्वेन क्रियमाणः उत्तमः पुष्टि(''पुष्ट्या विमिश्राः सर्वज्ञाः''पु.प्र.म.१५)भक्तिरूपः''.

(भक्तिहे.)

ये प्रकारभेद प्रेमलक्षणा भक्तिकी साधिका श्रवणादि नवविध साधनात्मिका क्रियाओंके प्रभुचरण दरसा रहे हैं नकि माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ सर्वतोऽधिक स्नेहरूप भक्तिके, जिसका भक्तिवर्धिनी ग्रन्थमें महाप्रभुने **''बीजदार्ढ्यप्रकारस्तु गृहे स्थित्वा स्वधर्मतः अव्यावृत्तो भजेत् कृष्णं पूजया श्रवणादि''** (भ.व.२-३) श्लोकद्वारा निर्देश किया है. प्रसंगोपात्त श्रीगोपीनाथजी भी **''लब्धानुग्रहम् आचार्यात् श्रीकृष्णशरणं जनः... वैष्णवाचारतत्परः सर्वस्वं हरिसात् कार्यं (कृत्वा!) त्यजेत् सर्वम् अवैष्णवं हिंस्रकाम्यान्यदेवार्चाः यदि नित्यं च लौकिकम्''** (साध.दीपि.२४-२५) वचनमें यही बात दोहरा रहे हैं. यहां पुष्टिप्रपत्ति तथा पुष्टिसमर्पण के बाद प्रसक्त सिद्धान्तमुक्तावलीप्रतिपादित [क]पुष्टिधर्मोपदेशकी इतिग्रहणीयताका [ख]सेवास्वरूपकी इतिकर्तव्यताका [ग]सेव्यस्वरूपकी इतिभावनीयताका तथा [घ]सेवकस्वरूपकी इतिबोध्यताका जो स्वरूप तत्त्वार्थदीपनिबन्धके सर्वनिर्णयान्तर्गत साधनप्रकरणमें महाप्रभुने समझाया उसे संकलित करना उपयुक्त होगा :

(क.पुष्टिधर्मोपदेश ''कृष्णसेवा सदा कार्या''की इतिग्रहणीयता)

''''कृष्णसेवापरं वीक्ष्य दम्भादिरहितं नरं श्रीभागवततत्त्वज्ञं

भजेद् जिज्ञासुः आदराद्' योहि गुरुः सेवाम् उपदेक्ष्यति स स्वयं चेत् ताम् उत्तमं जानीयात् तदा कथं स्वयं न कुर्यादिति सेवापरएव गुरुः. तत्रापि निमित्तानि वारयति 'दम्भादिरहितम्'इति. सेवाच प्रमाणमूलैव पुरुषार्थपर्यवसायिनी. अन्यथाकरणे न फलसिद्धिः इति अभिप्रायेण आह 'श्रीभागवततत्त्वज्ञम्'इति. 'जिज्ञासुः' नतु कौतुकाद्याविष्टः. 'भजनं' सर्वभावेन तदा तदुक्तप्रकारेण भगवत्सेवा कर्तव्या (गुरूपदिष्टरीत्या भगवद्भजनमेव गुरुभजनम्)''.

(त.दी.नि.प्र.२।२२७)

(ख.''मानसी सा परा मता चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्धयै तनुवित्तजा ततः संसारदुःखस्य निवृत्तिः ब्रह्मबोधनम्'' वचनोपदिष्ट सेवास्वरूपकी इतिकर्तव्यता)

''' 'तत्रापि भक्तिमार्गानुसारेण उपचाराः मुख्याः' 'यथा सुन्दरतां याति वस्त्रैः आभरणैरपि अलंकुर्वीत सप्रेम तथा स्थानपुरःसरम्, भार्यादिः अनुकूलः चेत् कारयेद् भगवत्क्रियाम्, उदासीने स्वयं कुर्यात् प्रतिकूले गृहं त्यजेत्. तत्त्यागे दूषणं नास्ति यतो विष्णुपराङ्मुखाः', 'सप्रेम' इति अनुद्वेगार्थम्. 'स्थानं' मन्दिरं तदलंकारपूर्वकमेव भगवदलंकरणं कर्तव्यम्. एवं प्रवृत्तस्य भार्यादीनां विनियोगम् आह 'भार्यादिः अनुकूलः चेद् इति. भार्यादिकं 'गृहं', विष्णुपराङ्मुखाः भार्यादयो अन्यथा त्यागे दोषएव. अनेन अवैष्णवैः सह अस्मिन् मार्गे न स्थातव्यम् इत्युक्तं भवति. (विनियोज्यवित्त) जीवने प्रकारम् आह 'सर्वथा वृत्तिहीनः चेद्' इति याममात्रं भगवत्सेवा विधाय पश्चाद् अनिषिद्धेन उपायेन जीवनं सम्पादयेत्. पारम्पर्यजीवनमपि निषिद्धं चेत् तदा त्यक्तव्यम्... (कथासमुच्चय)जीविकायां चित्तं व्यापृतं पुनः भगवति योजनार्थम् उपायम् आह 'पठेच्च नियमं कृत्वा' इति अनेन अल्पबहिर्मुखतायामपि श्रीभागवतम् अनुसन्धेयम् इति उपायं

कथितम्. एतद् भजनम् आन्तरं मुख्यम्. तत्र यथा बहिर्भजने प्रतिकूलत्यागः तथा आन्तरभजनेऽपि प्रतिकूलपरित्यागम् आह 'सर्वं सहेत' इति. यथा गृहम् अव्याकुलं बहिःपूजायां कर्तव्यं तथैव हृदयम् अव्याकुलं विधेयम्... (सदा कार्या)एकापि परिचर्या सकृत् कृता परमपुरुषार्थदेति परं विद्यमानदेहस्य निष्कृत्यर्थं सदा परिचरेत्... यद्यद् इष्टतमं लोके यच्च अतिप्रियम् आत्मनः येन स्याद् निर्वृतिः चित्ते तत् कृष्णे साधयेद् ध्रुवं, (विनियोज्यतनु)स्वयं परिचरेद् भक्त्या वस्त्रप्रक्षालनादिभिः, एककालं द्विकालं वा त्रिकालं वापि पूजयेत्. भगवत्सेवायामपि क्लिष्टं न समर्पयेत्. तत् क्लिष्टं त्रिविधं : लोकक्लिष्टम् आत्मक्लिष्टं चित्तक्लिष्टं चेति. अतो अक्लिष्टं निरूप्यते—

इति शंकाभिप्रायः. परिहरन्ति **कल्पनीय** इत्यादिना. न्यायो अनुमानम्. तद्यथा श्रीरामनवम्यां वेधः त्याज्यः दूषकत्वात्. दूषकत्वे त्याज्यत्वम् जन्माष्टमीवत्. त्याज्यत्वाभावे दूषकत्वाभावः वामनद्वादशीवत्. विद्धाक्षये विद्धा कार्या. गत्यन्ताभावात्. वर्षवृद्धिवत्. जन्माष्टम्यां विद्धाक्षये विद्धा कार्या. वर्षवृद्धित्वात्. श्रीरामनवमीवत्. कल्पनीयो व्याप्तिदर्शनेन साधनीयः. **एकादश्यतिदेशवाक्यस्य** इति. **''पूर्वविद्धा यथा नन्दा वर्जिता श्रवणान्विता तथाष्टमी पूर्वविद्धां सऋक्षामपि सन्त्यजेत्''** (पद्म.पुरा.) इति पाद्मवचनस्य इति अर्थः. **बलिष्ठत्वाद्** इति प्रत्यक्षाश्रितात् प्रत्यक्षस्येव आगमाश्रिताद् अस्माद् अस्य आगमस्य इति भावः. तथाच अतिदेशवाक्येन प्रातिस्विकेन प्रतिबन्धात् न जन्माष्टम्यां श्रीरामनवमीन्यायोदृगमः. श्रीरामनवम्यान्तु जन्माष्टमीवर्षवृद्धिन्याययोः प्रतिबन्धकाभावाद् अवतारेण पूर्वस्याः त्यागो द्वितीयायाः समादरश्च निष्प्रत्यूह इति अर्थः. ननु एवं सति जन्माष्टमीन्यायेन विद्धाक्षये दशम्युपोषणप्राप्त्या श्रीरामनवम्यां वर्षवृद्धिन्यायबाधप्रसंगः. तेन न्यायप्राप्तग्रहणे दोषानुपरमात् साम्प्रदायिकवेधस्य असिद्ध्या कलाकाष्ठादिवेधेपि द्वितीयोपोषणं यत् तदनुपपन्नम् इति चेत् तत्र आहुः **एवम् अत्रापि** इत्यादि **उपपन्नम्** इत्यन्तम्. **यादृश विद्धाधिकास्थले** दशमीक्षयवति विद्धाधिकास्थले. **पारणदिनम्** एकादशीतिथिपुर्वदिनम्. **न अन्यत्र** विद्धाक्षयादौ न इति अर्थः. विद्वाक्षयादौ वर्षवृद्धिन्यायाबाधो न इति सम्बन्धः. तथाच न्यायप्राप्तग्रहणे दोषसम्बन्धाभावात् साम्प्रादायिकवेधस्वरूपं सुसिद्धम् इति अर्थः. स्पष्टम् अन्यत्. तथाच **विद्वाक्षये विद्धा**. पारणार्थं दशम्यलाभेऽपि विद्वा इत्येषा नवमी-दशम्योः क्षये व्यवस्था. जन्माष्टमीतो विशेषश्चापि अयमेव इति सर्वं निरवद्यम्. अन्येतु सर्वमपि इदं विद्धात्यागबीजविचारं दशमीक्षये शुद्धोपोषणार्थमेव अभिमन्यन्ते, तद् न, दशमीपारणवाक्यस्य सर्वतोपि बलिष्ठत्वस्थापनाद् विद्धात्यागबीजविचारस्य न्यायप्राप्तग्रहणैकघटितत्वात् तस्य च अतिप्रसंगवारणद्वारा पारणवाक्योपब्धत्वात्. विद्धात्यागबीजविचारस्य साम्प्रदायिकवेधस्वरूपविशेषनिश्चायनमात्रार्थत्वेन पारणार्थं दशमीनैरपेक्ष्ये प्रयोजकत्वाभावाच्च. साधितं ग्राहयन्ति **तेन अयं निष्कर्ष** इत्यादिना **दिग्** इत्यन्तेन. **तेन** इति दशमीपारणवाक्यस्य एकादश्यतिदेशवाक्यस्य च बलवत्तमत्वाद्

अग्रे दशमीपारणलाभे सति द्वितीयाग्रहणस्थले जन्माष्टमी-वर्षवृद्धिन्याययोः उभयोरपि प्रसरः तदलाभे सति दशमीक्षयस्थले तयोः उभयोरपि उपरोधो विद्वाक्षयेतु जन्माष्टम्याम् अतिदेशवाक्यबलाद् वर्षवृद्धिन्यायबाधः श्रीरामनवम्याञ्च पारणवाक्यबलाद् जन्माष्टमीन्यायबाध इत्येवं व्यवस्थितेन सिद्धेन च विद्धात्यागबीजविचारणा इति अर्थः. अत्र इति शेषः. **गत्यन्तराभावाद्** इति. उपोषणं नवम्याम् इत्यनेन दशम्युपोषणप्रतिविधानाद् जन्माष्टमीन्यायस्य पारणवाक्यबलेन अप्रसराद् वर्षवृद्धौ विद्धाक्षये विद्धायाः करणाच्च विद्धोपोषणं विना गत्यन्तराभावाद् इति अर्थः. **दशम्यलाभेऽपि** इति. गत्यन्तराभावे विद्धोपोषणं युक्तम्. उपोषणस्य मुख्यत्वेन तदर्थं शुद्धनवमीलाभेन जन्माष्टमीवर्षवृद्धिन्याययोः आनुगुण्येन च गत्यन्तरसद्भावेतु विद्धोपोणम् अयुक्तम् इति 'अपेः' अर्थः. कथं तर्हि विद्धोपोषणम् इति अपेक्षायां गत्यन्तराभावादेव इति अभिप्रायेण आहुः **दशम्यलाभः** इति. गत्यन्तरसद्भावेऽपि पारणार्थं दशम्यलाभेन तदनुपयोगाद् इति भावः. ननु अप्रयोजको दशम्यलाभः बहूनाम् अनुग्रहस्य न्याय्यत्वाद् इति चेद् मैवम् इति आहुः **दशम्यां पारणविधानबलाद्** इति. तत्सर्वनिर्बलीकरणार्थमेव दशमीपारणविधानस्य आरम्भेण सर्वतोपि बलवत्तमत्वाद् इति अर्थः. सर्वनिर्बलीकरणार्थत्वं व्युत्पादयन्ति **अन्यथा** इत्यादिना. **अन्यथा** इति. बहूनाम् अनुग्रहस्य न्यायत्वाभ्युपगमे सति इति अर्थः. तथाच तत्सर्वनिर्बलत्वे दशमीपारणविधानमेव गमकम् इति अर्थः. एवं सति तदनुरोधस्यैव मुख्यतमत्वेन गत्यन्तराभावात् शुद्धासद्भावेऽपि विद्धा इति अर्थः. **अन्यद्** इति. दशमीपारणलाभ इति अर्थः. **परैव** इति. द्वितीयैव. सा च परमोत्कृष्ट इति परे इत्येतेन पदेन तत्परामर्शः. परात्वं विद्धात्यागाद्यपेक्षितसर्वगुणगणगरिष्ठत्वात्. तेन उपक्रमे **वैष्णवैस्तु पारणदिवसे दशमीलाभे विद्धा त्याज्यैव** इति यद् उक्तं मध्ये च **विद्धात्यागएव आशयगोचरः** इति च यद् उक्तं तद् उपसंहारेणापि निर्व्यूढम् इति अखिलम् अविकलम् अविरलं मंगलम् इति शुभम्.

अन्यत्र संश्रयजुषः स्वजनान्निजस्य॥

पादारविन्दमकरन्दलिहो विधाय ॥
सर्वात्मना तदिभवृद्धिविधायिने ॥
श्रीगोवर्द्धनोद्धरणधीर नमोनमस्ते ॥१॥
किं वर्ण्यः श्रीमदाचार्यतत्सून्वोः करुणाकणः ॥
मन्दोऽपि मादृशो येन तज्जनानुचरायते ॥२॥
आचार्या भास्करायन्ते चन्द्रायन्ते च तत्सुताः ॥
तेषां प्रौढातपायन्ते तान्वन्दे पुरुषोत्तमान् ॥३॥
श्रीमद्गोकुलनाथान् दिननाथानेव पुष्टिमार्गस्य ॥
गोस्वामिवर्गवर्यान् धीधनधुर्यान्नमस्यामः ॥४॥
श्रीनाथदेवसेवासु विट्ठलेशैः समादृतान् ॥
गणेशदीक्षितान्वन्दे पूर्वजानां पितामहान् ॥५॥
श्रीशोभाशुभनाम्नीनां सुतानां विट्ठलेशितुः ॥
गणेशभट्टपत्नीनां वात्सल्यमुपसेव्यते ॥६॥
श्रीनाथसेवाहेवाकैरस्माकं साधिताखिलान् ॥
देवकीनन्दनान् नौमि तातपादान् पुनः पुनः ॥७॥
पुत्रीं पण्डितराजानां मन्मोपाध्यायसद्विदाम् ॥
स्वमातृचरणानीडे करुणावरुणालयान् ॥८॥
गोवर्द्धनेति विदितान् पितृव्यान् स्वान्नमामि तान् ॥
प्रतानभागतात्पर्यप्रकाशे यैर्नियोजितः ॥९॥
श्रीवामनाचार्यबुधान नमामस्तमां नुमो नन्दकिशोरभट्टान् ।
श्रीभट्टपादान् पुरुषोत्तमांश्च तथैव विद्वद्बुनन्दनांश्च ॥१०॥
निम्लोचे दृष्टिमिष्टां तिरयति भगवत्सप्तसप्तेः प्रसक्तेः
नीरन्ध्रे मार्गमावृण्वति च कलितमस्सञ्चये सर्वतोऽपि ॥
आलोकः कोऽपि लोके सपदि निससृजे येन तस्मै परस्मै
प्रह्वीभावभावसूनाञ्जलिमुपहरत श्रीमते पावकाय ॥११॥
मायावादिद्विपेन्द्रोन्मथितसुरजनोज्जीवनोदग्रदीक्षैः
प्रेमैकोपेयगोपीपरिवृढपदवीप्राप्तिसिद्धाञ्जनैस्तैः ॥
श्रीमद्भिर्विट्ठलेशप्रभुचरपदाम्भोजपांसुप्रपञ्चैः

स्वीयस्नेहानुविद्धैर्विपदुपरतये भालमभ्यज्यतां नः ॥१२॥
पूर्णानिध्यंकचन्द्रेऽब्दे शुचौ शुद्धे हरेर्दिने ॥
मुम्बापुरे भगवतो बालकृष्णस्य सन्निधौ ॥१३॥
श्रीमदाचार्यचरणाः प्रभवो विठ्ठलेश्वराः ॥
अंगीकुर्वन्तु कृपया कृतिमेतां समर्पिताम् ॥१४॥

इति श्रीमदाचार्यचरणचरणाम्भोजचञ्चरीकेण
श्रीमत्प्रभुचरणपदपंकजपरागाभ्यक्तभालपुलिनेन
श्रीमद्गोवर्द्धनोद्धरणधीरपादपद्मेसेवोवाहाकाधिगताशेषुरुषार्थसार्थेन
श्रीरामचन्द्राध्वरिश्रीहरिहरदीक्षितश्रीमद्गणेशभट्टदीक्षिता-
नुगृहीतकुलजन्मलामलब्धकीर्तिना त्रिगृहावतंस
भट्टश्रीदेवकीनन्दनशर्मतनुजनुषा
कीर्तिवल्ली पण्डितभट्टश्रीबलभद्रशर्मणा
कविकाव्यरत्नाकरकविचूडामणिशुद्धाद्वैतभूषणकविरत्नमहामहोपदेशक-
विद्यालंकारवेदान्तविद्यानिधिना
विनिर्मिता श्रीमत्पुरुषोत्तमप्रणीत**श्रीरामनवमीप्रतान**व्याख्या
बालप्रबोधिनी नाम
सम्पूर्णतामफाणीत्
श्रीकृष्णार्पणमस्तु
शुभं भूयात्

॥ श्रीहरिः॥

॥ * प्रवचन सारांश॥

(विषय : भक्तिहेतुनिर्णय-भक्तिहंसमें प्रतिपाद्य भक्तिका स्वरूप)

भक्तिहंस एवं भक्तिहेतुनिर्णय ग्रन्थोंमें प्रतिपादित मुख्य विषय यह है कि भगवत्कृपा एवं कृपाके परिणामस्वरूप प्रकट होती भक्ति साधनसापेक्ष नहीं है. आधारपत्रतया प्राप्त आलेखमें ग्रन्थोपदिष्ट भक्तिके स्वरूपकी मीमांसा भाष्य या वृत्ति के स्वरूपमें नहीं है, अपितु वार्तिकरूपमें है. उक्त, अनुक्त एवं दुरुक्त मेंसे यहां विचारणीय पक्ष उक्तानुक्त हैं.

''तृणानि विषयाः.... वृन्दावर्त्म निर्दिशति यः'' (पृ.१०१-१०२) अर्थात् जगतमें दृष्ट बाह्य विषय तृणरूप हैं, जिनका भक्षण गाय रूपी इन्द्रियां करती हैं. नन्दनन्दनगोपाल भगवान् यदि उन इन्द्रिय रूपी गायोंके पालक बन जायें एवं जीवके हृदयको वृन्दावन बना लें तो जीवके हृदयमें भक्ति प्रकट हो जाएगी. भक्ति बहुतसे प्रयोजनोंसे की जाती है. जैसे अज्ञानी जीव ज्ञान प्राप्ति हेतु, ज्ञानी जीव दम्भ-दर्पकी निवृत्तिके लिए, ब्रह्मज्ञानी मुक्ति प्राप्त्यर्थ भक्ति करते हैं. परन्तु ये सब भक्ति उत्तम नहीं है, भाक्त है. भक्ति भक्त्यर्थ मात्र होनेपर ही उत्तम मानी जाती है. सृष्टि विभावरूप भगवान्की लीला है. भक्ति उसी विभावका अनुभाव है. भगवल्लीलाका हृदयमें होता अनुभव जब बाहर प्रकट होता है, तभी अनुभाव कहलाता है. भगवल्लीलारूपा सृष्टिके प्रति प्रकट होता appreciation ही भक्ति है. इस सृष्टिके स्रष्टा बाहर भी हैं भीतर भी हैं. बाहर जो है वह प्रियरूप है, भीतर है वह स्नेहरूप है. हृदयस्थ भक्तिके कारण ही बाह्यरूप प्रिय लगता है. भक्तका ज्ञानमार्गमें अधिकार न होनेसे उसे 'अहं ब्रह्मास्मि'की अनुभूति तो रुचिकर नहीं लगती है. परन्तु बड़ोंसे प्राप्त निधिरूप(निधि=भग्) स्वसेव्य जो घरमें बिराजमान हैं, उनका भगवान्

*गोस्वामी सुश्री मैत्रीद्वारा संकलित प्रवचन सारांश (डीसेम्बर २०२१)

(निधिवान्) तो भक्त ही है. प्रभुचरण श्रीविट्ठलनाथजी भक्तिरहित जीवको भक्तिके स्वरूपका ज्ञान प्रदान करते हुए समर्पणके द्योतक वृन्दावर्त्मकी तरफ दिशानिर्देश करें.

उपरोक्त मंगलाचरणमें निर्दिष्ट विषय सम्पूर्ण आलेखपत्रके लिए सूत्ररूप है, जिसका विस्तार किया गया है. महाप्रभुजीका वेदान्त 3-tier system है : आधिदैविक, आध्यात्मिक एवम् आधिभौतिक रूपोंकी. स्वसेव्यके भी यही तीन रूप सिद्धान्तमुक्तावलीमें निर्दिष्ट हैं : ब्रह्म, परमात्मा, भगवान्. सर्वरूप ब्रह्म आधिभौतिक, अन्तःस्थित परमात्मा आध्यात्मिक एवम् ऐश्वर्यादि सम्पन्न भगवान् आधिदैविक. ये तत्त्वके तीन formats हैं. भक्तिके भी ये तीन formats हैं. **''पुष्ट्या विमिश्राः सर्वज्ञाः प्रवाहेण क्रियारताः मर्यादया गुणज्ञास्ते''** (पु.प्र.म.१५) महाप्रभुजी पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेदग्रन्थमें आज्ञा करते हैं कि क्रियात्मिका प्रावाहिकी सेवा आधिभौतिकी है, गुणज्ञ जीवकी सेवा आध्यात्मिकी है एवं प्रेमात्मिका सेवा आधिदैविकी है. क्रिया आधिभौतिकी है क्योंकि क्रिया purposeful होती है एवं लीला निष्प्रयोजनिका है. प्रावाहिकी भक्तिके अन्तर्गत नवधाभक्तिकी क्रियाका समावेश होता है. अतः अलौकिक सामर्थ्यकी प्राप्ति न होने तक सेवा आधिदैविकी नहीं मानी जाती. **''आद्यफलाभावे भगवतो दातृत्वं नास्ति. तदा सेवा न आधिदैविकी इत्युक्तं भवति''** (सेवाफलविवरणम् ५) सानुभावकी प्राथमिकतम अवस्था है क्रियामें sentimentsका होना. Critically सोचनेपर अनुभाव अनुभ्रांति बन जाता है, प्रेमसे समझें तो अनुभाव भक्तिरूप हो जायेगा.

इन्द्रियोंद्वारा होता भोग भगवान्के साथ न जुड़नेपर लौकिक भोग हो जाता है. उन्हीं इन्द्रियोंद्वारा होते भोगका संचालन यदि भगवान् करें तो वह अलौकिक भोग/समर्पितका उपभोग बन जाता है. **''निष्प्रत्यूहं महान् भोगः प्रथमे विशते सदा''** (सेवाफल ४) माहात्म्यज्ञान अपने अन्दर है जो आध्यात्मिक है क्योंकि ज्ञान प्रभुसम्बन्धी है परन्तु जीव

गौण होनेसे अपने संदर्भमें भगवान्‌की महत्ता समझते हैं. माहात्म्यज्ञान भी ससन्दर्भ ही समझा जाता है.

रति भक्तिका आधिदैविक पक्ष है. बाह्य इन्द्रियोंको रति जागतिक विषयोंसे है, भगवान्‌से नहीं. भगवान् अधोक्षज हैं, इन्द्रियोंसे अगम्य हैं. उनमें इन्द्रियोंकी रति कैसे हो? परन्तु हृदयस्थ आत्मरति भगवान्‌द्वारा ही प्रदत्त होनेसे वह आत्मरति भगवान्‌के प्रति ही आकर्षित होती है. (पुष्ट्या प्रकटा रतिः = पुष्टिभक्तिः). अतः भगवन्निष्ठ + भगवद्‌विषयक आत्मरति = आधिदैविकी भक्ति.

अतएव भक्तिका समावेश ४ पुरुषार्थोंमें नहीं किया जा सकता. धर्मबुद्धया की जाती भक्ति क्रियामात्र है, अर्थबुद्धया की जाती भक्ति धंधा है, लौकिक कामबुद्धया की जाती भक्ति कामकी rangeमें है, मोक्षबुद्धया की जाती भक्ति स्वार्थवृत्ति है. पुष्टिभक्ति भगवदर्थ हो तभी उत्तम है, अन्यथा स्वार्थ है.

वैदिकधर्मके अलावा अन्य धर्मोंमें उपदिष्ट धर्मका स्वरूप या तो ethical है, या फिर theological है, metaphysical नहीं है. वैदिकशास्त्र परन्तु metaphysical धर्मका उपदेश देता है जिसके कारण उपदिष्ट सभी साधनोंका metaphysical पक्ष प्राप्त होता है. यथा कर्ममार्गीके लिए वेदके संहिता एवं आरण्यक विभागोंमें निर्दिष्ट सृष्टिका प्रकार यज्ञात्मक बताते हुए ब्रह्मको यज्ञकर्ता माना गया है. अतः सृष्टिका कर्मार्थ स्वरूप वहां उपदिष्ट हुआ है, भगवदर्थ नहीं. यज्ञकी व्याख्या देते हुए कर्ममार्गी कहते हैं **"देवतोद्देशेन द्रव्यत्यागः यागः"** ( ). अतः देवता भी फलप्रदाता होनेके अर्थमें सिस्टम्‌के पार्ट मात्र हैं. अतः सृष्टिका ऐसा कर्मात्मक format वेदमें कर्ममार्गी हेतु निर्दिष्ट है.

ब्रह्मने ज्ञान एवं ज्ञेय के विभागमें अपने आपको विभाजित

किया. अत: ज्ञानमार्गी भी ज्ञान प्राप्त करते हुए ज्ञाता, ज्ञान एवं ज्ञेय के विभागको विभक्त होनेपर भी एक ही जानता है. ये ज्ञानमार्गीय formatमें सृष्टिका स्वरूप है.

भक्तिमार्गीय सृष्टिका प्रकार बताते हुए वेद कहते हैं **"स वै नैव रेमे तस्माद् एकाकी न रमते, स: द्वितीयम् ऐच्छत्"** (बृह.उप.१।४।३). अर्थात् ब्रह्मको एकाकी रहना पसंद नहीं आया तब वह स्वयं ही पति एवं पत्नी के दो विभागोंमें विभक्त हो गए जिसमें पत्नी छुप गई है एवं पतिको उसे ढूंढनेका कार्य मिला. इसी रमणको समझाते हुए महाप्रभु आज्ञा करते हैं कि आविर्भाव एवं तिरोभाव भगवान्की दो शक्तियां हैं जिनकेद्वारा ब्रह्म यही आंखमिचोलीका खेल सृष्टिगत आत्मस्वरूप नाम-रूप-कर्मोंके साथ खेलते हैं. तिरोहित चिदानन्दवाले सदंशमें हम चैतन्य खोजते हैं. तिरोहित आनन्दयुक्त चैतन्य जीवात्मा आनन्दको खोजती रहती है. इस तरह अनेकानेक रूपमें भगवान् यह रमण करते हैं. भगवान् भी पुष्टिद्वारा जीवको खोजते हैं एवं जीव भी भक्तिद्वारा भगवान्को खोजते रहते हैं.

अब यहां यह प्रश्न उपस्थित होता है कि क्या भक्ति सृष्टिका प्रयोजन है? परन्तु जैसे आनन्दमें सत् एवं चित् तिरोहित नहीं है, परन्तु अप्रधान/गौण हैं, उसी तरह भक्तिमें कर्म एवं ज्ञान भी हैं ही. तो क्या भक्तिमें अन्य दो मार्ग dominating हैं? या भक्तिको प्रधान उद्देश्य माना जाए? यदि उद्देश्य है तो फिर सृष्टि भगवान्की निष्प्रयोजनिका क्रीड़ा नहीं रह जाएगी. यह dilemma है जो यहां आलेखपत्रमें discussed है.

(द्र. आलेखपत्र अन्तर्गत पुरोवचन एवं सुबोधिनी)

भगवान् ब्रह्माजीको आत्मरतिका स्वरूप समझाते हुए आज्ञा करते हैं कि भगवान्की प्रसन्नता प्राप्त करना ही वेदोक्त सभी साधनोंका

फल है. भगवान् हमारी आत्मारूप होनेके कारण ही सांसारिक पदार्थोंसे होनेवाला प्रेम भी मूलत: भगवत्प्रेमका विकृत रूप है. तदुपरांत भगवान् ब्रह्माजीको स्वरूपमें तिरोहित हुई सृष्टिको पुन: प्रकट करने हेतु आज्ञा देते हैं. प्रकृति-पुरुषके स्वामी भगवान्ने उन नाम-रूपोंकी अभिव्यक्ति करवाई एवं स्वयं तिरोहित हो गए. भगवान्ने उत्पन्न सभी पदार्थोंमें प्रेम करनेकी स्वरूपयोग्यता स्थापित की है, फलमुखयोग्यता नहीं. यही भक्तिका metaphysical justification है जिसे भागवतजीमें भगवान्ने ब्रह्माजीके प्रति कहा है. कर्म एवं ज्ञान भक्तिके parts बन रहे हैं creationकी processमें.

भगवान्को सर्वकी आत्मारूप जाननेसे क्या फल होता है? तो महाप्रभु आज्ञा करते हैं कि भगवान् तो पूर्ण है, अत: जीवके आत्मारूप होनेसे भगवान्को कोई लाभ नहीं है. परन्तु जीवके लिए आत्मासे सम्बन्धित देहादि होनेसे उनमें उसे प्रेम होता है, अन्यथा देहादिसे प्रेम नहीं होता. परन्तु भगवान्को आत्मारूप नहीं जाननेके कारण जीव भगवान् सम्बन्धी सुखको ग्रहण नहीं करते हैं. अत: जीव यदि भगवान्को आत्मारूप जानले तो सभी सुखोंका अनुभव करने योग्य बन जाता है. यही भक्ति रूपी साधनाका metaphysical aspect है.

(द्र. आलेखपत्र अन्तर्गत उपक्रम)

भक्तिको पुरुषार्थरूप कहनेसे पुरुषार्थमें effort चाहिये होंगे. भक्तिको प्रयोजन बता देनेसे सृष्टि लीला नहीं रह जायेगी. अत: प्रश्न यह उपस्थित होता है कि भक्तिको मुख्य प्रयोजन कहे या सृष्टि रूपी लीलाका एक पार्ट है. अतएव हर साधनाका अन्तिम तात्पर्य भक्ति है परन्तु भक्तिका तात्पर्य साधनाचरणोंमें नहीं है. महाप्रभुके शास्त्रार्थप्रकरणमें उपदिष्ट वचनोंसे यही सिद्ध होता है कि भक्ति रतिरूपा है, साधनरूपा मात्र नहीं. तथा अन्य सभी उपदिष्ट साधन भी जीवको भक्त्यधिकार प्राप्तिके हेतु योग्यता सिद्ध करवानेके लिये ही प्रयोजित हुए है.

(द्र. वेदोंके कर्मप्रतिपादक पूर्वकाण्डमें भक्तिका स्वरूप)

आधुनिक विचारकों द्वारा भक्तिको अवैदिक बताते हुए पौराणिक धर्म बताना, भक्तिके मूलस्वरूपका हनन है. वैदिक विचारपरम्परा एक धाराके रूपमें चली आती एक अविच्छिन्न परम्परा है. संहिता ब्राह्मण एवं निरुक्तादिमें भक्तिका स्वरूप वर्णित हुआ ही है. यद्यपि वह भक्ति यज्ञके अंगरूप एवं साधनरूपा होनेसे भाक्त है परन्तु तथापि भक्तिका निरूपण तो है ही. गीता-भागवतप्रोक्त निरुपाधिका स्वतन्त्र भक्ति शुद्ध एवं पुष्टिमार्गमें वाञ्छनीय है.

वेदमें भक्तिके औपादानिक तत्त्व बताये गये हैं. वेदमें निरूपित कोई भी क्रिया निर्देवताक नहीं है. कर्म एक क्रिया है जो भौतिक sphereमें प्रकट होती है. यदि यही क्रिया निर्देवताक रही तो जीवका आध्यात्मिक या आधिदैविक स्तरपर उत्थान उस क्रियाके द्वारा सम्भव नहीं रह जायेगा. अत: सभी कर्म देवतासहित निरूपित हुए हैं एवं जहाँ किसी देवविशेषका उल्लेख प्राप्त न होता हो वहाँ प्रजापति उस कर्मके अधिष्ठाता देवता हैं, ऐसा जान लेना चाहिये. यही कर्ममें निहित भक्तिका element है. प्रत्येक ऋतु राग वर्ण दिशा नित्य-नैमित्तिकादि कर्म, सभीमें अतएव देवताओंको अधिष्ठाता बताया गया हैं.

(वेदोके कर्मप्रतिपादक पूर्वकांडमें भक्तिका स्वरूप बिन्दु पांचसे)

वेदके सभी अंगोंमें निहारनेकी दृष्टि वैविध्यपूर्ण है. उद्धृत प्रमाणवचनोंमें यह उल्लिखित है कि ब्रह्म स्वयं माता पिता पुत्र आदि न होनेपर भी स्नेहवश उन सभी रूपोंमें प्रकट भी होता है. बौद्धिक-तार्किक दृष्टिसे यह तथ्य समझमें नहीं आता परन्तु, भावात्मक धैर्य होनेपर भगवान्‌के उन सभी रूपोंको जीव प्रतिभाव (रिस्पॉन्ड्) कर पायेगा. **''अजायमानो बहुधा विजायते तस्य धीराः परिजानन्ति योनिम्''** (तैत्ति.आर.३।१३।३) श्रुतिवचनमें निरूपित **'धीराः'**शब्द उसी भक्त्यात्मक धैर्यका निरूपक है, जिससे देवताका रूप अजायमान होनेपर भी स्नेहवश

जायमानरूप समझा जा सकता है. इसी लिये अर्चक, कर्मकर्ता अपने भावानुरूप देवताके स्वरूपमें माता पिता मित्र आदिकी भावना करता है. और देवता भी अर्चकके भक्तिभावका प्रतिभाव करते हुए उन्ही रूपोंको धारण भी करते हैं. ये वेदप्रतिपादित मन्त्रोंमें दृष्टिगोचर होती भक्ति है. वेदनिरूपित कुछ मन्त्र स्तुतिके है, कुछ मन्त्र निन्दा प्रशंसा परिदेवना आशीर्वाद आदिके हैं परन्तु सभीमें भक्तिभाव देखा जाता है. उपरोक्त पांच बिन्दुओं द्वारा वेदके मुख्य दो अंग; मन्त्र एवं विधि में भक्तिके अंगोका निरूपण किया है.

(कर्मसाधना और भक्तिसाधना के बीच रहा मौलिक प्रभेद)

कर्ममें भक्ति ही यदि दृष्टिगोचर होती है तो उसे वेदमें तात्पर्यवृत्तिमात्रसे क्यों स्वीकारा जाता है? महाप्रभु आज्ञा करते हैं कि भक्ति गोप्यधर्म है. अतः वेदमें कर्ममार्ग एवं ज्ञानमार्ग के अंगके रूपमें भक्तिका निरूपण करते हुए भक्तिको छुपाया गया है. जबकि गीता एवं भागवत में भक्तिके स्वरूपको उद्घाटित करते हुए कर्म एवं ज्ञान को भी भक्तिके अंग बता दिये है. कर्मविशिष्ट यज्ञरूप भगवान्का निरूपण वेदके पूर्वकाण्डमें किया गया है, ज्ञानविशिष्ट ब्रह्मका निरूपण वेदके उत्तरकाण्डमें किया गया है, जबकि कर्मज्ञानविशिष्ट स्वरूप भगवान् गीता एवं भागवत में निरूपित हुआ है. मुख्य प्रभेद अतएव भक्तिमार्ग एवं कर्ममार्ग में यही दिखलाई देता है कि कर्ममार्गमें देवता कर्मके अंगरूप होते है. यज्ञहेतु सम्पादित द्रव्य यज्ञार्थ होता है. यज्ञ देवताके लिये होता है. जबकि देवता जीवको फल प्रदान करने हेतु होते है. अतः देवताओंका उपयोग जीवके लिये कर्ममें बताया गया है, जबकि भक्तिमार्गमें जीव भगवदर्थ होता है, भगवान् जीवके लिये नहीं. इसी आत्मीयताके भावको जागृत करनेके लिये ही भक्तिमार्गमें दानका प्रकार न स्वीकारते हुए सर्वस्वके समर्पणका सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है; जिसके स्थानपर कर्ममार्गमें तो देवताको उद्देश्य बना कर द्रव्यका त्याग/दान किया जाता है.

पुराणोंमें वेदधर्मका अतिदेश किया गया है. भागवतमें भक्तिका निरूपण भी विविध प्रकारोंसे किया गया है. यथा कपिलदेवजीने देवहूतिजीको भक्तिका उपदेश त्याग/वैराग्यकी प्रधानतासे दिया जबकि भगवान्ने उद्धवजीको जो उपदेश दिया उसमें सभी साधनोंका अन्तिम लक्ष्य भक्तिकी सिद्धि है यह बताया, जिसमें भक्तिके होनेपर भी ज्ञान वैराग्य तप योग आदि सभीकी व्यर्थता बताते हुए यह कहा है कि भक्तिसे ही सभी फलसिद्धि हो जायेगी, अन्यसाधनोंकी अपेक्षा ही नहीं है. भागवतवर्णित भक्तिकी इन विविध शॅड्को समझनेके लिये भागवतके उपक्रम एवं उपसंहार में उद्धृत वचनोंपर दृष्टिपात करना चाहिये. **''धर्मः प्रोज्झितकैतवो अत्र परमो निर्मत्सराणां सतां वेद्यं वास्तवम् अत्र वस्तु शुभदं तापत्रयोन्मूलनं श्रीमद्भागवते महामुनिकृते किंवा परैर् ईश्वरः सद्यो हृदि अवरुध्यते अत्र कृतिभिः शुश्रुषुभिः तत्क्षणात्'' ''कथाः इमास् ते कथिताः महीयसां विताय लोकेषु यशः परेयुषां विज्ञानवैराग्यविवक्षया विभोः वचोविभूतिः नतु पारमार्थ्यम्''** (भाग.पुरा.१।१।२,१२।३।१४) भागवत निरूपित भगवान्का स्वरूप एवं भगवान्की दशविध लीलाएं सृष्टिको भगवद्रूप बताते हुए जीवके हृदयमें लीलात्मक सृष्टिके स्वरूपको हृदयारुढ़ कराती है कि जिससे भक्ति ज्ञान-वैराग्यनिरपेक्ष सिद्ध हो. अतः दशविध लीलाओंके अन्तर्गत भगवदितर सभीके चरित्र विवेचनका मुख्य प्रयोजन वैराग्यकी विवक्षा है. अन्यथा बिना भक्तिका ज्ञान-वैराग्य एवं सृष्टिको ब्रह्मरूपतया जान लेना तो मुक्त्यर्थ साधन सिद्ध हो जायेगा, भक्त्यर्थ नहीं.

भक्तिभावरहित प्राप्त हुआ ज्ञान तो मिथ्या बोधके प्रति भी प्रेरित कर सकता है. जैसे अहं ब्रह्मास्मिका ज्ञान होनेपर ज्ञानी जीवन्मुक्तिकी अवस्थामें आत्मातिरिक्त सभी पदार्थोंको निवृत्त करनेकी आकांक्षा रखते हुए देहादि सभी पदार्थोंको मिथ्या मानने लगता है, जिसके परिणामस्वरूप लीलार्थ प्रकट सृष्टि एवं स्रष्टा स्वयं भी मिथ्या सिद्ध हो जायेंगे. भक्तिसिद्धि हेतु यद्यपि ज्ञान ही प्रथम सोपानतया स्वीकृत है, परन्तु फलप्राप्त होनेपर वह ज्ञानका फल है या भक्तिका फल; इसका

निश्चय कैसे होगा? भक्ति एवं ज्ञान मेंसे ज्ञानमात्रका चयन किया जाये तो बिना भक्तिका ज्ञान तो शोभायमान नहीं माना जाता. अतः स्वतन्त्रभक्ति फलसाधिका अवश्य होती है परन्तु बिना भक्तिके कर्म और ज्ञान फलसाधक नहीं रह जाते, यथा देवताके प्रति भक्तिके अभाववश कर्म लौकिक क्रिया मात्र रह जाते हैं, परिणामवश निष्फल सिद्ध होंगे. अतः फलसाधक भक्ति ही मानी जायेगी, ज्ञान कर्म नहीं.

ब्रह्मके सत् चित् एवं आनन्द धर्मोका भी विभाजन जब सृष्टिके आदिकालमें होता है तब भी तीनों धर्म विभक्त हो जानेपर भी लीला प्रयोजनतया आनन्दगुणधर्म आविर्भूत सदंश एवं चिदंश में निहित रहता होनेसे सदंशसे प्रकट कर्म, चेतनासे प्रकट ज्ञानमें, प्रियतासे प्रकट भक्तिको प्रयोजिका/अन्तर्निहित माननी ही होगी. अतः आनन्द भले ही तिरोहित धर्म हो तथापि जागतिक वैषयिक सुखकी पृष्ठभूमिमें भी उसी ब्रह्मानन्दका अंश कार्य करता है. विषयसुख आत्मसुख ब्रह्मात्म्यैक्यसुख आदि सभी सुखोंमें एकमेवाद्वितीय ब्रह्मके मौलिक ऐतदात्म्यका ही अनुभाव होता है. यही भक्तिका औपनिषदिक फॉर्मेट् है. अतः क्योंकि प्रकट हुए द्वैतमें अद्वैत अन्तर्निहित है, भक्ति-भजनीय एवं भक्त का त्रैविध्य ब्रह्माद्वैतमें बाधक सिद्ध नहीं होता है. इसी अद्वैतबोधवश भक्तद्वारा किया गया समर्पित पदार्थोंका उपभोग अलौकिक भोग माना जाता है, जो भक्तिसाधक है. अतः भागवतवर्णित सभी लीलाएं अन्ततः भगवान्के स्वरूपमें जीवको अनुरक्त करने हेतु ही प्रयोजित हुयी हैं. भगवान्के अनुग्रहका अनुभव जीवको यद्यपि सहसा नहीं होता परन्तु धीरे-धीरे भक्तिका अनुभाव प्रकट होनेपर कृपाका अनुमान होने लगता है. भागवतवर्णित लीलाओंके प्रभेदवश यह भी स्पष्ट है कि भगवान्के अनुग्रहके भी विविध प्रकार होते हैं जिसके परिणामस्वरूप भक्तिके भी विविध प्रकार देखे जा सकते हैं. परन्तु अन्ततः तो आत्मरमणशील भगवान्की अंशीरूपिणी आत्मरतिका अंशात्मना प्रकटरूप भक्ति है. अनुग्रह

अतएव जीवोद्देश्यक सिद्ध हुआ, जबकि भक्ति परमात्मोद्देश्यक सिद्ध होगी. इसी अनुग्रहजन्य भक्तिको महाप्रभु भक्तिवर्धिनी ग्रन्थमें निरूपित करते हुए आज्ञा करते हैं कि हृदयस्थ बीजभाव ही रुचि प्रेम आसक्ति व्यसनादि अवस्थाओंमें पर्यवसित होता है जोकि अनुग्रह रूपी बीजभावके दृढ़ीकरणकी प्रक्रिया है.

वेदनिरूपित सच्चिदानन्द ब्रह्मकी आत्मरति ही अंशात्मना विषयरतिसे ले कर आत्मरति पर्यन्त अनेकानेक रूपोंमें प्रकट होती है. परन्तु अंशात्मिका इसी रतिको भजनानन्दरति या ब्रह्मानन्दरति बननेके लिये भगवान्के अनुग्रहकी अपेक्षा रहती है. चाहे वह मर्यादामार्गीय जीवके ऊपर होता अनुग्रह हो, चाहे पुष्टिमार्गीय जीवके ऊपर होता अनुग्रह हो. जैसे ब्रह्म एकमेवाद्वितीय होनेपर भी अनेक रूपोंमें प्रकट होते है, जैसे सत्ता चेतना एवं प्रियता गुणधर्म स्वरूपतः एक होनेपर भी अनेकभावापन्न होते हैं उसी तरह भगवत्कृपा भी अनेकानेक रूपोंमें जीवोंके अधिकारानुसार प्रकट होती हैं जिनका विशद् निरूपण प्रभुचरणने 'भक्तिहेतुनिर्णय' ग्रन्थमें किया है.

भक्तिका उपादान आत्मरति है और निमित्तकारण अनुग्रह है. भगवान् द्वारा जीवमें स्थापित आत्मरतिमें जब जीव स्वरूपस्थ होता है तब वह कृतार्थ होता है. आत्मरति भी विषयासक्ति मुक्त्यासक्ति आदि अनेकानेक फॉर्मेट्में (रूप) कार्यरत होती है. इन सभीमेंसे जीव जिस किसीमें अधिकारानुसार एवं वर्णानुसार स्वरूपस्थ होता है उसीके द्वारा उस जीवका उद्धार होता है, अन्यथा लीलास्थित रूपमें बना रहता है. अतः विभिन्न अनुग्रहोंके फॉर्मेट्के अनुसार ही आत्मरतिकी उद्धारकताके भी विभिन्न फॉर्मेट् देखे जाते है.

अवतार एवम् उद्धार; दोनों ही विरुद्धार्थक शब्द है. उद्धारसे तात्पर्य है ऊपर उठना, जबकि अवतरणसे तात्पर्य है नीचे आना.

जैसे भगवान् द्वारा होती उद्धारकताके अनेक रूप है उसी तरह बन्धकताके भी अनेक रूप हैं. ज्ञानवैराग्यजनित भक्ति, ज्ञानवैराग्यरहित भक्ति, ज्ञानवैराग्यसहित भक्ति आदि अनेक प्रकार देखे जाते हैं.

भगवान् जीवका उद्धार जब अपने रूपसे प्रकट करते हैं तब रूप द्वारा होनेवाले उद्धारमेंसे माहात्म्यज्ञान एवं वैराग्य की अपेक्षा भगवान् नहीं रखते हैं. भगवान्के स्वयम् अवतीर्ण हो जानेपर सभी नियम सस्पॅन्ड् हो जाते है क्योंकि अपनी सभी शक्तियोंके साथ भगवान् प्रकट होते हैं. अतएव कृष्णके प्राकट्यकी लीला 'निरोधरूपा' कही गई है. यद्यपि भगवान् कभी शक्तियोंके साथ होते हैं तथा कभी शक्तियोंको अप्रकट रखते हुए भी होते हैं. अवतरणके कन्सॅप्ट्में ही विरुद्धधर्माश्रयता छूपी हुई है, जो सर्वत्र विद्यमान है उसका अप्रकट स्थानपर प्राकट्य कैसे सम्भव होगा? तथापि भगवान् तिरोहित स्थानपर प्रकट होते हैं. ग्राहकशक्ति एवं ग्रहणशक्ति के इन्टॅरॅक्शन्से ही प्राकट्य एवम् अप्राकट्य की क्रिया होती है.

वेद भागवत गीता पुराणान्तर में भक्तिके प्रतिपादनकी शैली भिन्न-भिन्न है. भागवतमें निरूपित भक्ति ज्ञानवैराग्यजनित नहीं अपितु ज्ञानवैराग्यजनिका है. उपनिषद् एवं पुराणान्तरों में ज्ञानवैराग्यजन्य भक्तिका निरूपण किया गया है जो मुक्तिप्रदायिका है. उस भक्तिके द्वारा होती उद्धारकतामें अनुग्रह भी तदनुसारी ही होता है. परन्तु भागवतमें निरूपित उद्धारमें भगवान्का रूप प्रकट होता है, जिसमें ज्ञान-वैराग्यको प्रकट करनेकी आवश्यकता ही नहीं है. रूपद्वारा होनेवाले उद्धारमें अन्यकी आवश्यकता ही नहीं है. निरुपाधिक भक्तिमें अनुग्रह भी निरुपाधिक होता है, सोपाधिक भक्तिमें अनुग्रह भी सोपाधिक ही होता है. भगवद्रूप द्वारा उद्धार शुद्धपुष्टिजीवोंका होता है, भगवत्कथा द्वारा उद्धार मिश्रपुष्टिजीवोंका भी होता है; एवं भागवतीय कथारूप साधन सेवाके अनुकल्परूप है.

अनुग्रह भी तोष दया कृपा आदि फॉर्मेट्में होता है. अनुग्रहके इन प्रकारोंके कारण प्रकट होती भक्तिमें भी प्रभेद देखे जाते हैं. अनुग्रहके इस ढांचेमें ही भक्ति ढलती होनेसे उसी आकारको धारण करती है, अतः भेद देखे जाते है. भक्तिका निरूपण वेदके पूर्वकाण्ड उत्तरकाण्ड वेदांग पुराण स्मृति आदि सभी शास्त्रोंमें यद्यपि प्राप्त अवश्य होता है, तथापि वे सब भक्ति एक ही प्रकारकी नहीं है. इन प्रभेदोंमें विवेकदृष्टिका होना आवश्यक है भक्तिके स्वरूप निर्धारणार्थ. जैसे कर्मके अन्तर्गत निरूपित भक्ति अंगरूपा है जिसमें प्रधानता अंगीकी है अंगकी नहीं, अतः वह पुष्टिभक्ति नहीं है. उसी तरह पुष्टिके अन्तर्गत भी भक्तिजन्य भगवद्रूपके अधिकारी मिश्रपुष्टि जीव होते है, जबकि रूपजन्यभक्तिके अधिकारी शुद्धपुष्टिजीव होते है. ये सब अवान्तरप्रभेद भक्तिके हैं जिन्हें एक नहीं समझा जा सकता.

कृष्णावतारके समय भगवान्ने कंस द्वारा भेजे गये असुरोंको भी मोक्ष प्रदान करते हुए उनका उद्धार अपनी अन्यथाकर्तुं सामर्थ्यके द्वारा किया. सबका उद्धार करनेका सामर्थ्य भगवान्का है. भगवान्के इस स्वातन्त्र्यको स्वीकारे बिना भगवान्के स्वरूपको नहीं समझा जा सकता है. कार्यतया प्रकट होती भक्ति भले ही विभिन्न प्रकारकी हों तथापि उन सभीमें रही हुयी भगवान्की उद्धारकशक्ति एक ही है. पुष्टिभक्ति मर्यादाभक्ति मिश्रपुष्टिभक्ति आदिमें आत्मरतिका अविच्छिन्नभेद है, विच्छिन्नभेद नहीं, जहाँ भेद स्वाभाविक नहीं है ऐच्छिक है. भगवान् अपनी विभिन्नशक्तियों द्वारा जीवोंका पोषण करते हैं, एवं भगवान्की तरह भगवान्की शक्तियोंमें भी बहुभवन सामर्थ्य है जिनका उपयोग जीवोंके अधिकारानुसार भगवान् करते हैं.

(भक्तिहेतुनिर्णयग्रन्थमें प्रतिपाद्यविषय)

अन्यविचारकी परम्परा एवं ब्रह्मवादीय दृष्टिमें भेद यह है कि विविधताके प्रति सहिष्णुदृष्टि उपनिषत् प्रदान करता है जबकि अन्यधर्मोंमें

एवम् अनेकानेक विचार परम्पराएं उतनी सहिष्णुदृष्टि नहीं निभा पाती. ब्रह्म स्वयं ही सृष्टिके प्रति निमित्त एवम् उपादान कारण होनेसे अनेकतामें एकताकी दृष्टि उपनिषद् देता है. जबकि ईश्वरको कारणतया न स्वीकारते हुए, कर्तामात्रतया स्वीकारनेके कारण एकत्वकी दृष्टि पनपती नहीं है. जैसे सृष्टिके सभी नाम-रूप-कर्म अनेक होनेपर भी एक है उसी तरह पुष्टिभक्ति मर्यादाभक्ति आदि भक्तिके भी विविध प्रकारोंके प्रभेद जो निरूपित हुए हैं उनका भी प्रयोजन असहिष्णुवृत्ति प्रकट करनेके लिये नहीं है, अपितु विवेकके उद्बोधनार्थ है. भगवान् द्वारा होती पुष्टिमें भी स्वभावानुपाती एवं सामर्थ्यानुपाती पुष्टिके भेद देखे जाते हैं जिनमेंसे स्वभावानुपाती पुष्टिके अधिकारी पुष्टिजीव बताये गये हैं; लीला भगवान्का स्वाभाविक धर्म होनेसे. सृष्टिमें प्रत्येक कर्म ज्ञानेच्छाप्रयत्नसे जन्य होते हुए भी सम्पूर्ण सृष्टिकार्यका उद्गम तो भगवान्की स्वतन्त्र अनायासेन क्रियमाण चेष्टारूप लीलाका ही परिणाम है. **''अनायासेन हर्षात् क्रियमाणा चेष्टा लीला''** (सुबो.१।१।१७) अतः भक्ति भले ही भगवान्के आनन्द गुणधर्मसे जन्य हो, तथापि उसमें ज्ञान एवं क्रिया अवान्तरधर्मतया अंग बनते ही है क्योंकि क्रियाका तिरोधान स्नेहमें सम्भव हो, परन्तु स्नेहमें क्रियाका तिरोधान सम्भव नहीं है.

अतएव प्रभुचरणने भगवद्धर्मरूप याग दान आदि धर्मोंको भक्तिके हेतु माननेका विकल्प पूर्वपक्षतया उपस्थापित किया है. **''दान-व्रत-तपो-होम-जप-स्वाध्यायसंयमैः श्रेयोभिः विविधैः च अन्यैः कृष्णे भक्तिः हि साध्यते''** (भाग.पुरा.१०।४७।२४) यद्यपि वर्णाश्रमाचार, वैदिक कर्म, ज्ञान आदि भक्तिके मुख्य हेतु नहीं है, एवं आवश्यक नहीं है तथापि उनका समुच्चय भक्तिके साधनोंमें महाप्रभुको मान्य है. महाप्रभुजी श्रीगोपीनाथजी एवं प्रभुचरणों के वचनोंपर दृष्टिपात करनेसे यह विवेक प्रकट होता है. प्रारम्भिक अवस्थामें देहाभिमान होनेपर उन धर्मोंका आचरण किया जाय, एवं देहाभिमान निवृत्त हो जानेपर उन धर्मोंका निवृत्त हो जाना भी मान्य है. शास्त्रविधिका त्याग करते हुए स्वच्छन्दाचरण भी दोषरूप

बताया गया होनेसे धर्मत्यागपूर्वककी की गई भक्ति भी वेदनिन्दारूप अधर्म ही सिद्ध होगी जिसका परिणाम हीनयोनि आदिमें जन्म होना बताते हुए भक्तिमें प्रतिबन्धक ही बताया गया है. अत: अवस्थाभेदानुसार धर्मपालनपूर्वक भक्ति एवम् अवस्थाविशेषमें धर्मत्याग आदिमें विवेक रखना ही आवश्यक है.

समस्या इस पक्षमें यह उत्पन्न होती है कि शास्त्राज्ञाके पालन एवं दुर्वृत्तिरहित भी अनिच्छया हो जाते शास्त्राज्ञाके उल्लंघनमें विवेक कैसे रखा जाये? समाधानतया तीन पक्ष विचारणीय है.

१. ब्रह्म स्वयं निर्गुण होनेके कारण जैसे प्रकृतिके गुणोंसे पर है वैसे जो जीव वेदप्रतिपादित साधनोंका अनुसरण करते हुए निर्गुण अवस्थाको प्राप्त कर लेता है, वह भी उन गुणोंके बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है. अत: जैसे ब्रह्मज्ञानी सभी गुणोंसे निवृत्त हो जानेपर अध्यासमूलक कर्तव्योंसे मुक्त हो जाता है वैसे भक्त भी स्नेहकी चरमावस्थापर पहोंच कर अध्यासग्रस्त नहीं रह जाता होनेसे सभी बन्धनोंसे मुक्त हो जानेके कारण स्वच्छन्दाचारी नहीं कहलाया जा सकता है.

२. ज्ञानी या भक्त में प्रारम्भिक अवस्थामें यदि शास्त्रविरुद्ध आचरण दिखलाई दे तो या तो उनपर कृपा नहीं हुयी है ऐसा माने या फिर कोई चर्षणी जीव मार्गमें आ गया है ऐसा समझा जाये. एक अन्यकल्प यह भी है कि सगुण होनेसे जीवके लिये शास्त्राज्ञाका अनुसरण आवश्यक है, परन्तु भगवान् निर्गुण एवं स्वतन्त्र होनेसे नियमका बाध करते हुए उनका उद्धार करनेका सामर्थ्य भगवान्में तो स्वीकारना ही होगा.

३. शास्त्रविहित साधनों द्वारा उद्धार भी जब कृपानिरपेक्ष नहीं है तब साधनोंके ऊपर अवलम्बन रखनेवाले जीवका उद्धार भी बिना

कृपा मान्य नहीं. तब मुख्यता तो कृपाकी ही मानी गई. अतः भगवात्कृपा एवं धर्माचरण का नियतसाहचर्य नहीं है क्योंकि भगवान्ने अपने अन्यथाकर्तुं सामर्थ्यके उपयोग द्वारा जीवोंका उद्धार बिना धर्माचरणके किया ही है.

जैसे मिश्रपुष्टिजीवके अन्तर्गत गुणज्ञादि भेदोंसे पुष्टिजीवमें मर्यादामिश्र प्रकार सोचे गये है उसी प्रकारसे मर्यादामार्गके मुख्यकल्पके अन्तर्गत भी पुष्टिके अवान्तरप्रभेद सम्भव है. अतः इन सभी प्रभेदोंका विचार करते हुए बिना धर्माचरणकी अपेक्षा रखे भगवान्के साक्षाद् अनुग्रहके द्वारा भगवान् द्वारा प्रदत्त भक्तिको प्राप्त करनेवाले शुद्धपुष्टिजीव भी है इनका निरूपण प्रभुचरण 'भक्तिहेतुनिर्णय' ग्रन्थमें करना चाह रहे हैं. अतः यह महाप्रभुजी एवं श्रीगोपीनाथजी के वचनसे संगत ही है, विरुद्ध नहीं. मिश्रपुष्टिजीव साधनमिश्रित होनेसे, उनके द्वारा होती भक्तिमें अन्यसाधनोंकी अपेक्षा रहती है. किन्तु शुद्धपुष्टिजीव साधनमिश्र न होनेसे उनके द्वारा होती भक्ति एवं भगवान्का उनपर हुआ अनुग्रह भी भिन्न है, जो सर्वसाधननिरपेक्ष है. महाप्रभु ऐसी शुद्धपुष्टिभक्तिको दुर्लभ बता रहे हैं. अतः शास्त्रविहित कर्म ज्ञान वैराग्य धर्मसहित होती भक्ति मिश्रजीवोंके लिए साधनरूप है, परन्तु शुद्धपुष्टिभक्तके हेतु आवश्यक नहीं है. अतः लेशमात्र भी विरोध न हो कर भगवान्के अनुग्रहकी विविधताके अनुसार जीवोंमें प्रकट होती भक्तिके प्रभेदोंमें विवेकदृष्टि रखते हुए कर्तव्यनिर्धारण करना ही अपेक्षित है.

भगवान् द्वारा निर्मित सृष्टिमें भगवद्रूप अनेकानेक नाम-रूप एवं कर्म स्थित हैं. अतः ourness के साथ साथ otherness भी आदरणीय एवं स्वीकरणीय है. otherness बहोत प्रकारसे समझी जा सकती है :

Logical Otherness



Metaphysical Otherness



Theological Otherness



Ethical Otherness Karayita



Devotional Otherness



Sectorial Otherness



1. **Logical otherness :**
   singularity, plurality
2. **Metaphysical otherness :**
   cause effect
3. **Theological otherness :**
   god, evil
4. **Ethical otherness :**
   साधुकर्म कर्ता, असाधुकर्मकर्ता
5. **Devotional otherness :**
   पुष्टि, भक्ति
6. **Sectorial otherness :**
   पुष्टिभक्ति, अपुष्टिभक्ति.

उपरोक्त सभी परस्पर विरुद्ध प्रकारोके बाहर एक बड़ा वर्तुल ब्रह्मवादमें प्राप्त होता ही है क्योंकि ब्रह्म ही सभी विरुद्धधर्मोंका आश्रय है. यथा देव एवं दानव परस्पर विरुद्ध होनेपर भी प्रजापतिसे ही प्रकट हुए हैं. **''द्वया ह वै प्राजापत्याः देवाश्च असुराश्च''** (बृह.उप.१।३।१) तथैव कार्य एवं कारण भी परस्पर विरुद्ध होते हुए भी अविकृतपरिणामके अन्तर्गत एक ही सिद्ध होते हैं. अतः मूल उद्गम देखनेपर तो सभी प्रभेद निरस्त हो कर मूल ब्रह्मकी बहुभवनेच्छाके अन्तर्गत एकत्वेन मान्य हो जाते हैं. ब्रह्मके माहात्म्यज्ञानके महावृत्तमें सभी भेद-उपभेद subclass बन जाते हैं.

(द्र.आलेखपत्रान्तर्गत भक्तिहंसग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय)

महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यके अनुसार वेदके पूर्वकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड में निरूपित तत्त्व ब्रह्म है. पूर्वकाण्ड विधिनिषेधरूप धर्म प्रतिपादक वेदविभाग है. श्रीशंकराचार्यजीके मतानुसार ब्रह्म सर्वथा अवाच्य होनेसे वाणी निर्गुण ब्रह्मका प्रतिपादन करनेमें समर्थ नहीं है, किन्तु महाप्रभुके

मतानुसार ब्रह्म सर्वथा अनिर्वचनीय नहीं है, अपितु प्रकट एकपादमें वचनीय है, एवं त्रिपादमें अनिर्वचनीय. **''चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुः ब्रह्मणाः ये मनीषिणः गुहा त्रीणि निहिता नेंगयन्ति तुरीयं वाचा मनुष्याः वदन्ति''** (ऋक्.संहि.१।१६४।४५) अतः ज्ञानकाण्ड निरूपित वेदविभागमें ब्रह्मको जब बांधा न जा सकता हो, तब पूर्वकाण्ड प्रतिपादित विभागमें निरूपित विधिनिषेध ब्रह्मके लिए कैसे हो सकते हैं? अतः उन्हे मनुष्याधिकारक मानने होंगे, एवं ब्रह्मको तो इन सभी सीमाओंसे परे ही स्वीकारना होगा.

अतः प्रभुचरणद्वारा प्रतिपादित भक्तिहंस ग्रन्थके मंगलाचरणमें आप आज्ञा करते हैं कि भगवान् मन्त्र विधि अर्चनादि से अस्पृष्ट हो कर रमणशील हैं, एवं वेदप्रतिपादित विधियोंमे बंध कर फलप्रदायकता तो भगवद्विभूतिस्वरूप देवताओमें देखी जाती है, ब्रह्ममें नहीं क्योंकि विधि-निषेधका बन्धन सगुण जीवोंके लिए है, निर्गुणावस्थाको प्राप्त हुए जीवोके लिए एवं ब्रह्मके लिए नहीं है. देवता भी सभी सगुण होनेसे कर्मविभाग प्रतिपादित विधि-निषेधकी व्यवस्थामें बंध कर जीवो द्वारा किये गए कर्मोंके फलस्वरूप उन्हें लौकिक किंवा मुक्ति आदि फल प्रदान करते हैं. अतः ग्रन्थप्रोक्त मंगलाचरणसे यह स्पष्ट होता है कि जिस भक्तिको यहां प्रभुचरण प्रतिपादित करना चाहते हैं, वह भक्ति साधनाश्रित भक्ति न हो कर साधनोंके मिश्ररूपोंसे रहित शुद्धभक्ति है, जिनके अधिकारी भी साधनावलम्बनरहित शुद्धपुष्टिभक्त व्रजभक्तादि ही है. अब यहां शंका यह उपस्थित होती है कि प्रभुचरण भक्तिहंस ग्रन्थमें 'भक्ति'शब्दसे व्याख्यायित भक्तिको ही लक्षित कर रहे हैं, किंवा भक्तिके अनेकानेक रूपोंको भी?

हंस जैसे नीर एवं क्षीर में विवेक कर पाता है, उसी तरह स्वतन्त्रभक्ति, मर्यादाभक्ति, पुष्टिभक्ति, कर्मज्ञानमिश्रितभक्ति, ज्ञान-वैराग्यजन्यभक्ति आदि भक्तिके अनेकानेक प्रभेदोंको भी लक्षित करते

हुए प्रभुचरणोंने शुद्धपुष्टिभक्तिको इन सभी प्रकारोंसे भिन्न सिद्ध करते हुए भक्तिके शुद्धतम रूपका निरूपण भक्तिहंस ग्रन्थमें किया है. शास्त्रप्रतिपादित भक्तिके जैसे वैदिक सन्दर्भका विचार किया गया तथैव पौराणिक तान्त्रिकादि प्रकारोंका भी विचार प्रस्तुत प्रसंगमें प्रासंगिक बनता है.

(पुराणप्रोक्त भक्तिके लक्षणका विमर्श)

महाप्रभु भागवत तृतीयस्कन्धकी सुबोधिनीमें आज्ञा करते हैं कि भगवदाज्ञासे रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य विष्णुस्वामी आदिने भक्तिमार्ग (प्रकट) किये है, जिनमेंसे अन्य सभी मार्ग सगुणभक्तिमार्ग हैं, जबकि महाप्रभुद्वारा उपदिष्ट मार्ग निर्गुणभक्तिमार्ग है. उपरोक्त वचन द्वारा अन्यमार्गोंको भी मान्य करनेके कारण कई लोगोको यह भ्रांति हो जाती है कि विशिष्टाद्वैतकी तरह महाप्रभुको भी द्वैताद्वैत मान्य है. किन्तु महाप्रभुको मान्य तादात्म्यवादमें स्वाभाविक अद्वैत मान्य होनेपर भी ऐच्छिक द्वैत अमान्य नहीं है. अतः जैसे तादात्म्यवादमें अद्वैत स्वीकृत है, तथैव भगवदिच्छासे प्रकट द्वैत भी स्वीकृत होनेसे भक्तिके भी अनेकानेक प्रकार भगवान्‌की इच्छासे ही प्रकट हुए होनेसे अमान्य नहीं हैं.

(द्र.भाग.सुबो.३।२९।७-२७)

महाप्रभु भक्तिके भेदोपभेदको प्रतिपादित करते हुए आज्ञा करते हैं कि फलाशासे की गई भक्ति, अर्चनपरक कर्मरूपा भक्ति, मोक्षकी इच्छासे की गई भक्ति आदि अनेकानेक भक्तिके प्रकार हैं, किन्तु ये सभी प्रकार उत्तम एवं पुष्टिभक्तितया स्वीकृत कदापि नहीं हैं. यहां ऐच्छिक भेदको सत्य/पारमार्थिक मानते हुए सगुण स्वभावके जीवो द्वारा होती भक्तिके राजसी, तामसी प्रकारोंका भी उल्लेख किया गया है एवं अभेदको स्वाभाविक मानते हुए चतुर्थी निर्गुण भक्तिका भी निरूपण किया गया है. यहां भेदबुद्धिवशात् सगुणाभक्तिके मुख्य ३ एवं अवान्तर ९ प्रकार स्वीकारते हुए निर्गुणा भक्तिका दसवां प्रकल्प निरूपित हुआ है. सगुण अवस्था किंवा सगुणभावसे रहित होनेपर

तो निर्गुण जीव द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य, अर्चन, शास्त्रविधि, दान, तप आदि भी निर्गुण ही होते हैं. अतः अर्चनकी क्रिया निषिद्ध किंवा निन्दित नहीं है, अपितु यदि वह सगुणभावसे की जाए तो निन्दित बन जाती है. उसी प्रकारसे ''भगवान् शास्त्रीय विधिसे अस्पृष्ट हैं'' इस उक्तिसे भी प्रभुचरणका यही तात्पर्य है कि यदि कृपावलम्बी न हो कर साधनावलम्बी भक्त हो जाये, तो भगवान् उन सभी साधनोंसे सर्वथा अप्राप्य एवं अस्पृश्य हैं, क्योंकि ब्रह्म विधिके अधीन नहीं है किन्तु यदि उन्हीं शास्त्रीय विधियोंका अनुसरण अपनी वर्णाश्रमीय अहंता-ममताको छोड कर भगवद्दास होनेकी अहंतासे किया जाये तो वे भी समर्पित हो जानेसे सगुण न रह जा कर अलौकिक ही हो जाते हैं. अतः कौनसी क्रियामें भक्ति अंगी न रह कर अंगरूप बन जाती है, एवं किस क्रियामें भक्ति अंगी बन कर सभी क्रियाओंको अंगरूप बना लेती है, इनमें परस्पर विवेकबुद्धिका होना आवश्यक है.

Legal petition 5 main parts :

1) Facts of the case.
2) Question of law.
3) Ground.
4) Averment.
5) Prayer-conclusion.

उपरोक्त पांचो अंगोका समावेश प्रस्तुत आलेखमें भी किया गया है.

१. Facts of case 'prologue' (उपक्रम) है कि जिसमें प्रमुख विचारणीय विषय प्रस्तुत किया गया है कि भक्ति प्रयोजन है या लीला है. भक्तिका उपादानकारण आत्मरति है जिसकी लीला भक्ति है. अतः भक्ति भगवान्की सृष्टि रूपी रूपलीलामें प्रयोजन न हो कर लीला है, परन्तु नामलीलामें भक्ति प्रयोजनतया आ रही है.

२. Question of law यहां यह है कि वेद पुराण तन्त्रादि के अनुसार भक्तिके भी कुछ formats हैं.

३. अपने विचारका ground यहां यह है कि भक्तिके प्रकार अनेक होते हुए भी otherness को soft कैसे की जाए.

४. Averment अर्थात् प्रतिज्ञातया प्रतिपादित वाक्य यहां अब विचारणीय बिन्दुतया आ रहे हैं.

५. आलेखपत्रके उपसंहारतया लिखित मंगलाचरण है.

यहां विचारणीय पक्ष दो हैं : प्रथम तो यह कि वेदोक्त भक्तिका प्रकार ज्ञानांग हो चाहे कर्मांग हो, भक्तिके elements तो उनमें हैं ही. कर्म एवं ज्ञान को यदि अंगी बना लिया जाए, तो भक्ति अंग बन जाएगी. भक्तिको अंगी बनाते हुए कर्म एवं ज्ञान का भक्तिमें समावेश किया जाए, तो भक्तिकी मुख्यता हो जाएगी.

पुराण द्वारा प्रतिपादित भक्तिको अंगी बनाते हुए अन्य सभी साधनोंको अंगरूप बताये गए हैं. भक्तिमें फलमुखयोग्यता कृपाद्वारा आती है.

प्रभुचरण भक्तिहंसमें आज्ञा करते हैं कि भगवान् तन्त्र, शास्त्र आदिकी विधियोंसे अस्पृष्ट हो कर बिराजते हैं. इस विधानके कारण स्वमार्गीय भक्तिके साधनसम्बन्धी शंका उपस्थित होती है कि तन्त्रादि साधन एवं मन्त्रों का विनियोग पुष्टिमार्गीय सेवामें किया जाए या न किया जाए? क्या इनका विनियोग सेवामें करनेपर वह मर्यादामार्गीय हो जाएगी या पुष्टिमार्गीय मानी जायेगी? क्योंकि विधि एवं मन्त्र विभूतिपरक होते हैं, पुरुषोत्तमपरक नहीं. तन्त्रयुक्तिके स्पष्ट होनेपर इस शंकाका समाधान सम्भव है. जैसे गुणोपसंहार एक तन्त्रयुक्ति है या वेदमें 'आत्मा' शब्द परमात्मवाची है, जीवात्मावाचक नहीं. ये सब तन्त्रयुक्ति हैं.

महाप्रभु आज्ञा करते हैं कि भागवतमें सर्वत्र कृष्णका ही निरूपण

किया गया है, जहां अभिधावृत्तिसे कृष्ण न प्रतीत होते है वहां भी तात्पर्यवृत्तिसे कृष्ण प्रतिपादित हुए हैं. भागवतकी Specific requirement श्रवण-कीर्तन-स्मरणकी क्रियाकी है. सेवाके कल्पमें जैसे तनुवित्तादिकी समर्पणात्मिका क्रिया है, तथैव कथापक्षमें श्रवणादि क्रियाएं हैं. सेवाको भक्तिमें culminate करनेके लिए सिद्धान्तप्रतिपादित मर्यादामें सेवाकी क्रिया करनेसे भक्ति दृढ़ होती है. क्रियामें सिद्धान्तमर्यादाका उल्लंघन होनेपर उस अनैतिक क्रियाकी असर तज्जनित भक्तिमें भी देखी जाती है.

भक्तिकी व्याख्यामें महाप्रभु "**माहात्म्याज्ञानपूर्वकः सुदृढः सर्वतोधिको स्नेहः**" को बताते हैं. यह व्याख्या पुराण तन्त्र एवं स्वमार्गीय साम्प्रदायिक भक्तिके format में कैसे justify होगी, यह विचार अब यहां प्रसक्त है. महाप्रभुने षोडशगग्रन्थोमें सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं, एवं साधनप्रकरणमें उन सिद्धान्तोकी इतिकर्तव्यता बताई है. अतएव दोनों ही ग्रन्थोमें प्रतिपादित सिद्धान्तकी एकवाक्यता ध्यानमें रखते हुए साम्प्रदायिक भक्तिका स्वरूप समझा जा सकता है.

(द्र.तेषां दोषम् आह...आलेखपत्र.पृ.सं.८२)

महाप्रभु आज्ञा करते हैं कि भगवद्भजन भगवन्मार्गानुसार करना चाहिए. धर्मार्थकाम आदि त्रिवर्ग परायण हो कर की जाती भक्ति भी पुरुषार्थपर्यवसायिनी होगी, भक्तिपरक नहीं. भजनमें दूसरी क्रिया यह है कि भजन सर्वभावसे करना चाहिए. देहसे ले कर ईश्वरपर्यन्त सभी भावोंसे सेवा करनी चाहिये. भावात्मिका इतिकर्तव्यता sentimental aspect है behavioural नहीं. कर्मतया एवं ज्ञानतया भजन करनेपर वे फलसाधक नहीं होंगे. कोई भी कार्य भगवान्से distract हुए बिना किए जाये, तो कर्म समर्पित होनेसे भक्तिसाधक होते हैं, distract हो कर की जाती कोई भी क्रिया भजनौपयिक नहीं होती. भक्ति भगवद्गुणाश्रित होती है. भगवान्में भक्तियोगके दृढ़ हो जानेपर अन्य

सभी पदार्थोंमें वैराग्यबुद्धि हो जाती है. इस प्रकार वैराग्य भक्तिजनित है, भक्ति वैराग्यजनित नहीं है.

उन सेवाकी सभी क्रियाओंका परिणाम भक्तिवृद्धिमें आता है. प्रारम्भिक क्रियाएं प्रेमात्मिका नहीं होती. किन्तु यदि उनकी सैद्धान्तिक integrity maintain की जाए तो वही क्रिया भक्तिमें culminate होती है. अतः तनुवित्तजासेवा प्रेमपूर्विका नहीं है पर सैद्धान्तिक मर्यादामें की जाए तो भक्तिमें परिणत होती है. अतः श्रीगुसांईजी आज्ञा करते हैं कि यद्यपि नवधाभक्ति भक्तिसाधक है किन्तु उनका अनुष्ठान यदि विभिन्न मनोभावोंसे किया जाए तो भक्तिसाधक नहीं भी रह जाती. उनके प्रकारोंका विवेचन करते हुए प्रभुचरण आज्ञा करते हैं -

पुरुषार्थपर्यवसायिनी बुद्धि होनेपर नवधाभक्ति रूपी भगवल्लीलागान एवं सेवा भी भक्तिसाधक नही रह जायेगी.

त्रिवर्गकामनासे नवधाभक्ति करनेपर भक्ति कर्ममार्गीया बन जाती है.

अर्थकामना सहित भक्ति करनेपर लौकिकी क्रिया हो जाती है.

वृत्तिके लिए भक्ति रूपी सर्वश्रेष्ठ साधनका दुरुपयोग करनेपर पापाचरण हो जाता है.

संन्यासाश्रमके अन्तर्गत नवधाभक्तिका अनुष्ठान ज्ञानमार्गीय हो जाता है.

मोक्षसाधक तन्त्रादि साधनोके अन्तर्गत की जाती नवधाभक्ति उपासनामार्गीय हो जाती है.

साम्प्रदायिक दीक्षाग्रहणपूर्वक की जाती नवधाभक्तिकी क्रिया 'प्रावाहिकी भक्ति' कहलाती है.

प्रेमकी सिद्धिहेतु की जाती भक्ति मर्यादाभक्ति है जिसे महाप्रभु मिश्रपुष्टिके अन्तर्गत वर्गीकृत करते हैं.

स्नेहोत्पत्त्यनन्तर स्वव्यसनके कारण की जाती भक्ति स्वतन्त्र पुरुषार्थरूपा है जो शुद्धपुष्टिभक्ति है.

उपरोक्त सभी प्रभेद प्रभुचरण भक्तिके साधक साधनोंके रूपमें होती भक्तिके बता रहे हैं, न कि माहात्म्यज्ञानपूर्वक होती सुदृढ़ सर्वतोधिक भक्तिके.

(द्र.आलेखपत्र अन्तर्गत संकलित सिद्धान्त बिंदु - क,ख,ग,घ/पृ.८५ से ८९)

उपरोक्त भक्तिके साधनोंका निरूपण महाप्रभुने जीवकी अवस्थाभेद एवं सामर्थ्यको देखते हुए किया है जो इतिकर्तव्यतया षोडशग्रन्थ एवं साधनप्रकरण में उपदिष्ट हैं. मुख्य साधनरूपा तनुवित्तजा सर्वसमर्पणात्मिका सेवा, अनुकल्पतया प्राप्त भागवत पठन, तीर्थाटन, तन्त्रोक्त पूजाप्रकारसे सम्मिलित होनेकी आज्ञा, कथापक्ष, स्वमार्गीय आत्मीय वैष्णवके साथ की जाती परिचर्या, गुरुसेवा आदि सभी साधनोंका अंगीकार मुख्य शुद्धपुष्टिभक्ति अन्तर्गत न करते हुए महाप्रभु, श्रीगोपीनाथजी एवं भक्तिहंस-भक्तिहेतुनिर्णय ग्रन्थद्वयमें प्रभुचरणोंने भी साधनरूपा मिश्रपुष्टिभक्तिके प्रकारोके अन्तर्गत ही किया है कि जिस अवस्थामें हम सभी अभी हैं. अतः भक्तिहंसनिरूपित शुद्धपुष्टिभक्तिका प्रकार भी स्वमार्गीय है, एवं उतनी उत्तम अवस्था तक न पहोंचे हुए हम सभी जीवोंके मिश्रपुष्टिके अन्तर्गत उपदिष्ट साधन भी अनुसरणीय ही हैं. इस प्रकार षोडशग्रन्थ साधनप्रकरण साधनदीपिका भक्तिहंस एवं भक्तिहेतुनिर्णय ग्रन्थ अन्तर्गत सभी साधन परस्पर सर्वथा संगत हैं, विसंगत कदापि नहीं.

"**माहात्म्यज्ञानपूर्वकः सुदृढः सर्वतोधिको स्नेहः**" (त.दी.नि.१।४२)को महाप्रभु भक्तिका लक्षण बता रहे हैं, एवं प्रभुचरण आज्ञा करते हैं कि भगवान् तन्त्र विधि एवं शास्त्र से अस्पृष्ट है. अतएव यह उपस्थित होता है कि भक्तिका लक्षण ही जब तन्त्रोक्त हो तब भक्तिके इस फॉर्मेट्में भगवान् रमण करते हैं या नहीं. महाप्रभुजी निबन्धमें भक्तिकी इस व्याख्याको वेदके साथ जोड़ रहे है. महाप्रभु आज्ञा करते हैं "...**तत्त्वमस्यादिकं तथा**" (त.दी.नि.१।४१) वेदवाक्य

आत्मस्वरूप बोधनार्थ है. एवं सृष्टिके स्वरूपका जो निरूपण वेदमें किया गया है वह भगवन्माहात्म्यज्ञानार्थ है. वेदके तैत्तिरीयोपनिषद्में ब्रह्मवल्ली एवं आनन्दवल्ली में दोनों ही पक्षोंका विस्तृत निरूपण किया गया है. **''सः अश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता इति...तस्माद् वा एतस्माद् वा आकाशः सम्भूतः...''** (तैत्ति.उप.२।१) आदि श्रुतिवचनोंमें ब्रह्ममेंसे अविकृत परिणामतया प्रकट होनेवाली सृष्टिका निरूपण किया गया है. ब्रह्ममेंसे होनेवाला सृष्टिका प्राकट्य इवॉल्युशन् (उत्क्रान्ति) न हो कर इन्वॉल्युशन् (अन्तःक्रान्ति) है क्योंकि ब्रह्म ही जगत्का उपादान एवं निमित्त कारण है.

एक शब्द म्यूटेशन् भी है परन्तु अपना कन्सॅप्ट् यह है कि जो नाम-रूप-कर्म ब्रह्ममें उपस्थित है उन्हें ही ब्रह्म प्रकट करता है. उन्ही तिरोहित गुणधर्मोंका क्रियान्वित होना आविर्भाव है और अक्रियान्वित होना तिरोभाव है. ब्रह्मके इन्वॉल्वमॅन्ट्को बताते हुए वेद पुनः कहते है कि **''अन्योऽन्तरः आत्मा प्राणमयः...''** (तैत्ति.उप.२।२) अर्थात् प्रकट होनेके बाद भी सृष्टिके विभागमें भगवान् अन्तःस्थित बिराजते हैं जिसके कारण ब्रह्ममें पुरुषरूपता आती है. **''पुरि शेते इति 'पुरुषः''** इस प्रकार ब्रह्म एवं परमात्मा दोनों ही पक्षोंका निरूपण उपनिषद् करता है.

भृगुवल्लीमें एक अन्यपक्ष प्रतिपादित हुआ है **''भृगुः वै वारुणिः, वरुणं पितरम् उपससार अधीः भगवो 'ब्रह्म'इति, तस्मा एतत् प्रोवाच, अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचम् इति, तं ह उवाच''** (तैत्ति.उप.३।१) भृगुने वरुणसे ब्रह्मके स्वरूपविषयक जिज्ञासा प्रकट की तब ब्रह्मके स्वरूपका निरूपण करते हुए उपनिषद् कहता है कि **''यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते...''** (तैत्ति.उप.३।१) जिससे ये सबकुछ प्रकट हुआ है, जिसमें यह सब स्थित है उसकी जिज्ञासा करो, वही ब्रह्म है. तदुपरान्त अन्न प्राणादि को ब्रह्मरूप बताये गये है. चक्षु क्षोत्र वाणी

आदि सब क्रमशः उत्पन्न होते हैं जिनका अंगीकार मनके अन्तर्गत किया गया है. अतः उन्हे भी ब्रह्मरूप बताते हुए उपनिषद् कहता है **''मनो 'ब्रह्म'इति व्यजानात्... विज्ञानं 'ब्रह्म'इति व्यजानात्''** (तैत्ति.उप.३।४-५) आधिभौतिक बाह्य आवरण अन्नका है, आध्यात्मिक आवरण भीतर मनका है एवं आधिदैविक इनरमोस्ट् सर्कल् विज्ञान एवं आनन्द का है. इस प्रकार भृगुवल्ली एवं ब्रह्मवल्ली में अविकृत परिणामवाद निरूपित हुआ है. उपादानमें कार्यके प्रकट होनेपर विकार आ सकता है परन्तु कर्तामें नहीं आता. अतः अविकृत होनेसे अभिन्ननिमित्तोपादान कारणता भी स्वतः निरूपित हुयी है.

ब्रह्मता = यतो वा इमानि भूतानि...

अन्नं प्राणं चक्षुः	**श्रोत्रं मनो**	**वाचम्**	**इति**
Imminent	Indirect	Verbal	
Emperical	Conceptual	Scriptural	
Percept	Concept	Metaphysical	
Physical	Psychological	**विज्ञान+आनंद**	
आधिभौतिक	**आध्यात्मिक**	**आधिदैविक**	

''यतो वा इमानि भूतानि...'' (तैत्ति.उप.३।१) उपनिषद्वाक्यमें अविकृतता और निमित्तता स्पष्ट है परन्तु ब्रह्मकी कर्तृता स्पष्ट नहीं हो रही है. अतः आलेखमें अभिन्नकर्त्रुपादानता कही गई है जिसका तात्पर्य है कि सृष्टिके प्रति कर्ता एवं उपादान भी एक ही है

जिसे उपनिषद् मकड़ीके उदाहरणसे समझाता है. **''यथा उर्णनाभिः सृजते गृह्णते च''** (मुण्डो.उप.१।७) ब्रह्मके कर्ता होनेके ज्ञानसे माहात्म्यज्ञान होता है एवम् आत्मत्वेन ब्रह्मको जाननेसे आत्मरति प्रकट होती है, जो मिल कर भक्तिके रूपमें परिणमित होते हैं. **''सुदृढसर्वतोधिको स्नेहस्तु आत्मत्वेन ज्ञाते भवति माहात्म्यज्ञानन्तु सृष्ट्यादिभिः''** (सुबो.१।१।१) वैदिक ज्ञानके गौण एवं मुख्य दो प्रकार हैं. भगवान्के कर्ता होनेका ज्ञान गौण है, और आत्मत्वेन ब्रह्मका ज्ञान मुख्य ज्ञान है. अतः आत्मत्वेन ब्रह्मको जान कर भक्त्याश्रयपूर्वक होनेवाली भक्तिसे भगवान् अस्पृष्ट नहीं है. इस प्रकार वेद तन्त्र पुराण गीता महाप्रभुजी श्रीगोपीनाथजी एवं प्रभुचरणों के वचनोंमें एकवाक्यता सिद्ध होती है. महाप्रभुने इस प्रकार **''एवं सर्वं ततः सर्वं सः इति ज्ञानयोगतः, यः सेवते हरिं प्रेम्णा श्रवणादिभिः उत्तमः, प्रेमाभावे मध्यमः स्याद्, ज्ञानाभावे तथा आदिमः, उभयोरप्य अभावेतु पापनाशः ततो भवेत्''** (त.दी.नि.१।१०१-१०२)में तन्त्रोक्त लक्षणको ही ब्रह्ममें समन्वित करते हुए पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेदमें प्रतिपादित उत्तम मध्यम एवं कनिष्ठ भक्तिके प्रकारोंको लक्षित किया है, भक्तिहंस प्रोक्त शुद्धपुष्टिभक्तिका नहीं.

(शाण्डिल्यनारदभक्तिसूत्रोक्त भक्तिलक्षण तथा भेदोपभेद)

भगवान्में होनेवाली परानुरक्ति 'भक्ति' कहलाती है. भगवान्के विषयमें ज्ञान प्राप्त करना भक्ति नहीं है अपितु प्रेमभक्ति है. जब विभाव अनुभाव संचारिभाव प्रकट होते हैं तब भक्ति रसताको प्राप्त करती है. भक्ति केवल भावरूपा होनेपर रसरूप नहीं होती. उसका जब अनुभाव प्रकट होता है तब वह रसरूपा होती है. संघातवादकी तरह सब मिल कर एक नया पक्ष प्रकट होता है. महाप्रभुजी आज्ञा करते हैं **''संहितैः उपचितैः अवयवैः गुप्तो अवयवी प्रकटी क्रियते''** (सुबो.२।१।२४) भगवान् बुद्ध संघातोंको विभक्त करते हुए शून्यको सिद्ध करते हैं जबकि महाप्रभु सभी पदार्थोंको संश्लिष्ट करते हुए ब्रह्मकी पूर्णताके प्राकट्यकोसिद्ध करते हैं.

जैसे ज्ञानको कृतिकी अपेक्षा नहीं होती उसी प्रकार शुद्धभक्तिको भी ज्ञान एवं क्रिया की अपेक्षा नहीं होती है. भक्ति प्रमेयरूपा है जिसमें प्रमाणरूप पुराण एवम् इतिहास है. कर्मज्ञानसे संयुक्ता भक्ति अन्यदेवपरक होनेसे गौण भक्ति होती है. जबकि शुद्धभक्ति कर्मज्ञानादिसे व्यतिरिक्त स्वतन्त्र भक्ति है. भक्तके द्वारा प्रारम्भिक अवस्थामें होनेवाली गौणभक्ति भी परन्तु मुख्या भक्तिके अंगरूपा स्वीकारी जा सकती है. नारदभक्तिसूत्रोक्त मुख्या भक्ति भी व्रजगोपांगनाओंकी ही बताई गई है. इस प्रकार नारदभक्तिसूत्र एवं महाप्रभु द्वारा उपदिष्ट सिद्धान्तोंमें एकवाक्यता एवं परस्परानुरूपता सिद्ध होती है. (द्र.आ.पत्र.पृ.सं.९४-९५)

(अन्यआचार्यों द्वारा विचारित भक्तिके स्वरूपका तुलनात्मक विमर्श)

१. श्रीशंकराचार्यजी : भगवद्भजनपरायण भक्त गीतोक्त प्रकारानुसार अर्थार्थी ज्ञानी आर्त एवं जिज्ञासु होते हैं. परन्तु श्रेष्ठ भक्ति तो ज्ञानी द्वारा की जानेवाली भक्ति है. परन्तु ज्ञानीभक्त एवं भजनीय आत्माका आराधनाकालमें संराध्यभाव एवं संराधकभाव के भिन्न होनेके कारण द्वैत हो जाता होनेसे अद्वैत खंडित हो जायेगा. श्रीशंकराचार्य कहते हैं कि द्वैत नहीं है क्योंकि एक भक्तिकी उपाधिसे भजनरत है, दूसरा भजनीयकी उपाधिसे भजनरत है. इतना ही भेद है अन्यथा तो अद्वैत ही है.

२. श्रीभास्कराचार्य : ब्रह्मको ग्रहण कर पाना असम्भव है क्योंकि ब्रह्म निर्गुण अव्यक्त निरुपाधिक है. परन्तु संराधना द्वारा ब्रह्म अवश्य ही दृश्य है. (संराधना=भक्ति) जो योगी इस प्रकार भगवान्को भजता है वही युक्ततम है.

३. श्रीरामानुजाचार्य : प्रिय ब्रह्मका अतिशय अनुध्यान जो व्यसनदशापन्न हो जाय जिसके द्वारा ब्रह्म गृहीत होता है वही भक्ति है. कमलनयन भगवान् ही सर्वतोधिक प्रिय हैं ऐसा अनुभाव ही भक्ति है.

४. श्रीअभिनवगुप्त : फलाभिलाषारहित भगवद्भजन करते भक्तको देख कर अभक्त जब यह प्रश्न उपस्थित करता है कि ऐसे भजनसे क्या लाभ? तब उसे देख कर भक्त उद्विग्न हो जाते है एवम् उस प्रश्नका उत्तर भी नहीं देते. यही महेश्वरके प्रति होती निरुपाधिक भक्ति है. महेश्वरकी यह शक्ति जिसमें अन्तःस्थित है, उसीके हृदयमें ऐसी भक्ति प्रकट होती है.

५. श्रीमध्वाचार्य : प्रत्येक कार्य भक्तिहेतु हैं एवं भक्ति मोक्षार्थ है. मुक्तोंके लिये भक्ति नित्यानन्दस्वरूपिणी है. अभेदके ज्ञानसे अप्रीति होती है एवं भेदज्ञानसे प्रेम.

